RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 33 ■ अंक 284 ■ मुंबई, मंगलवार 6 मई 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह



जाति जनगणना और राजनीति
पेज-4



मुफ्त राशन का दायरा बढ़ाएगी योगी सरकार
पेज-6



महिला शतरंज की टीम अब निर्णायक चरण में
पेज-9



पूजा हेगड़े के कैरियर पर लगा ग्रहण
पेज-10

## Short News एक नजर

### शमी को मिली जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को जान से



मारने की धमकी मिली है। सोमवार को शमी को एक ईमेल आया है, जिसमें उनसे एक करोड़ रुपये की मांग की है और पैसे नहीं देने पर जान से मारने की वॉर्निंग दी गई है। ईमेल में कहा गया है कि अगर उन्हें मांगी हुई राशि नहीं मिलती है तो शमी को मार दिया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबित शमी के भाई मोहम्मद हसीब ने ईमेल देखने के बाद अमरोहा के एसपी को इस बारे में सूचना दी है।

### मुंबई-गोवा राजमार्ग पर बस पलटने से तीन लोगों की मौत

**मुंबई।** मुंबई-गोवा राजमार्ग पर रविवार की रात बस पलटने से तीन लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक यात्री घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक दुर्घटना रायगढ़ जिले के पनवेल के पास कर्नाला घाट के संकरे और घुमावदार मोड़ पर रात करीब 11 बजे उस समय हुई,जब मुंबई से कोंकण जा रही निजी बस मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी और 30 से अधिक लोग घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही दमकल कर्मी और पुलिस मौके पर पहुंची। बस हादसे में फंसे यात्रियों को बचाया गया और घायलों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पनवेल में भर्ती कराया गया।

### SC ने निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ दायर रिट याचिका खारिज कर दी। याचिका में सुप्रीम कोर्ट और CJI संजीव खन्ना पर अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए दुबे पर अवमानना कार्यवाही की मांग की गई थी। CJI ने कहा- हमारे कंधे मजबूत हैं, हम याचिका पर विचार नहीं करना चाहते हैं। बेंच ने याचिकाकर्ता विशाल तिवारी की दलीलों पर कहा-हम फिलहाल कोई दलील या बहस नहीं सुनना चाहते, लेकिन हम एक शॉर्ट ऑर्डर पास करेंगे।

### भारत पर फिर साइबर हमले की कोशिश

**नई दिल्ली।** दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। इस बीच पाकिस्तान लगातार भारतीय संस्थानों को साइबर हमले का निशाना बनाने के लिए खुराफातों में जुटा है। इसी कड़ी में सोमवार को 'पाकिस्तान साइबर फोर्स' नाम के एक्स खाते ने दावा किया कि उसने भारतीय सैन्य इंजीनियरिंग सेवा और मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान (एमपी-आईडीएसए) से जुड़ा संवेदनशील डाटा चुरा लिया है।

### जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ जांच समिति ने सौंपी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के जज रहे जस्टिस यशवंत वर्मा के घर करोड़ों की अधजली नकदी मिलने के मामले में देश के मुख्य न्यायाधीश (CJI) जस्टिस संजीव खन्ना ने पिछले महीने यानी मार्च में तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। इस समिति ने अपनी जांच रिपोर्ट उन्हें सौंप दी है। अब सीजेआई के अगले कदम का इंतजार हो रहा है क्योंकि वह 13 मई को रिटायर होने जा रहे हैं। इस समिति में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस जी.एस. संधावालिया और कर्नाटक हाई कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस अनु शिवरामन शामिल थे।


# 12वीं का रिजल्ट जारी : लड़कियों ने फिर बाजी मारी

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**


महाराष्ट्र राज्य उच्च माध्यमिक शिक्षा मंडल पुणे (महाराष्ट्र बोर्ड) की तरफ से ली गई कक्षा 12वीं (एचएससी) का परीक्षा का परिणाम सोमवार दोपहर 1 बजे ऑनलाइन घोषित किया गया। 12वीं का रिजल्ट 91.88 प्रतिशत रहा, जो पिछले साल 2024 की तुलना में 1.49 प्रतिशत कम रहा। पिछले साल की तरह इस साल भी लड़कियों ने बाजी मारी। लड़कियों का कुल परीक्षा परिणाम 94.58% रहा, जबकि लड़कों का कुल परीक्षा परिणाम 89.51% प्रतिशत रहा। इसका मतलब यह है कि लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत लड़कों की तुलना में 5.07 प्रतिशत अधिक रहा। पिछले साल की तरह कोकण डिवीजन 96.74% के साथ टॉप पर रहा, जबकि लातूर डिवीजन 89.46% रिजल्ट के साथ सबसे पीछे रहा। मुंबई डिवीजन ने इस बार स्थिति में सुधार किया। पिछले साल मुंबई डिवीजन का परीक्षा परिणाम सबसे पीछे 91.95% रहा था। इस साल मुंबई डिवीजन 92.93% रिजल्ट के साथ तीसरे पायदान पर रहा।

महाराष्ट्र बोर्ड की कक्षा 12वीं की परीक्षा का आयोजन 11 फरवरी से 18 मार्च के बीच 9 विभागीय मंडल मुंबई, पुणे, नागपुर, संभाजीनगर, कोल्हापुर, अमरावती, नासिक, लातूर, कोकण में किया गया था। परीक्षा के लिए विज्ञान, कला, वाणिज्य और व्यवसाय पाठ्यक्रमों और आईटीआई शाखाओं के लिए कुल 14,27,085 नियमित छात्रों ने पंजीकरण कराया था। इनमें से 14,97,969 छात्र परीक्षा में बैठे थे, इनमें से 13,02,873 छात्र उत्तीर्ण हुए। इस बार पास प्रतिशत 91.88 है। सभी विभागीय बोर्ड में कोकण डिवीजन का परिणाम सबसे अधिक 96.74 प्रतिशत रहा। कोकण के बाद कोल्हापुर 93.64% दूसरे स्थान पर रहा। इसके बाद मुंबई डिवीजन 92.93%, छत्रपति संभाजीनगर 92.24%, अमरावती 91.43%, पुणे 91.32%, नाशिक 91.31%, नागपुर 90.52% और लातूर डिवीजन का परीक्षा परिणाम 89.46% रहा।



## शिक्षा मंत्री ने दी सफल छात्रों को बधाई

सभी डिवीजन में 6,76,972 लड़के और 6,25,901 लड़कियां उत्तीर्ण हुई हैं। नियमित लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 89.51 प्रतिशत तथा लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 94.58 प्रतिशत है। इसका मतलब यह है कि लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत लड़कों की तुलना में 5.07 प्रतिशत अधिक है। उत्तीर्ण विद्यार्थियों में से 1,49,932 मेरिट के साथ प्रथम श्रेणी, 4,07,438 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 5,80,902 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में तथा 1,64,601 विद्यार्थी उत्तीर्ण श्रेणी में पास हुए। राज्य के स्कूली शिक्षा मंत्री दादा भुसे ने 12वीं की परीक्षा में सफल हुए सभी छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी है।



### शाखावार उत्तीर्ण छात्र

विज्ञान 97.35%, कला 80.52%, वाणिज्य 92.68%, व्यावसायिक पाठ्यक्रम 83.26% और आईटीआई 82.03%

### विभागवार परीक्षा परिणाम

कोकण: 96.74%, कोल्हापुर: 93.64%, मुंबई 92.93%, छत्रपति संभाजीनगर 92.24%, अमरावती 91.43%, पुणे 91.32%, नाशिक 91.31%, नागपुर 90.52%, लातूर 89.46%

# भारत को रूस ने दिया फुल सपोर्ट

## पुतिन ने भारत आने का PM मोदी का न्योता किया स्वीकार



**महानगर नेटवर्क**

**मास्को**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन करके पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। राष्ट्रपति पुतिन ने इस हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों की मौत पर संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में रूस का पूरा समर्थन है। इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इस कायरतापूर्ण हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दोनों नेताओं के बीच हुई इस बातचीत के बारे में सोशल मीडिया पर किए एक पोस्ट में लिखा, 'राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी को फोन करके पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने निर्दोष लोगों की मौत पर अपनी संवेदना व्यक्त की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही।'

### पाक का समर्थन करेगा चीन!

यह खबर आने के बाद चीनी राजदूत जियांग जैदोंग ने भी सोमवार को पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से मुलाकात की और कहा कि उनका देश चीन दक्षिण एशिया में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए पाकिस्तान का हमेशा समर्थन करेगा। सरकारी 'रेडियो पाकिस्तान' की रिपोर्ट के मुताबिक, जैदोंग ने राष्ट्रपति जरदारी से मुलाकात की और पाकिस्तान एवं भारत के बीच तनाव सहित विभिन्न मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

# राज्यों को मॉक ड्रिल का निर्देश

## देशभर में 7 मई को बजेंगे हवाई हमले की चेतावनी वाले सायरन

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

भारत-पाक तनाव के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय (MHA) ने बड़ा कदम उठाते हुए कई राज्यों को मॉकड्रिल करने के निर्देश दिए हैं। MHA से जारी किए गए निर्देश में कहा गया है कि राज्य 7 मई को सुचारू तरीके से नागरिक सुरक्षा को सुनिश्चित कराने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन करेंगे। केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए इस आदेश का समय काफी अहम है क्योंकि ये आदेश ऐसे समय में जारी किया गया है, जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव अपने चरम पर है और कभी भी जंग छिड़ने जैसा माहौल है। देश में पिछली बार ऐसी मॉक ड्रिल 1971 में हुई थी। तब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ था। यह मॉक ड्रिल युद्ध के दौरान हुई थी।

हालांकि रविवार-सोमवार रात पंजाब के फिरोजपुर छावनी में ब्लैकआउट प्रैक्टिस की गई। इस दौरान गांवों और मोहल्लों में रात 9 बजे से 9:30 बजे तक बिजली बंद रही। मॉक ड्रिल यानी एक तरह की 'प्रैक्टिस' जिसमें हम यह देखते हैं कि अगर कोई इमरजेंसी (जैसे एयर स्ट्राइक या बम हमला) हो जाए, तो आम लोग और प्रशासन कैसे और कितनी जल्दी रिएक्ट करता है। मॉक ड्रिल के दौरान खासकर युवाओं को सुरक्षा संबंधी ट्रेनिंग दी जायेगी।



### पीएम मोदी और अजीत डोभाल की अहम बैठक

सोमवार को पीएम मोदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के साथ एक अहम बैठक की। इस बैठक के तुरंत बाद पीएम ने गृह सचिव गोविंद मोहन से भी मुलाकात की। पीएम मोदी के इस तेज एक्शन से लग रहा है कि कुछ बड़ा करने की बड़ी तैयारी चल रही है। इन्हीं तैयारियों को देखकर पाकिस्तान की नींद हराम है और वह दुनिया भर में घूम-घूम कर खुद को भारत से बचाने की गुहार लगा रहा है लेकिन पाकिस्तान को भारत से बचाने की गारंटी दुनिया का कोई देश नहीं ले रहा है।

### केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा राज्यों को भेजे गए निर्देश में निम्नलिखित मॉक ड्रिल करने के निर्देश दिए गए हैं

1. हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन का संचालन करना।
2. शत्रुतापूर्ण हमले की स्थिति में खुद को बचाने के लिए नागरिक सुरक्षा पहलुओं पर नागरिकों, छात्रों आदि को प्रशिक्षण देना।
3. हमले की स्थिति में कैसे बचें? उसके उपायों के बारे में लोगों को बताना और प्रशिक्षण देना।
4. महत्वपूर्ण संयंत्रों/प्रतिष्ठानों को युद्ध के समय में हमले से पहले बचाने और संरक्षित करने की कोशिश करना।
5. निकासी योजना का अद्यतनीकरण और उसका पूर्वाभ्यास करना।

# पाक पर होगा आर्थिक प्रहार

## वित्तमंत्री ने एशियन बैंक से पाकिस्तान की मदद रोकने को कहा





**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय फंडिंग कम करवाने की रणनीति बना रहा है। इसके लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एशियन डेवलपमेंट बैंक (ADB) के प्रमुख से मुलाकात की है। निर्मला सीतारमण ने ADB के डायरेक्टर मसाटो कांडा से मुलाकात कर पाकिस्तान को मिलने वाली आर्थिक मदद घटाने की मांग की है। इसके साथ ही निर्मला ने इटली के वित्त मंत्री जियानकार्लो जियोर्जेटी से मिलकर पाकिस्तान के फंड रोकने की बात की है।

### पाकिस्तान को FATF ग्रे लिस्ट में भेजने की रणनीति बना रहा भारत

पाकिस्तान को फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (FATF) की ग्रे लिस्ट में भेजने के लिए भारत यूरोपीय देशों के साथ मुलाकात कर रहा है। भारत का आरोप है कि पाकिस्तान को मिलने वाला पैसा आतंकवाद में इस्तेमाल हो रहा है। इससे पहले भारत पाक के साथ व्यापार रोकने, एयरोस्पेस बैन करने, वीजा निलंबित करने और सिंधु जल समझौता रद्द करने जैसे कड़े फैसले ले चुका है।

# वक्फ कानून पर अब 15 मई को सुनवाई

## केंद्र का हलफनामा- 12 साल में वक्फ संपत्ति 20 लाख एकड़ बढ़ी; याचिकाकर्ता ने गलत बताया था

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन कानून की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई की। सीजेआई संजीव खन्ना ने सुनवाई टालते हुए कहा कि इस मामले पर अंतरिम आदेश पारित करने से पहले लंबी सुनवाई की जरूरत है।

कोर्ट ने मामले की सुनवाई अगली तारीख तक के लिए टाल दी। सीजेआई खन्ना 13 मई को रिटायर हो रहे हैं। ऐसे में अगले सीजेआई बीआर गवई इस मामले में सुनवाई करेंगे।

जस्टिस बीआर गवई 14 मई से सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस पद की शपथ लेंगे। अब इस मामले की सुनवाई 15 मई को होगी।





केंद्र ने 25 अप्रैल को दायर हलफनामे में कहा कि कानून पूरी तरह संवैधानिक है। यह संसद से पास हुआ है, इसलिए इस पर रोक नहीं लगाई जानी चाहिए।

1332 पन्नों के हलफनामे में सरकार ने दावा किया कि 2013 के बाद से वक्फ संपत्तियों में 20 लाख एकड़ से ज्यादा का इजाफा हुआ। इस वजह से कई बार निजी और सरकारी जमीनों पर विवाद हुआ। वहीं, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (AIMPLB) ने सरकार के आंकड़ों को गलत बताया और कोर्ट से झूठा हलफनामा देने वाले वाले अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की।

नए वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 70 से ज्यादा याचिकाएं दायर हुई हैं, लेकिन कोर्ट सिर्फ पांच मुख्य याचिकाओं पर ही सुनवाई करेगा। इसमें AIMIM सांसद असदुद्दीन ओवैसी की याचिका शामिल है।

# शहीद अग्निवीरों के परिवार को मिलेगी 1 करोड़ की मदद

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में हुई हरियाणा सरकार की कैबिनेट मीटिंग में कई अहम फैसले लिए गए। बैठक में 24 एजेंडों पर चर्चा हुई, 22 को पास किया गया और एक विशेष एजेंडा रखा गया। शहीद अग्निवीरों के परिवार को 1 करोड़ की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की गई है। इनके लिए नौकरी में भी आरक्षण दिया गया है। कॉन्स्टेबल भर्ती में 20 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा, जो पहले 10 प्रतिशत था। वहीं, 2019 में हुए पुलवामा अटैक में देश की रक्षा के लिए अपना बलिदान देने वाले शहीद नायक संदीप की पत्नी को फरीदाबाद के अटाली में 200 गज का आवासीय प्लॉट दिया जाएगा।



इसके अलावा कैबिनेट मीटिंग में कहा गया कि पंजाब द्वारा हरियाणा के पीने के पानी को रोकने संबंधी विधानसभा में पास किया गया प्रस्ताव असंवैधानिक और भारत के संघीय ढांचे के खिलाफ है। इसलिए आज पंजाब विधानसभा में पानी के मुद्दे को लेकर जो प्रस्ताव पास हुआ है, हरियाणा का मंत्रिमंडल ने उस प्रस्ताव की निंदा की।

# भारत से पंगा लेकर बर्बाद हो जाओगे पाकिस्तान

## पाई-पाई का होगा मोहताज | मूडीज की चौंकाने वाली रिपोर्ट

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। भारत का शीर्ष नेतृत्व विगत दस दिनों में कई बार इस कायराना हमले को अंजाम देने वालों और उन्हें पनाह देने वालों को सबक सिखाने की चेतावनी दे चुका है। पाकिस्तान में हड़कंप मचा हुआ है। ऐसे में अगर यह तनाव यूं ही जारी रहता है या यह युद्ध में तब्दील हो जाता है तो इसका पाकिस्तान की इकोनॉमी पर बहुत ही ज्यादा असर होगा। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था भारत से ज्यादा प्रभावित होगी। यह बात प्रसिद्ध रेटिंग एजेंसी मूडीज ने सोमवार को जारी अपनी एक रिपोर्ट में कही है।



### पाकिस्तान को होगा आर्थिक नुकसान

रिपोर्ट में कहा गया है कि लंबे अरसे तक काफी बुरी स्थिति से गुजर रहे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था में अब सुधार के लक्षण दिखाई दे रहे थे। लेकिन मौजूदा तनावपूर्ण स्थिति उसकी विकास दर को भी प्रभावित कर सकती है और राजकोषीय संतुलन स्थापित करने की पाकिस्तान सरकार की नीतियों को भी धत्ता बता सकती है।

# राहुल की नागरिकता का केस बंद

## केंद्र बोला- संबंधित देश नहीं दे रहा जवाब



**महानगर नेटवर्क**

**लखनऊ**

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राहुल गांधी को ब्रिटिश नागरिक बताने वाले केस को बंद कर दिया है। कोर्ट ने कहा- राहुल की नागरिकता की रिपोर्ट केंद्र सरकार पेश नहीं कर पाई।

कोर्ट ने कहा- केवल रिपोर्ट के इंतजार में याचिका को लंबित नहीं रखा जा सकता। जब भी रिपोर्ट केंद्र सरकार को प्राप्त होती है, तो याचिकाकर्ता को उसकी एक प्रति उपलब्ध कराएं और उसे कोर्ट में भी प्रस्तुत करें।

केंद्र सरकार के वकील ने कहा कि यह मामला दो देशों के बीच की संवेदनशील जानकारी से जुड़ा है। संबंधित देश को कई रिमाइंडर भेजे जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं मिला है, इसलिए कुछ और समय दिया जाए।

कोर्ट ने कहा कि फिलहाल इस याचिका की सुनवाई पूरी की जा रही है। याचिकाकर्ता को यह स्वतंत्रता है कि वह नागरिकता से संबंधित किसी भी अन्य फोरम या कोर्ट में याचिका दाखिल कर सकता है।

# घुसपैठ की कोशिश में पाकिस्तानी गिरफ्तार

**महानगर नेटवर्क**

**चंडीगढ़**

भारत-पाकिस्तान सीमा पर एक बार फिर तनाव अपने चरम पर है। पंजाब के गुरदासपुर जिले में सीमा सुरक्षा बल (BSF) ने एक पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार किया है, जो संदिग्ध परिस्थितियों में भारत में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान मुहम्मद हुसैन के रूप में हुई है। सुरक्षा एजेंसियों ने उसके पास से पाकिस्तानी मुद्रा और एक राष्ट्रीय पहचान पत्र भी बरामद किया है। मुहम्मद हुसैन को पूछताछ के लिए पंजाब पुलिस को सौंप दिया गया है और वह फिलहाल हिरासत में है। इस गिरफ्तारी ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता और अधिक बढ़ा दी है, क्योंकि यह घटना उस समय सामने आई है जब पूरे देश में पहलगाम आतंकी हमले के बाद तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है।





इतना ही नहीं, कुछ दिन पहले राजस्थान में एक पाकिस्तानी रेंजर को भी भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह रेंजर जासूसी या किसी खुफिया मिशन के तहत भारतीय सीमा में दाखिल हुआ था।

## बोरीवली में सड़क हादसा एक युवक की मौत

**मुंबई।** बोरीवली पूर्व इलाके में एक सड़क दुर्घटना में 23 वर्षीय युवक की जान चली गई। इस हादसे में मालाड में टैटू पार्लर में मैनेजर के रूप में काम करने वाला अक्षत रणजीत सिंह बिष्ट वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर स्थित एम के बेकरी के पास से गुजर रहा था। उसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक को पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने तुरंत अक्षत को बाबासाहेब आंबेडकर अस्पताल पहुंचाया,जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, अक्षत मालाड पूर्व स्थित अपने ऑफिस से घर लौट रहा था। इस मामले की सूचना मिलने पर कस्तूरबा मार्ग पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# मुंबईकरों के लिए खुशखबर

## इस साल नहीं होगी पानी कटौती

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

पानी की आपूर्ति करने वाले जलाशयों में बढ़ते तापमान और उसके कारण हुए वाष्पीकरण की वजह से पानी का स्तर घटा है। इसके बावजूद तालाबों में अभी जमा शेष पानी और राज्य सरकार से मिला अतिरिक्त कोटे का पानी से मुंबई में 31 जुलाई तक पानी सप्लाई किया जा सकता है। मनपा प्रशासन ने कहा है कि मुंबईकरों को मिलने वाली पानी की आपूर्ति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और किसी तरह की पानी कटौती नहीं की जाएगी। मनपा प्रशासन ने जानकारी दी कि इस साल मौसम विभाग ने समय से पहले मानसून आने की संभावना जताई है। मौसम विभाग की माने तो इस साल मानसून 6 जून तक मुंबई आ सकता है। मुंबई शहर को जलापूर्ति करने वाले सभी सात तालाब में 22 . 66 प्रतिशत पानी शेष बचा हुआ है। राज्य सरकार ने भी अपने अतिरिक्त कोटे का पानी देने की मंजूरी दे दी है। वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए 31 जुलाई तक पानी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की गई है और पानी कटौती की कोई योजना नहीं है। मौसम विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर वर्षा के पूर्वानुमान के अनुसार आगे के निर्णय लिए जाएंगे। मनपा अतिरिक्त आयुक्त अभिजीत बांगर के साथ सोमवार को मनपा के जल विभाग के अधिकारियों की साथ हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 31 जुलाई तक मुंबई के लिए पानी का नियोजन किया गया है और वर्तमान में पानी कटौती की कोई आवश्यकता नहीं है। तालाबों में उपलब्ध जलस्तर पर मनपा प्रशासन लगातार नजर बनाए हुए है। साथ ही मौसम विभाग के साथ मिलकर वर्षा की स्थिति का ध्यान रखते हुए आगे की योजना बनाई जाएगी।



**सात तालाब में जमा पानी की स्थिति इस प्रकार है**

| साल | कुल पानी | एमएलडी | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 2025 | 328042 | 22 | 66 |
| 2024 | 253891 | 17 | 54 |
| 2023 | 333022 | 23 | 01 |

# भाड़ा नकारने वाले ऑटो और टैक्सी चालकों पर एक्शन




**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

मुंबई शहर में रिक्शा और टैक्सी चालकों की मनमानी के खिलाफ नागरिकों से लगातार मिल रही शिकायतों के बाद, मुंबई ट्रैफिक नियंत्रण शाखा द्वारा 18 अप्रैल से 2 मई तक विशेष मुहिम चलाई गई। इस मुहिम के अंतर्गत रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजार क्षेत्रों और अन्य प्रमुख स्थानों पर नियमों का उल्लंघन करने वाले रिक्शा व टैक्सी चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई।

इस विशेष मुहिम के दौरान कुल 48,417 ई-चालान जारी किए गए। इनमें सबसे अधिक 28,814 चालान किराया भाड़ा न लेने पर, 6,268 अधिक यात्रियों को बैठाने पर, 1,164 बिना यूनिफॉर्म के चलने पर और 12,171 अन्य नियम उल्लंघनों के लिए किए गए। इन सभी चालानों के से अब तक 40,25,356 रुपए की बकाया राशि वसूल की जा चुकी है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भाड़ा न बैठाने वाले 28,814 रिक्षा/टैक्सी चालकों के लाइसेंस निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ट्रैफिक विभाग के अधिकारियों के अनुसार,इस प्रकार की कार्रवाई से न केवल नियमों का पालन सुनिश्चित होगा,बल्कि यात्रियों को बेहतर सेवाएं भी मिलेंगी। नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे ऐसे मामलों की शिकायत मुंबई ट्रैफिक पुलिस के ऑनलाइन पोर्टल या हेल्पलाइन पर दर्ज करें, जिससे दोषियों के खिलाफ समय रहते सख्त कार्रवाई की जा सके। यह मुहिम आम नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखकर की गई है, और भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यवाही जारी रहने की संभावना है।

# नाना चौक के लिबाश शो रुम में आग

## तीन करोड़ का सामान जलकर स्वाहा



**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

नाना चौक स्थित सुख शांति बिल्डिंग में सोमवार की सुबह आग लगने की घटना घटी। आग की घटना के बाद धुंआ पूरे इमारत में भर गया। फायर जवानों ने तत्परता दिखाते हुए इमारत की पहली मंजिल पर फसे चार महिला सहित चार पुरुष को बचाया। आग को फैलता देख आग को दो नम्बर की आग घोषित करनी पड़ी थी। मिली जानकारी के अनुसार नाना चौक पेडर रोड स्थित सुख शांति बिल्डिंग में सोमवार की सुबह 07:40 पर आग लगने की घटना घटी। आग इमारत के ताल मंजिला पर लिबास के शोरूम में लगी। यह शो रूम दुकान नंबर 2 और 3 में था। आग इलेक्ट्रिक और कपड़े के सामान में लगने के कारण तेजी से फैली और आग का धुआं पूरी इमारत में फैल गया। मुंबई फायर ब्रिगेड की टीमों के साथ बेस्ट, पुलिस और एम्बुलेंस जैसी एजेंसियां घटना स्थल पर तैनात की गई। आग बुझने के लिए 6 फायर इंजन और 8 जेटी का टैंकर का उपयोग किया गया। इसी के साथ आग में फंसे तीन कुत्तों और दो बिल्लियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। आग पर 8 बजकर 10 मिनट पर काबू पाया गया। और देर शाम तक आग पर कूलिंग करने का काम जारी था। इस बीच लिबास शो रूम के मालिक ने बताया कि उनका लगभग 3 करोड़ का कपड़ा जलकर खाक हो गया। आग से कोई हताहत तो नहीं हुआ, लेकिन आग की घटना से संपत्ति का बड़ा नुकसान हुआ।

# 24 घंटे में तीन मासूमों का अपहरण

**महानगर संवाददाता**

**भिवंडी**

भिवंडी शहर में एक ही दिन में तीन नाबालिग बच्चों के अपहरण की घटनाओं ने स्थानीय लोगों और पुलिस प्रशासन को चिंता में डाल दिया है। ये घटनाएं 3 और 4 मई को शहर के विभिन्न इलाकों से सामने आई हैं, जहां तीन अलग-अलग नाबालिग लड़के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गएे। जिसमें एक नाबालिग लड़की का भी समावेश है। पुलिस के मुताबिक पहली घटना शांतिनगर पुलिस थाना क्षेत्र के नांगाव की है, जहां 17 वर्षीय लड़का संदिप राजकुमार भारतीय भोर दो बजे अचानक लापता हो गया। अपहृत की मॉ गुडिया देवी राजकुमार भारतीय ने इसकी शिकायत शांतिनगर पुलिस थाना में दर्ज कराया है। परिजनों के अनुसार, वह घर से काम के लिए निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। दूसरी

## अपहरण की वारदातों से लोग सहमे



घटना भी शांतिनगर थाना क्षेत्र में दर्ज की गई है। यहां 5 मई सुबह 7 बजे को सहयोग नगर से 13 वर्षीय लडकी नाजिया इम्रान अंसारी घर से किराने का सामान लाने गई थी। इस दरमियान अचानक गायब हो गई। परिजन जब ढूंढने निकले तो उसका कहीं कोई पता नहीं चला। पुलिस को संदेह है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया। अपहृत की मॉ तबस्सुम इम्रान अंसारी ने इसकी शिकायत शांतिनगर पुलिस थाना में दर्ज कराया है। तीसरी वारदात भिवंडी शहर थाना क्षेत्र में घटी, जहां 14 वर्ष आवेश समद अंसारी 3 मई सुबह 11 बजे घर के पास से ही लापता हो गया। माता-पिता का आरोप है कि वह खेलते-खेलते अचानक नजरों से ओझल हो गया और तब से उसका कुछ पता नहीं चल रहा है। पुलिस ने अपहरण की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। तीनों मामलों में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। बच्चों की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की गई है, साथ ही आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे है। लगातार हो रही अपहरण की घटनाओं से भिवंडी के नागरिकों में भय और आक्रोश का माहौल है। परिजन प्रशासन से जल्द से जल्द बच्चों को सकुशल ढूंढने की मांग कर रहे हैं।

# 'हाउस अरेस्ट' विवाद में पुलिस का एक्शन

## एजाज खान और उल्लू ऐप के मालिक को किया तलब



**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

उल्लू ऐप के हाउस अरेस्ट विवाद में नया अपडेट आया है। सोमवार को मुंबई की अंबोली पुलिस ने शो के होस्ट एजाज खान और उल्लू ऐप के मालिक विभु अग्रवाल को समन भेजा है। पुलिस ने दोनों को जांच अधिकारी के सामने पेश होने और अपना बयान दर्ज कराने के लिए समन भेजा है। आपको बता दें कि इस शो पर अश्लील सामग्री प्रसारित करने का आरोप है, जिसके बाद अंबोली पुलिस ने एक वीएचपी कार्यकर्ता की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस ने इस मामले में उल्लू ऐप के मैनेजर का बयान दर्ज किया है।

### एजाज पर लगा ये आरोप

शिकायत के अनुसार, एजाज खान ने अभिनेत्री से हाउस अरेस्ट शो की मेजबानी करने के लिए संपर्क किया था। शूटिंग के दौरान एजाज खान ने कथित तौर पर उन्हें प्रपोज किया और धर्म परिवर्तन के बाद शादी का वादा किया। पीड़िता ने दावा किया है कि उसके मना करने के बावजूद एजाज ने उसका यौन शोषण किया है। बता दें, एजाज खान पहले से शादीशुदा हैं और हाल ही में उनकी पत्नी जेल की हवा खाने के बाद लौटी हैं। 6 महीने तक वो जेल में ही थीं।

### एजाज खान के खिलाफ पुलिस केस दर्ज

अभिनेता एजाज खान के खिलाफ रविवार को एक महिला द्वारा फिल्म इंडस्ट्री में प्रवेश दिलाने के बहाने बलात्कार करने का आरोप लगाने के बाद मामला दर्ज किया गया था। अभिनेता के लिए मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं क्योंकि वह पहले से ही अपने वेब शो हाउस अरेस्ट को लेकर विवादों में घिरे हुए हैं, जिसके कारण कथित तौर पर अश्लीलता को बढ़ावा देने के लिए एफआईआर हुई थी। जानकारी के अनुसार, एक महिला अभिनेता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद मुंबई के चारकोप पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज किया गया है।

# मुंबई में एक बार फिर झलका पाकिस्तान के प्रति प्रेम

## मुस्लिम महिला पाक झंडे को लेकर लोगों से भिड़ी

**मुंबई।** इन दिनों देश में जहां पहलगाम हमले को लेकर आक्रोश देखने को मिल रहा है, वहीं पाकिस्तान के प्रति कुछ मुस्लिमों का प्रेम भी साफ नजर आ रहा है। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में इसका एक नजारा भी बीते दिन सामने आया, जहां कुछ लोगों ने विले पारले स्टेशन के बाहर सीढ़ियों पर पाकिस्तान का झंडा लगा दिया था, इसके बाद वहां से गुजर रही



एक मुस्लिम महिला ने इसका कड़ा विरोध दर्ज किया और झंडे के पर्चे को सीढ़ियों पर से खुद हटाने लगी।

### रिक्शेवालों ने चिपकाया था पाकिस्तान का झंडा

दरअसल यह घटना मुंबई के विले पारले स्टेशन के बाहर की है। विले पारले स्टेशन के बाहर कुछ रिक्शा चालकों ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान के नापाक हरकत का विरोध करते हुए सीढ़ियों पर पाकिस्तानी झंडा लगा दिया। इसके बाद वहां से गुजर रही एक महिला और उसके बेटे ने इसे लेकर बवाल शुरू कर दिया और उन झंडों को निकलना शुरू कर दिया। जब वहां मौजूद लोगों ने इसका विरोध किया तो महिला उनसे ही बहस करने लगी कि पाकिस्तान के झंडे को आप लोगों ने नीचे क्यों लगाया है? अब मैं तो इसे निकलूंगी।

### महिला ने लोगों को दी धमकी

वहीं,महिला यही नहीं रुकी उसने वहां लोगों को पुलिस की भी धमकी दी। महिला ने कहा यदि किसी ने मुझे रोकने की कोशिश कि तो मैं उसके खिलाफ पुलिस कंप्लेंट करूंगी। स्थानीय लोगों के मुताबिक, घटना के बाद में प्रशासन और पुलिस ने उन झंडों को वहां से खुद ही निकलवा दिया। वीडियो में दिख रही महिला महिला कहां रहती है और कहां से आई थी इस बारे में किसी को कुछ नहीं मालूम। वहां के लोगों के मुताबिक, महिला स्टेशन पर किसी दूसरे जगह से आई हुई थी। हालांकि पुलिस ने अभी तक इस मामले को लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## हत्या का फरार आरोपी पंजाब से गिरफ्तार

**मीरारोड।** इस साल के शुरुआत में ही मीरारोड में हुई एक हत्या के फरार आरोपी को पंजाब के भटिंडा से गिरफ्तार किया गया है। इस साल 3 जनवरी को मोहम्मद शम्स तबरेज उर्फ सोनू मीरारोड स्टेशन के पास अपनी दुकान के बाहर बैठा था उस वक्त उसकी सिर में गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। इस हत्या के बाद शहर में भय का माहौल उत्पन्न हो गया था। यह हत्या शेफ अली मन्सूर अली खान,मोहम्मद युसुफ मन्सूर अली आलम एवं तब्बसुन परवीन मोहम्मद इस्तेकार के कहने पर की गयी थी । हत्या के बाद हत्या का मुख्य आरोपी सचिन कुमार साहू उर्फ राठोड फरार होने में कामयाब हो गया था।

# तेज रफ्तार कार ने कई वाहनों को मारी टक्कर

## सीसीटीवी के माध्यम से पुलिस की जांच जारी

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

मुलुंड इलाके में रविवार रात एक हाई-स्पीड कार हादसे ने सनसनी मचा दी। 26 वर्षीय करण मोहिते नामक युवक ने तेज रफ्तार कार से छह से सात वाहनों को टक्कर मार दी। घटना के बाद आरोपी कार चालक को पुलिस ने पीछा कर विक्रोली के पास गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना रविवार रात करीब 8 बजे मुलुंड के वैशाली नगर इलाके में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, करण मोहिते की कार पहले एक लोहे के खंभे से टकराई,जो पुलिस चौकी के पास स्थित था। जोरदार आवाज सुनकर वहां मौजूद पुलिसकर्मी तुरंत बाहर आए और चालक को रुकने का इशारा किया। हालांकि, आरोपी ने रुकने के बजाय कार की गति और बढ़ा दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने तुरंत पीछा शुरू किया। भागने की कोशिश में चालक ने और भी कई वाहनों को टक्कर मार दी और ईस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे की ओर भाग गया।

# ट्रेन में महिला यात्री के साथ मारपीट

### महिला समेत दो गिरफ्तार

**पालघर।** पालघर के पास राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने एक एक्सप्रेस ट्रेन में एक महिला सह-यात्री के साथ कथित तौर पर मारपीट करने को लेकर एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता का यह आरोप भी है कि हमले के दौरान उसके साथ छेड़खानी की गयी। जीआरपी की वसाई इकाई के सहायक पुलिस आयुक्त ध्यानेश्वर गनोरे ने बताया कि यह कथित घटना शनिवार को अवंतिका एक्सप्रेस के सामान्य डिब्बे में हुई। सहायक पुलिस आयुक्त का कहना है कि भीड़भाड़ के बीच शिकायतकर्ता की एक महिला यात्री से बहस हो गई, जिसने कथित तौर पर उस पर ब्लेड से हमला कर दिया। शीघ्र ही एक अन्य व्यक्ति ने इस कथित हमलावर का साथ दिया। गनोरे ने बताया कि महिला यात्री की शिकायत पर पुलिस हकरत में आयी और उसने आरोपी पुरूष एवं महिला को गिरफ्तार किया ।

# 3 लाख की जाली करेंसी के साथ तीन गिरफ्तार




**महानगर संवाददाता**

**भिवंडी**

भिवंडी शहर में नकली नोटों के गिरोह का पर्दाफाश करते हुए भिवंडी क्राइम ब्रांच पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 3 लाख के जाली भारतीय नोट बरामद किए गए हैं। ये नोट 500-500 रुपये की कुल 60 गड्डियों में पाए गए। इससे पहले भी इस क्षेत्र में नकली नोटों की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे यह संदेह गहराता जा रहा है कि इलाके में नकली करेंसी का बड़ा नेटवर्क सक्रिय है। पुलिस के मुताबिक भिवंडी क्राइम ब्रांच पुलिस ने अवचित पाडा के एक कैफे पर रात 9 बजे कार्रवाई करते हुए सुरज तानाजी शेडें ,भरत बालकु सासे और स्वप्नील जनार्दन पाटील को गिरफ्तार किया है। जो 30 हजार के बदले तीन लाख का नकली नोटों की अदला बदली की योजना बना रहे थे। प्राथमिक जांच में यह सामने आया है कि आरोपी भारतीय मुद्रा की हूबहू नकल कर नकली नोट तैयार करते थे और बाजार में चलन में लाने की फिराक में थे।

## 96 % रहा शंकर नारायण महाविद्यालय में बारहवीं का परिणाम

**भायंदर।** हर साल की तरह इस साल भी शंकर नारायण महाविद्यालय का बारहवीं का परीक्षा परिणाम अच्छा रहा। इस महाविद्यालय का बारहवीं का परीक्षा परिणाम 96% रहा है। शंकर नारायण महाविद्यालय में विज्ञान विभाग का 99 % वाणिज्य विभाग का 96 % एवं कला विभाग का 85 % परीक्षा परिणाम घोषित हुआ है । इस महाविद्यालय के विज्ञान विभाग के युग किशोर चौहान को 86.33 % , वाणिज्य विभाग के विधान जयसिंग कदम को 92.17 % एवं कला विभाग से विशाल शैलेंद्र यादव को 81.17 % के साथ महाविद्यालय में प्रथम स्थान पर आए है । शंकर नारायण महाविद्यालय के संस्थापक रोहिदास पाटील , सचिव महेश म्हात्रें ने सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। शंकर नारायण महाविद्यालय के संस्थापक रोहिदास पाटील ने बताया की हमारे महाविद्यालय में सभी विद्यार्थियों को योग्य शिक्षकों के द्वारा उचित मार्गदर्शन एवं शिक्षा दी जाती हैं इसी कारण हमारे महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम हर साल बेहतर आता है ।

# मानसून पूर्व नगर निगम आयुक्त ने की अधिकारियों के साथ बैठक



**महानगर संवाददाता**

**कल्याण**

नगर निगम आयुक्त अभिनव गोयल ने बताया कि मानसून की आपात स्थिति में शून्य जनहानि तथा न्यूनतम संपत्ति की क्षति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम एवं अधिकारियों द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा करने तथा मानसून के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके लिए नगर निगम एवं अन्य अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने के लिए मानसून पूर्व आपात बैठक आयोजित की गई है। बैठक में मनपा के अतिरिक्त आयुक्त योगेश गोडसे, सिटी इंजीनियर अनीता परदेशी,मनपा के सभी उपायुक्त, वार्डों के सहायक आयुक्त,मनपा के अन्य अधिकारी तथा एमएमआरडीए, एमएससीबी, पुलिस, एमएसआरडीसी और अन्य सरकारी प्राधिकरणों के अधिकारी उपस्थित थे।

# छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत के दर्शन कराएगी भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

हैरिटेज स्पेशल टूर में पर्यटकों को रायगढ़ किला, पुणे (लाल महल, कसबा गणपति और शिवसृष्टि), शिवनेरी किला, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, प्रतापगढ़ किला और कोल्हापुर (महालक्ष्मी मंदिर और पन्हाला किला) दिखाए जाएंगे। भारतीय रेल पहली बार 'छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट' पर हैरिटेज टूर का आयोजन करने जा रही है। इस टूर में मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन से जुड़े प्रमुख स्थलों को कवर किया जाएगा। भारत गौरव ट्रेन अपनी यात्रा की शुरुआत छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (CSMT) से करेगी, और कोंकण रेलवे नेटवर्क पर स्थित मनगांव रेलवे स्टेशन पहुंचेगी जो रायगढ़ किले का सबसे नज़दीकी रेलवे स्टेशन है। रायगढ़ वही ऐतिहासिक स्थल है, जहां शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक हुआ था और बाद में उनकी राजधानी भी बना। रायगढ़ किला घूमने के बाद पर्यटक ट्रेन पर वापस आएंगे और पुणे के लिए रवाना होंगे, जहां रात के खाने और होटल में रात्रि विश्राम की व्यवस्था होगी। यात्रा के दूसरे दिन पर्यटकों को पुणे के प्रमुख स्थलों- लाल महल, कसबा गणपति और शिवसृष्टि- दिखाए जाएंगे। लाल महल का निर्माण 1630 ई. में शाहजी भोंसले ने अपनी पत्नी जीजाबाई और पुत्र शिवाजी के लिए करवाया था। वर्तमान संरचना 1984 में पुनर्निर्मित हुई है और इसमें छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन से जुड़ी तैल चित्रों की एक विशाल श्रृंखला लगी है। कसबा गणपति मंदिर, पुणे के ग्रामदेवता के रूप में प्रसिद्ध है जिसे 1893 में स्थापित किया गया। माना जाता है कि इस स्थान को छत्रपति शिवाजी की माता जीजाबाई द्वारा चुना गया था। इसके बाद से ही





पुणे को भगवान गणेश का नगर कहा जाने लगा। पर्यटक यहां से शिवसृष्टी जाएंगे, जो छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित भारत का सबसे बड़ा थीम पार्क है। यहां पर्यटक 3D में शिवाजी के जीवन दर्शन और अन्य इंटरैक्टिव सेशंस का आनंद लेंगे। पुणे में रात्रि विश्राम के बाद पर्यटक यात्रा के तीसरे दिन पुणे से लगभग 95 किलोमीटर दूर स्थित शिवनेरी किले की यात्रा करेंगे, जो जुन्नार सिटी के पास एक पहाड़ी पर स्थित है। यह छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्मस्थान और मुस्लिम शासन के खिलाफ मराठा गौरव का प्रतीक है। इसी दिन दोपहर के भोजन के बाद पर्यटक 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग मंदिर के दर्शन करेंगे। इसके बाद रात्रि विश्राम के लिए पर्यटक पुणे लौटेंगे। 'छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट टूर' के लिए बहुप्रतीक्षित ट्रेन यात्रा 09 जून 2025 को प्रस्थान करेगी। 5 रात और 6 दिन की इस यात्रा की शुरुआत छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन से होगी। अत्याधुनिक भारत गौरव एसी टूरिस्ट ट्रेन, स्लीपर, सेकेंड एसी और थर्ड एसी कोच के साथ कुल 748 पर्यटकों को समायोजित करने की क्षमता रखती है। पर्यटक इस टूरिस्ट ट्रेन में दादर और ठाणे रेलवे स्टेशनों से भी सवार हो सकते हैं। इस विरासत यात्रा के टिकट आईआरसीटीसी की वेबसाइट से बुक किए जा सकते हैं जो पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर ऑनलाइन उपलब्ध है। चौथे दिन पर्यटक भारत गौरव ट्रेन के साथ सतारा के लिए प्रस्थान करेंगे और प्रतापगढ़ किले का भ्रमण करेंगे। यह वही ऐतिहासिक किला है जहाँ 1659 में अफ़ज़ल खान और छत्रपति शिवाजी महाराज के बीच युद्ध हुआ था, जिसने मराठा साम्राज्य की नींव रखी। दिन में लंच के बाद ट्रेन अपने अंतिम गंतव्य कोल्हापुर के लिए रवाना होगी। पांचवें दिन की सुबह ट्रेन छत्रपति शाहू जी महाराज टर्मिनस, कोल्हापुर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। यहां होटल में नाश्ते और तैयारियों के बाद पर्यटक महालक्ष्मी मंदिर (अंबाबाई) और फिर पन्हाला किला जाएंगे। सह्याद्री पर्वत पर स्थित यह किला कई ऐतिहासिक लड़ाइयों का साक्षी रहा है। यहीं शिवाजी महाराज 500 दिनों तक रुके और फिर सफलतापूर्वक निकल भागे थे।

## बदलापुर एनकाउंटर मामला

# पुलिस वालों पर FIR दर्ज करने पर रोक

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बदलापुर एनकाउंटर मामले में कथित तौर पर दोषी पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज करने के बंबई उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी है। दरअसल,पिछले साल ठाणे जिले के बदलापुर में स्कूल की नाबालिग बच्चियों से यौन शोषण का मामला सामने आया था। इसका आरोपी अक्षय शिंदे 23 सितंबर 2024 को पुलिस एनकाउंटर में मारा गया था। इस मामले को लेकर अक्षय शिंदे के परिवार की तरफ से बंबई उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गई और उन्होंने ठाणे पुलिस पर फर्जी एनकाउंटर का आरोप लगाया।

**DGP जांच के लिए एक SITगठित करेंगे**

कोर्ट ने सोमवार को बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी अक्षय शिंदे की हिरासत में मौत के मामले बड़ा आदेश दिया। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक (DGP) में पांच पुलिसकर्मियों के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (SIT) गठित करेंगे। ठाणे



जिले के बदलापुर स्थित एक स्कूल में दो नाबालिग लड़कियों के यौन उत्पीड़न के आरोपी शिंदे को 23 सितंबर 2024 को पुलिस वैन में कथित तौर पर गोली मार दी गई थी,जब उसे एक अन्य मामले में पूछताछ के लिए तलोजा जेल से कल्याण ले जाया जा रहा था। सुप्रीम कोर्ट की न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की पीठ ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा बंबई उच्च न्यायालय के 7 अप्रैल के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर यह आदेश पारित किया। उच्च न्यायालय ने शिंदे की हिरासत में मौत के लिए पांच पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और मुंबई के संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) लखमी गौतम की निगरानी में एक विशेष जांच दल गठित करने का आदेश दिया था।

**हाई कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को लगाई थी फटकार**

बंबई उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने प्राथमिकी दर्ज करने में अनिच्छा के लिए महाराष्ट्र सरकार को फटकार लगाई थी और कहा था कि इस तरह की कार्रवाई राज्य की वैधता और आपराधिक न्याय प्रणाली में आम आदमी के विश्वास को कमजोर करती हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि जब प्रथम दृष्टया अपराध का खुलासा होता है तो मामला दर्ज करना अनिवार्य है। वह इस बात से संतुष्ट है कि मामले की गहन जांच की जरूरत है, क्योंकि यह निर्विवाद है कि शिंदे की मृत्यु पुलिस हिरासत में एक पुलिस अधिकारी द्वारा चलाई गई गोली के कारण हुई थी।

**मजिस्ट्रेट जांच रिपोर्ट में पांच पुलिसकर्मी दोषी**

अक्षय शिंदे के माता-पिता ने दावा किया कि उनके बेटे की फर्जी एनकाउंटर में हत्या की गई। शिंदे को ले जा रही टीम ने दावा किया कि उसने पुलिस कर्मी की बंदूक छीनकर गोली चलाई थी जिसके बाद उन्हें आत्म रक्षा में गोलीबारी करनी पड़ी। हालांकि, मजिस्ट्रेट जांच रिपोर्ट ने उनकी दलील को खारिज कर दिया और पांच पुलिसकर्मियों को दोषी ठहराया।

# नहीं तो आपकी जगह लेगा रोबोट...

**अजित पवार ने कर्मचारियों को चेताया** | **महाराष्ट्र टेक लर्निंग वीक की शुरुआत**

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

प्रशासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों में कौशल विकास और प्रशिक्षण की संस्कृति निर्माण करने के लिए मंत्रालय स्थित त्रिमूर्ति प्रांगण में टेकवारीः महाराष्ट्र टेक लर्निंग वीक का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने किया। यह सप्ताह 5 से 9 मई के बीच आयोजित किया गया है। इस मौके पर अजित पवार ने अपनी शैली में नैपकिन, मिसल और उद्घाटन की कैंची को लेकर मंत्रालय के अधिकारी-कर्मचारियों की खिंचाई की। उद्घाटन के लिए रोबोट ने अजित पवार को कैंची लाकर दी। इसका जिक्र करते हुए उन्होंने मंत्रालय कर्मचारियों पर तंज कसा कि वे ठीक से काम करें,नहीं तो उनकी जगह रोबोट ले लेगा। इस अवसर पर सूचना व प्रौद्योगिकी मंत्री आशीष शेलार, प्रभारी मुख्य सचिव राजेश कुमार, महाराष्ट्र सदन की आयुक्त आर विमला, प्रसिद्ध वक्ता प्रभु गौर गोपाल दास, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी, मंत्रालय के अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या



में उपस्थित थे। स्वागत समारोह में टॉवेल के आकार की शॉल दी गई। इस पर ताना मारते हुए अजित पवार ने कहा कि तौलिया के आकार की शॉल नहीं भी दी जाती तो चलता। सरकार कितनी मितव्ययी हो गई है। उपमुख्यमंत्री के यह बोलते हुए सभी की हंसी छूट पड़ी। उन्होंने कहा कि कैबिनेट बैठक में खाने के लिए सिर्फ मिसल दी जाती है। मैं मुख्य सचिव सुजाता सौनिक से कहूंगा कि अगली बार खाने की जवाबदारी वी राधा (सामान्य प्रशासन विभाग की अपर मुख्य सचिव) को दी जाए।

**iGOT पर महाराष्ट्र पहले स्थान पर आएगा: शेलार**

सूचना व प्रौद्योगिकी मंत्री आशीष शेलार ने कहा कि लोकसेवा अधिकार अधिनियम के माध्यम से महाराष्ट्र राज्य जनता-केन्द्रित कार्यों में अग्रणी है। iGOT प्लेटफॉर्म पर प्रशिक्षण पूर्ण करने में महाराष्ट्र अभी शीर्ष तीन राज्यों में है और जल्द ही पहले स्थान पर आ जाएगा। प्रशासन को सेवा अधिक गतिशील बनाने पर बल देना चाहिए।

# मालाड में फिर अवैध बंगले पर चला बुलडोजर



**मुंबई।** मालाड पश्चिम स्थित मार्वे में अवैध बंगले पर होने वाली कार्रवाई रुकने का नाम नहीं ले रही है। मनपा ने अभी पिछले सप्ताह एक अवैध बंगले को जमींदोज किया था। मनपा पी नॉर्थ वार्ड सोमवार को एक और अवैध बंगला जमींदोज करने का काम किया। मनपा अधिकारियों ने जानकारी दी कि तैयार किया गया बंगला बोगस नक्शा का उपयोग कर निर्माण किया गया था।

मनपा पी. उत्तर वार्ड के सहायक आयुक्त कुंदन वलवी ने जानकारी दी की उन्हें प्रीत नामक एक अवैध बंगले की शिकायत मिली थी। यह बंगला मढ क्षेत्र के एरंगल गांव के पास स्थित 'प्रीत' नामक बंगला अवैध रूप से बनाया गया था। जांच में यह सामने आया कि इस बंगले का निर्माण 1500 वर्ग फुट क्षेत्र में नकली नक्शे के आधार पर किया गया था। मनपा उपायुक्त भाग्यश्री कापसे के निर्देश पर अवैध बंगले पर सोमवार को बुल्डोजर चलाकर जमीदोंज किया गया। मनपा ने यह कार्रवाई करने के लिए एक पोकलेन और दो जेसीबी का उपयोग किया। कार्रवाई के दौरान मनपा के अधिकारी, कर्मचारी तथा पर्याप्त पुलिस बंदोबस्त मौजूद था। मनपा प्रशासन की मलाड के मढ़ क्षेत्र में बने अवैध बंगले और फिल्म स्टुडियो पर पिछले दो सालों से कठोर कार्रवाई कर रहा है इसके बावजूद इस परिसर में अवैध बंगलो की भरमार बनी हुई है।

# बावनकुले ने कहा, कांग्रेस को कर दो खाली

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले के भाषण की एक ऑडियो क्लिप रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुई,जिसमें वे कथित तौर पर पार्टी कार्यकर्ताओं से कांग्रेस नेताओं को भाजपा में शामिल करके विपक्षी पार्टी को 'खाली' करने की अपील कर रहे हैं। बावनकुले के बयान पर कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने सख्त टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि बावनकुले को दूसरे का घर फोड़ने की आदत लग गई है। उन्हें ध्यान रखना चाहिए कि राजनीति में सभी के घर कांच के होते हैं। आजकल आपके दिन चल रहे हैं, कल हमारे दिन होंगे। तब हम चुन-चुनकर बदला लेंगे।

बावनकुले ने यह कथित टिप्पणी रविवार को पुणे में एक पार्टी कार्यक्रम के दौरान स्थानीय कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए की थी। उन्होंने सोमवार को बताया कि कांग्रेस नेताओं का भाजपा में शामिल होना नियमित रूप से जारी है। भाजपा नेता बावनकुले के भाषण की एक



**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील**

ऑडियो क्लिप रविवार को सोशल मीडिया पर सामने आयी थी, जिसमें वह कहते हुए सुने गए कि संग्राम थोपटे जैसे लोगों को पार्टी में लाओ। कांग्रेस को खाली करो। इस बात की चिंता मत करो कि अगर कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल हुए तो क्या होगा। आप कांग्रेस को जितना खाली करेंगे, उतना ही आपको राजनीतिक रूप से फायदा होगा। देवेंद्र फडणवीस, मुरलीधर मोहोल (पुणे लोकसभा सदस्य) और मैं आपके साथ हूं। जब भाजपा टिकट देती है, तो वह अपने कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देती है। कांग्रेस नेता एवं भोर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक थोपटे हाल ही में मुंबई में भाजपा में शामिल हुए। बावनकुले ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस नेताओं में पार्टी का आधार बढ़ाने की क्षमता नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में कुछ नहीं बचा है। कोई भी शरद पवार की पार्टी में नहीं जा रहा है और हर कोई उद्धव ठाकरे को भूल गया है। अगर वे अपनी पार्टी नहीं संभाल सकते तो हम क्या करें? अगर उनकी पार्टी के लोग छोड़कर जा रहे हैं तो मैं क्या करूं। भाजपा नेता बावनकुले ने ''कांग्रेस को खाली करने'' संबंधी अपनी टिप्पणी को लेकर सोमवार को कहा कि कांग्रेस के प्रति निष्ठा रखने वाले रवींद्र धंगेकर और संग्राम थोपटे हाल ही में क्रमशः शिवसेना और भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं का भाजपा में शामिल होना नियमित रूप से जारी है।

**कांग्रेस का पलटवार**

बावनकुले के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि बावनकुले को दूसरे का घर फोड़ने की आदत लग गई है। उन्हें ध्यान रखन चाहिए कि राजनीति में सभी के घर कांच के होते हैं। आजकल आपके दिन चल रहे हैं,कल हमारे दिन होंगे। तब हम चुन-चुनकर बदला लेंगे। कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड ने कहा कि पार्टी लोगों की है और वे वैचारिक रूप से इससे जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि कई लोगों ने अतीत में कांग्रेस पर निशाना साधा है, लेकिन पार्टी लोगों की है और वे इसकी विचारधारा के लिए इससे जुड़े हुए हैं। गायकवाड ने कहा कि अन्य दलों के बारे में ऐसी टिप्पणी करने के बजाय नेताओं को अपने दल का ख्याल रखना चाहिए।

# मुंबई में आज और कल हो सकती है हल्की बारिश

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**



भारतीय हवामान विभाग ने मुंबई में 6 और 7 मई को तेज़ हवाओं और गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है।

आईएमडी के अनुसार, गरज के साथ होने वाली इस बारिश में कुछ क्षेत्रों में हवाओं की रफ्तार 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। मुंबई में 6 से 8 मई को हल्की बारिश की संभावना है,जबकि 9 मई से मौसम फिर से शुष्क हो सकता है। ठाणे, पालघर और रायगढ़ जैसे आसपास के जिलों में भी अगले तीन दिनों तक इसी प्रकार के मौसम की संभावना है। इन क्षेत्रों में 6 से 7 मई तक गरज-चमक, तेज हवाएं और हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिल सकती है। आईएमडी ने इन घटनाओं को बहुत संभव की श्रेणी में रखा है। हवामान विशेषज्ञों के अनुसार, ये प्री-मॉनसून बारिशें फिलहाल गर्मी से कुछ राहत दे सकती हैं। इस बीच मुंबई में रात का तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है। सोमवार को आईएमडी ने कोलाबा और सांताक्रूज़ केंद्र में न्यूनतम तापमान क्रमशः 26.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जो सामान्य से 0.2 और 1 डिग्री अधिक था। अधिकतम तापमान कोलाबा में 34.1 डिग्री और सांताक्रूज़ में 33.7 डिग्री रहा, जो सामान्य से क्रमशः 0.6 और 1.2 डिग्री अधिक था।

मुंबई में दक्षिण पश्चिम मानसून के आगमन में अभी एक महीने से अधिक का समय है। यहां मानसून के आगमन की आधिकारिक तारीख 11 जून है। हालांकि बीते वर्षों में देखा गया है कि मुंबई में प्री-मॉनसून बारिशें जून के पहले सप्ताह में ही शुरू हो जाती हैं।

# मुंबई में एक महीने में 291 जगह लगी आग

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

इस समय मुंबई सहित पूरे देश में भीषण गर्मी की लहर महसूस की जा रही है। तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है। जिससे बिजली के उपकरणों पर अधिक दबाव पड़ रहा है। घरों, दफ्तरों तथा औद्योगिक क्षेत्रों में आग लगने की घटनाएं बढ़ने की संभावना है। इस संबंध में मुंबई के नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील की है। मुंबई में पिछले अप्रैल महीने में आग की 291 घटना घटी, जिसमें 25 लोग जख्मी हुए और तीन की मौत हो गई। मनपा प्रशासन ने इस तपती गर्मी से बचने के लिए लोगों को सावधान रहने की अपील की है। मनपा ने नागरिकों को जिम्मेदारी से व्यवहार करने का आवाहन किया

**तीन लोगों की मौत, 25 लोग जख्मी**



है। फायर ब्रिगेड का कहना है कि तपती गर्मी के कारण बिजली की तारों का अधिक गर्म होना, शॉर्ट सर्किट की घटनाएं, गैस रिसाव की शुरुआत, पंखे, एसी, फ्रिज जैसे उपकरणों का अत्यधिक उपयोग और उससे बिजली पर पड़ने वाला दबाव इन सभी कारणों से आग लगने का खतरा काफी बढ़ जाता है। इसको ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन फायर सर्विस, सिविल डिफेन्स और होम गार्ड्स के महासंचालनालय द्वारा 1 मई को परिपत्र जारी किया गया है। इसके अंतर्गत मुंबई अग्निशमन दल की ओर से नागरिकों को गर्मी की लहर के दौरान जरूरी सावधानियां बरतने की अपील की गई है।

मुंबई अग्निशमन दल के कर्मचारी आग बुझाने के लिए लगातार प्रशिक्षण लेते हैं और तत्पर रहते हैं,लेकिन यदि मुंबई के करोड़ों नागरिक स्वयं सतर्क रहें, तो आग लगने की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है।इस तरह का आवाहन मुंबई अग्निशमन विभाग द्वारा किया गया है।

# अब पूरे महाराष्ट्र में होगा ऑनलाइन एडमिशन

**पहले ग्रामीण विभागों के स्कूलों में होता था ऑफलाइन एडमिशन**




**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से महाराष्ट्र राज्य के सभी मान्यताप्राप्त राज्य बोर्ड के उच्च माध्यमिक विद्यालयों एवं कनिष्ठ महाविद्यालयों में कक्षा 11 वीं के प्रवेश अब एकीकृत ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से ही किए जाएंगे। यह निर्णय राज्य शासन के स्कूल शिक्षा एवं क्रीड़ा विभाग द्वारा 25 फरवरी को जारी किए गए जीआर के अनुसार लिया गया है।

वर्तमान तक यह ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया केवल मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) तक सीमित थी, परंतु अब यह संपूर्ण राज्य में लागू की जा रही है। इसके अंतर्गत मुंबई विभाग के ग्रामीण क्षेत्रों में भी, जहां पहले ऑफलाइन प्रवेश होते थे, अब 2025-26 से केवल ऑनलाइन प्रवेश ही मान्य होंगे।

विभागीय शिक्षण उपसंचालक, मुंबई कार्यालय द्वारा यह अपील की गई है कि मार्च में 10वीं की परीक्षा देने वाले सभी छात्रों और उनके अभिभावकों को इस ऑनलाइन प्रक्रिया की जानकारी दी जाए। मुंबई विभाग के दक्षिण, उत्तर एवं पश्चिम शिक्षा निरीक्षक तथा ठाणे, रायगढ़ और पालघर जिला परिषद के माध्यमिक शिक्षाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्र की सभी माध्यमिक स्कूलों के प्रधानाध्यापकों से संपर्क करें और छात्रों व उनके अभिभावकों को इस प्रक्रिया के बारे में अवगत कराएं।

छात्रों और अभिभावकों के लिए विभागीय शिक्षण उपसंचालक कार्यालय, मुंबई में विशेष प्रवेश नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जहाँ प्रत्यक्ष मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, स्कूलों के प्रधानाध्यापक व लिपिकों के लिए वार्ड और तालुका स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

# गृहमंत्री अमित शाह से मिले मुख्यमंत्री

**मुंबई।** राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म "एक्स'' पर मुलाकात की फोटो शेयर करते हुए लिखा कि आज हमारे नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान महाराष्ट्र के कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई, उन्हें केंद्र सरकार के अनुमोदन की आवश्यकता है। दिल्ली में महाराष्ट्र में स्थापित होने वाली डिस्टिंक्ट डीम्ड यूनिवर्सिटी को लेकर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कार्यशाला को संबोधित किया और विशेषज्ञों के विचार सुने।

# आज अहिल्यानगर के चौंडी में मंत्रिपरिषद की बैठक

**सभी बड़े होटल,सरकारी रेस्ट हाऊस पहले से बुक**

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर की त्रिशताब्दी जयंती के अवसर पर महायुति सरकार ने मंगलवार 6 मई को अहिल्यानगर के चौंडी में मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की है। बैठक के लिए अहिल्यानगर के सभी सरकारी रेस्ट हाऊस, निजी होटलों को दो दिन पहले की बुक कर लिया गया है। इस बैठक में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, अजित पवार सहित 36 कैबिनेट मंत्री, 6 राज्यमंत्री के अलावा वरिष्ठ अधिकारी, वीआईपी उपस्थित रहेगे। अहिल्यानगर से चौंडी के बीच की दूरी तकरीबन 85 किलोमीटर है।

यहां मिली जानकारी के अनुसार चौंडी में डेढ़ एकड़ में एक विशेष वातानुकूलित मंडप बनाया गया है। साथ ही वहां पांच हैलीपेड बनाए गए हैं। इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि वीआईपी के आगमन के वक्त ट्रैफिक जाम की समस्या न हो। मंत्रियों के सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के रूकने की व्यवस्था अहिल्यानगर में की गई है। इसके लिए शहर के सभी बड़े होटल, सरकारी रेस्ट हाऊस को पहले की बुक किया गया है। अहिल्यानगर में पहली बार मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की गई है। जिला प्रशासन को मंत्रिपरिषद की बैठक के लिए तकरीबन दो करोड़ की निधि उपलब्ध कराई गई है।

बता दें कि तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने वर्ष 2024 में अहमदनगर जिले का नाम अहिल्यानगर करने का निर्णय लिया था। पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर मराठा-मालवा साम्राज्य की प्रसिद्ध रानी थीं। उन्होंने उत्तर भारत के भी अनेक धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार कराया था।


## कुळगांव बदलापूर नगरपरिषद

नवीन प्रशासकीय ईमारत, म. गांधी चौक रोड, बदलापूर रेल्वे स्टेशन (पूर्व), कुळगांव, पिन ४२१५०३, ता. अंबरनाथ जि.ठाणे,
ईमेल:- coud.kulgaonbadalapur@maharashtra.gov.in.वेबसाईट:-http://kbmc.gov.in

जा.क्र : कुबनप/नगरोत्थान/साबां/१४२/२०२५-२६ — दिनांक : २८/०४/२०२५

**जाहिर ई- निविदा सुचना क्र. ६/२०२५-२६**

कुळगांव-बदलापूर नगरपरिषदेच्या बांधकाम विभागामार्फत महाराष्ट्र सुवर्ण जयंती नगरोत्थान योजने अंतर्गत सन २०२४-२५ करिता प्रशासकीय मंजूर प्राप्त झालेल्या ०७ विकास कामांसाठी महाराष्ट्र शासनाकडील योग्य त्या नोंदणीकृत कंत्राटदाराकडून टक्केवारी दराच्या ई-निविदा मागविण्यात येत आहेत. सदर ई-निविदा संच विक्री व स्विकृतीचा कालावधी दि.०२/०५/२०२५ ते दि.०८/०५/२०२५ रोजी दुपारी १२.०० वाजेपर्यंत असून दि.१३/०५/२०२५ रोजी दुपारी. १२.०० वा निविदा पुर्व बैठक नगरपरिषद कार्यालयात आयोजित केलेली आहे. तसेच सदरची ई-निविदा दि.१४/०५/२०२५ रोजी दुपारी १२.०० वाजल्यानंतर उघडण्यात येतील.

निविदेबाबतचा सविस्तर तपशील नगरपरिषदेच्या http://kbmc.gov.in तसेच शासनाच्या http://mahatenders.gov.in या संकेत स्थळावर व नगरपरिषदेच्या सुचना फलकावर उपलब्ध करण्यात आलेला आहे.

सही/-
(मारुती गायकवाड)
मुख्याधिकारी तथा
प्रशासक
कुळगांव बदलापूर नगरपरिषद



## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**ई-निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई मनपा के आयुक्त द्वारा नीचे दिए गए कार्य हेतु संबंधित क्षेत्र में कार्यरत फर्मों से तीन लिफाफा प्रणाली में आइटम दर के आधार पर ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं –

| | |
|---|---|
| विभाग | सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग |
| डिवीजन | डॉ. आर. एन. कूपर मनपा सर्वसाधारण अस्पताल, जुहू |
| महाटेंडर आईडी (बोली क्र.) | 2025_ MCGM_ 176027_1<br>2025_ MCGM_ 176021_1<br>2025_ MCGM_ 1167784_1<br>2025_ MCGM_ 176020_1<br>2025_ MCGM_ 176357_1<br>2025_ MCGM_ 1176361_1 |
| विषय | 1. डॉ. आर. एन. कूपर मनपा सर्वसाधारण अस्पताल की मुख्य अस्पताल इमारत में प्लंबिंग उपकरणों की मरम्मत एवं प्रतिस्थापन हेतु अर्धवार्षिक दर करार महाटेंडर आईडी (बोली क्र.) 2025_ MCGM 176027_1<br>2. डॉ. आर. एन. कूपर मनपा सर्वसाधारण अस्पताल के रखरखाव विभाग हेतु विभिन्न विद्युत सामग्री की आपूर्ति महाटेंडर आईडी (बोली क्र.) 2025_ MCGM_ 176021_1<br>3. एच. बी. टी. मेडिकल कॉलेज के फॉरेन्सिक विभाग हेतु स्मार्ट क्लासरूम की व्यवस्था महाटेंडर आईडी (बोली क्र.) 2025_ MCGM_ 1167784_1<br>4. डॉ. आर. एन. कूपर मनपा सर्वसाधारण अस्पताल हेतु 7 किग्रा क्षमता की फॉगिंग मशीन की आपूर्ति महाटेंडर आईडी (बोली क्र.) 2025_ MCGM 176020_1<br>5. डॉ. आर. एन. कूपर मनपा सर्वसाधारण अस्पताल के न्यू मेजर ऑपरेशन थिएटर क्र. 02, गायनेक ऑपरेशन थिएटर क्र. 01 व 02 तथा ऑर्थो ऑपरेशन थिएटर क्र. 01, 02, 03 व 04 में एन्टिस्टॅटिक कंडक्टिव / डिसीपेटिव फ्लोरिंग की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण व कमीशनिंग महाटेंडर आईडी (बोली क्र.) 2025_ MCGM_ 176357_1<br>6. एच. बी. टी. मेडिकल कॉलेज व डॉ. आर. एन. कूपर मनपा सर्वसाधारण अस्पताल की मुख्य इमारत में दो वर्षों के लिए लोकल एरिया नेटवर्क प्रणाली सहित इंटरनेट कनेक्शन के अर्धवार्षिक रखरखाव अनुबंध महाटेंडर आईडी (बोली क्र.) 2025_ MCGM_ 1176361_1 |
| ई-निविदा बिक्री | 06.05.2025 को 16:00 बजे से 13.05.2025 को 16:00 बजे तक |
| लिफाफा 'ए' व 'बी' के खुलने की तिथि व समय | 14.05.2025 को 16:00 बजे के पश्चात |
| लिफाफा 'सी' के खुलने की तिथि व समय | 19.05.2025 को 16:00 बजे के पश्चात |
| वेबसाइट | www.mahatenders.gov.in एवं http://portal.mcgm.gov.in |
| संपर्क अधिकारी ए – नाम | श्री दिनेश ए. नंचे, सब इंजी. (यांत्रिकी व विद्युत), डॉ. आर. एन. कूपर मनपा सामान्य अस्पताल |
| बी - दूरभाष (कार्यालय) | 022-26207257, एक्सटेंशन नं. 150 |
| सी) ई-मेल | secooper64@gmail.com |

हस्ता./-
एच. बी. टी. मेडिकल कॉलेज एवं डॉ. आर. एन. कूपर मनपा सर्वसाधारण अस्पताल

पीआरओ/315/विज्ञा./2025-26

सड़क पर खुले में रखें खाद्य पदार्थ, काटे हुये फल और पेय पदार्थों का सेवन ना करें.

# युद्ध हुआ तो हथियारों की क्षमताओं की परख हो जायेगी

भारत और पाकिस्तान के बीच मंडराते युद्ध के खतरे को लेकर कई पूर्व सैन्य अधिकारी और विशेषज्ञ अपनी अपनी तरह से चिंताएं व्यक्त कर रहे हैं। दरअसल 2019 में पाकिस्तान के बालाकोट में भारतीय वायुसेना की एअर स्ट्राइक के बाद से दोनों देशों ने अपनी सैन्य क्षमता में काफी वृद्धि की है। इसलिए विशेषज्ञों को लग रहा है कि कोई सीमित संघर्ष भी व्यापक युद्ध में तब्दील हो सकता है। हम आपको याद दिला दें कि दोनों देश 1948, 1965 और 1971 में युद्ध लड़ चुके हैं। इसके अलावा कश्मीर को लेकर दोनों के बीच कई बार सैन्य और असैन्य टकराव भी हो चुके हैं। 1990 के दशक में दोनों देश परमाणु हथियार संपन्न राष्ट्र बन गए थे और तभी से दक्षिण एशिया दुनिया के सबसे खतरनाक क्षेत्रों में से एक माना जाता है। पाकिस्तान लगातार भारत को परमाणु बम से हमले की धमकी दे रहा है लेकिन सैन्य विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक अत्यधिक मजबूरी नहीं हो, तब तक कोई भी देश परमाणु हथियार का उपयोग नहीं करता लेकिन इसका खतरा अवश्य बना रहता है। सैन्य विश्लेषकों का कहना है कि इस बार हमला संभवतः विमानों, मिसाइलों या ड्रोन के ज़रिये होगा, जिनमें भारत और पाकिस्तान की क्षमताएं काफी हद तक बराबर हैं। विश्लेषकों का यह भी कहना है कि यदि संघर्ष लंबा चलता है तो यह भारत के हित में होगा क्योंकि संसाधन अधिक होने के कारण वह लंबी अवधि तक इनका उपयोग कर पायेगा। विश्लेषकों का यह भी कहना है कि हर पक्ष सोच रहा है कि वे पिछली बार की तुलना में बेहतर स्थिति में हैं लेकिन असल जंग में ही असली स्थिति पता चल सकेगी। हम आपको बता दें कि भारत को 2019 में पुराने रूसी विमानों पर निर्भर रहना पड़ा था। मगर अब देश ने फ्रांस से 36 राफेल फाइटर जेट्स वायुसेना के बेड़े में शामिल किए हैं तथा नौसेना के लिए और भी विमानों का ऑर्डर दिया गया है। इसके जवाब में पाकिस्तान ने 2022 से चीन के सबसे आधुनिक लड़ाकू विमानों में से एक, J-10 प्राप्त किया है, जो राफेल का तुलनात्मक समकक्ष माना जाता है। अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक अध्ययन संस्थान की एक रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान के पास कम से कम 20 J-10 विमान हैं। बताया जाता है कि ये विमान उन्नत क्षमताओं से लैस हैं। हम आपको बता दें कि राफेल में 'मेटेओर' एयर-टू-एयर मिसाइल लगी होती है, जो दृश्य सीमा से बाहर भी मार कर सकती है। इसी प्रकार J-10 में इसी तरह की PL-15 मिसाइल लगी होने की बात मीडिया रिपोर्टों के माध्यम से सामने आई है। हम आपको यह भी बता दें कि 2019 की लड़ाई में सामने आई हवाई सुरक्षा की खामियों को दूर करने के लिए भारत ने रूस की S-400 मोबाइल एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल प्रणाली प्राप्त की है जबकि पाकिस्तान ने चीन से HQ-9 प्रणाली हासिल की है जोकि रूस की S-300 प्रणाली पर आधारित है। विश्लेषकों का यह भी कहना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले किसी भी संघर्ष पर चीन का प्रभाव बना रहेगा, जो भारत का प्रतिद्वंद्वी और पाकिस्तान का करीबी सहयोगी और उसका सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता है। इसके अलावा, भले अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान दोनों से तनाव कम करने का आग्रह किया है, लेकिन वह दोनों देशों के बीच किसी भी संघर्ष को चीन की सैन्य क्षमता की जांच के रूप में देखना चाह रहा है। अमेरिका ऐसा इसलिए चाहता है क्योंकि चीनी विमान और उसकी PL-15 मिसाइल को अब तक युद्ध में नहीं परखा गया है। इसलिए भले युद्ध भारत और पाकिस्तान के बीच लड़ा जायेगा मगर असल में यह पश्चिमी और चीनी तकनीक के बीच मुकाबला हो सकता है। विश्लेषकों का यह भी कहना है कि भारत के लिए एक चुनौती यह भी रहेगी कि वह कितने स्क्वाड्रन पाकिस्तान सीमा पर तैनात करे और कितने चीन सीमा पर, क्योंकि उसे ड्रैगन से भी खतरा है। हम आपको याद दिला दें कि भारत और चीन ने 1962 में युद्ध लड़ा था और 2022 में दोनों देशों की सेनाएं पूर्वी लद्दाख सीमा पर भिड़ी थीं। विश्लेषकों का यह भी अनुमान है कि ड्रोन या ज़मीन से लॉन्च की गई मिसाइल से हमला होने की संभावना ज्यादा है क्योंकि इनमें पायलट के पकड़े जाने का खतरा नहीं होता। जहां तक दोनों देशों की मिसाइल और सैन्य ड्रोन क्षमता में ताजा वृद्धि की बात है तो आपको बता दें कि भारत ने इजराइल से लड़ाकू ड्रोन हेरोन मार्क 2 प्राप्त किया है और अमेरिका से प्रीडेटर ड्रोन खरीदने का ऑर्डर दिया है। दूसरी ओर पाकिस्तान ने तुर्की से बायरेक्टर TB2 और अकिंजी ड्रोन हासिल किए हैं, जो रूस-यूक्रेन युद्ध में इस्तेमाल हो चुके हैं। इसके अलावा, पाकिस्तान ने शनिवार को 450 किमी की दूरी तक मारक क्षमता और सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। पाकिस्तान ने आज 'एक्स इंद्र' अभ्यास के तहत 120 किलोमीटर रेंज की सतह से सतह पर मार करने वाली 'फतह' सीरीज़ की मिसाइल का सफल प्रशिक्षण प्रक्षेपण करने का भी दावा किया है। वहीं भारत की क्षमताओं में 300 किमी रेंज वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल और लंबी दूरी की अग्नि श्रृंखला की अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलें शामिल हैं। बहरहाल, हम आपको याद दिला दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019 की झड़प के बाद कहा था कि देश को उस समय राफेल की कमी खली थी। उन्होंने संकेत दिया था कि अगर फ्रांसीसी फाइटर होते तो नतीजा और अलग हो सकता था। इसलिए माना जा सकता है कि इस बार कमाल दिखाने का अवसर राफेल को दिया जा सकता है। कांग्रेस के नेता बार-बार राफेल पर सवाल उठाते हुए पूछ रहे हैं कि उस पर से नींबू मिर्ची कब हटेगी? माना जा रहा है कि राफेल की युद्धक क्षमता दिखा कर पाकिस्तान के साथ-साथ कांग्रेस को भी जवाब देने की तैयारी है। हम आपको याद दिला दें कि कांग्रेस ने 2019 के लोकसभा चुनावों में राफेल खरीद में भ्रष्टाचार के आरोप लगा कर मोदी सरकार को घेरना चाहा था लेकिन उसमें उसे सफलता नहीं मिली थी।

**कटाक्ष** | सुरेश मिश्र

*सब सीटों पर लड़ेगा, गठबंधन इस बार*
*झूम रहा है यही सुन, देखो आज बिहार*
*देखो आज बिहार, मगन हैं भ्रष्टाचारी*
*चारा खाने वालों की है फिर से बारी*
*कह सुरेश जलवा दिखा दिया सब मीतों पर*
*भ्रष्टाचारी पुनः लड़ेंगे सब सीटों पर*

# जाति जनगणना और राजनीति

> बहुजनों की लंबे समय से चली आ रही जाति जनगणना की मांग राजनीतिक और सैद्धांतिक तौर पर पूरी हो गई है। भाजपा के अलाव सभी राजनीतिक शक्तियां इसकी मांग कर रही थीं, अब भाजपा भी सहमत हो गई है, यह बहुजन आंदोलन की एक बड़ी जीत है, यह उन संगठनों-व्यक्तियों की बड़ी जीत है जो करीब दो दशकों से इसके लिए संघर्ष कर रहे थे।



बिहार में चुनाव के मद्देनजर जातिगत जनगणना कराने का सियासी दाव खेला गया। बिहार सरकार ने जातिगत जनगणना कराई भी है और विपक्ष लगातार मांग करते रहे कि जाति आधारित जनगणना पूरे देश में कराई जाय। भारतीय जनता पार्टी का शीर्ष नेतृत्व यह समझ गया कि जाति आधारित जनगणना का मुद्दा चुनाव में जोर शोर से उठेगा। इसकी वजह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की राजनीतिक मामलों की समिति ने आगामी जनगणना के साथ जाति की गिनती कराने का फैसला सुना दिया। सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा जनगणना केंद्र के अधिकार क्षेत्र में है लेकिन कुछ राज्यों ने सर्वे के नाम पर ग़ैरपारदर्शी तरीके से जनगणना करा दी जिससे समाज में संदेह पैदा हुआ। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि बिहार के चुनाव को ध्यान में रखकर सरकार ने जातिगत जनगणना की घोषणा की है। ये बिहार के लिए नया नहीं है, बिहार में जातिगत सर्वे हो चुका है। बिहार में 65% आरक्षण दिया गया है। तेलंगाना में भी आरक्षण दिया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट में 28 सितंबर 1962 का एक मशहूर केस है -एम आर बालाजी बनाम स्टेट ऑफ मैसूर, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार कहा कि पचास प्रतिशत आरक्षण की सीमा होनी चाहिए। ऐसा संविधान में नहीं लिखा हुआ है और न ही संविधान निर्माता बाबा साहेब ने ऐसा कहा। 16 नवंबर 1992 को इंदिरा साहनी बनाम यूनियन ऑफ इंडिया का एक और महत्वपूर्ण फैसला आया जिसके बाद मंडल कमीशन की सिफारिशें लागू हुईं। ये संविधान की बुनियादी संरचना के खिलाफ नहीं है लेकिन एक शर्त रखी कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग का आरक्षण 50% से अधिक नहीं होगा। 1992 के बाद कई राज्यों ने आरक्षण बढ़ाया, 50% की सीमा को पार किया। तब एक मात्र राज्य तमिलनाडु का आरक्षण कानून को 9वीं सूची में शामिल किया गया। 9वीं सूची का मतलब है कि ये न्यायालय से संरक्षित है, न्यायालय इसमें बदलाव नहीं ला सकते हैं। तमिलनाडू में आरक्षण 69% है, लेकिन वो गैर-संवैधानिक नहीं है. वो हमारे संविधान के द्वारा सुरक्षित है। आरक्षण के 50% की सीमा को हटाने की मांग खरगे जी और राहुल जी ने इसलिए कही क्योंकि सुप्रीम कोर्ट इसे गैर-संवैधानिक कहेगा। बिहार में जद यू-आर जे डी की सरकार ने जातिगत सर्वे कराया था और 65% आरक्षण लागू किया जिसे हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया, सुप्रीम कोर्ट में मामला अभी लंबित है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार जाकर आरक्षण के बारे में कुछ भी कहें, लेकिन सच्चाई ये है कि जब तक 50% की सीमा को नहीं हटाया जाएगा, तब तक बिहार में कुछ नहीं हो सकता। सामाजिक राजनीतिक विश्लेषक सिद्धार्थ रामु ने कहा कि थोड़ा ठहर कर जश्न मनाइए. जाति जनगणना साध्य नहीं, साधन है। इसका इस्तेमाल दलित, अन्य पिछड़े वर्गों और आदिवासियों के खिलाफ भी हो सकता है- यह दोधारी तलवार है। बहुजनों की लंबे समय से चली आ रही जाति जनगणना की मांग राजनीतिक और सैद्धांतिक तौर पर पूरी हो गई है। भाजपा के अलाव सभी राजनीतिक शक्तियां इसकी मांग कर रही थीं, अब भाजपा भी सहमत हो गई है, यह बहुजन आंदोलन की एक बड़ी जीत है, यह उन संगठनों-व्यक्तियों की बड़ी जीत है जो करीब दो दशकों से इसके लिए संघर्ष कर रहे थे। खुशी और जश्न के बीच अनिवार्य तौर पर रेखांकित कर लेना चाहिए। जाति जनगणना अपने आप में भारत के बहुसंख्यक वंचित समुदायों को कुछ दे देगा, ऐसा बिलकुल नहीं। हां, कौन वंचना का शिकार है और किसका देश के संसाधनों और अवसरों पर कब्जा है और वह किसी सामाजिक समूह या वर्ण-जाति का है, यह तथ्य जरूर सामने ला देगा, अगर ठीक से जाति जनगणना हुई तो। लेकिन जाति जनगणना से सामने आने वाले तथ्यों और उससे निकलने वाले निष्कर्षों का इस्तेमाल दलितों, आदिवासियों और अन्य पिछड़े वर्गों के खिलाफ भी किया जा सकता है। यह कैसे और किस तरह किया जा सकता है और इसका इस्तेमाल वंचित समूहों के खिलाफ करने के लिए कौन-कौन से तरीके इस्तेमाल किए जा सकते हैं। पहली बात भारतीय संविधान से लेते हैं, अपनी कमियों-कमजोरियों के बाद भी भारत का संविधान न्यायपूर्ण, समतामूलक, बंधुता आधारित, सबकी स्वतंत्रता और गरिमा का सम्मान करने वाला लोकतांत्रिक भारत बनाने का एक मजबूत आधार मुहैया कराता है लेकिन क्या भारत का संविधान ऐसा करने में सफल हुआ, उत्तर होगा नहीं। इसकी वजह क्या संविधान की कमी-कमजोरी या खराबी थी, इसका उत्तर है, बिलकुल नहीं, तो वजह क्या थी. इसका जवाब डॉ. आंबेडकर के संविधान संबंधी इस कथन में मिलता है कि संविधान चाहे कितना ही अच्छा क्यों न हो, वह अपने आप में कुछ नहीं कर सकता. सब कुछ निर्भर करता है कि संविधान द्वारा सृजित संवैधानिक संस्थाओं संसद, कार्यपालिका, न्यायपालिका, चुनाव आयोग के नियंत्रकों और संचालकों पर अच्छे से अच्छे संविधान का उसके नियंत्रक-संचालक बदत्तर से बदत्तर इस्तेमाल कर सकते हैं। अंबेडकर ने इससे आगे की बात भी कही हैं, उन्होंने यहां तक कहा है कि सापेक्षिक तौर पर खराब संविधान का भी अच्छे लोग अच्छा इस्तेमाल कर सकते हैं। भारतीय संविधान का इस्तेमाल इसका उदाहरण हैं. सिर्फ एक- दो उदाहरण लेते हैं। इस संविधान का इस्तेमाल करके वी. पी. सिंह कि सरकार ने मंडल कमीशन की रिपोर्टे लागू कर ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दे दिया, इसी संविधान का दुरूपयोग करके नरेंद्र मोदी की सरकार ने संविधान की भावना-प्रावधानों और आरक्षण के बुनियादी सिद्धांत का उल्लंघन करके आर्थिक आधार पर द्विज-सवर्णों के लिए ई डब्लू एस के नाम पर 10 प्रतिशत आरक्षण दे दिया। इसी संविधान का इस्तेमाल करके ओबीसी के आरक्षण को करीब 45 वर्षों तक कांग्रेस और उसके पहले की अन्य सरकारों ने रोके रखा. इसी संविधान का इस्तेमाल करके एससी-एसटी एक्ट बना। इस संविधान का इस्तेमाल करके सुप्रीमकोर्ट ने इसे रद्द कर दिया था।

**– शम्भू शरण सत्यार्थी**

# भारत की वाटर स्ट्राइक का पाकिस्तान पर असर!



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को स्थगित करने के बाद अब चिनाब नदी पर बने बगलिहार बांध के माध्यम से पानी के प्रवाह को रोक दिया है। वास्तव में कूटनीतिक तौर पर पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भारत की ओर से उठाया गया यह सबसे बड़ा कदम माना जा रहा है। अब पाकिस्तान को निश्चित ही इससे सबक मिल सकेगा। कहना ग़लत नहीं होगा कि भारत की ओर की गई यह 'वाटर स्ट्राइक' पाकिस्तान को बुरी तरह से तोड़ कर रख देगी। इतना ही नहीं, सूत्रों के हवाले से यह भी सामने आ रहा है कि भारत झेलम नदी पर बने किशनगंगा बांध को लेकर भी इसी तरह के कदम उठाने की योजना बना रहा है। हाल फिलहाल चिनाब प्रवाह को रोकने से एक ओर जहां पर पाकिस्तान का कृषि उत्पादन और बिजली बनाने की क्षमता प्रभावित होगी, वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान में इससे पीने के पानी की समस्या पैदा होगी तथा अनेक लोगों की आजीविका भी संकट में आ जाएगी। दरअसल,पाकिस्तान की लगभग 80% से अधिक कृषि भूमि सिंधु, झेलम और चिनाब नदियों पर ही निर्भर है। सिंधु नदी प्रणाली से उसे कुल मिलाकर 93% पानी मिलता है, जिसका वह उपयोग खेती, पीने के पानी और बिजली उत्पादन के लिए करता है। ऐसे में भारत द्वारा पानी रोकने का फैसला पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ा झटका है। दूसरे शब्दों में कहें तो पाकिस्तान की जल-आधारित अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार सिंधु नदी ही है क्योंकि इसी की मदद से पाकिस्तान 93% पश्चिमी नदियों के पानी का इस्तेमाल करता है और 80% कृषि भूमि इसी जल पर निर्भर है। वास्तव में पाकिस्तान के हजारों-लाखों लोगों की रोजी-रोटी(आजीविका), शहरों का जल आपूर्ति नेटवर्क और हाइड्रो पावर उत्पादन इसी प्रणाली पर टिका हुआ है। सिंधु जल समझौते पर, साल 1960 में भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान ने हस्ताक्षर किये थे। दरअसल, यह विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुआ एक ऐतिहासिक करार था और इसका उद्देश्य भारत और पाकिस्तान के बीच जल संसाधनों को लेकर भविष्य में टकराव से बचना था। गौरतलब है कि इस संधि के अंतर्गत रावी, सतलुज, ब्यास का अधिकार भारत को मिला तथा सिंधु, चिनाब, झेलम का नियंत्रण पाकिस्तान को सौंपा गया था हालांकि, इसके तहत भारत को सीमित सिंचाई, विद्युत उत्पादन और घरेलू उपयोग की छूट मिली।बहरहाल, उल्लेखनीय है कि भारत ने इससे पहले साल 1965, 1971(भारत पाकिस्तान युद्ध) और 1999(कारगिल युद्ध) की लड़ाइयों के बावजूद कभी सिंधु जल संधि को सस्पेंड नहीं किया था, यहां तक कि पुलवामा हमले के बाद भी इस संधि को भारत द्वारा जारी रखा गया था, लेकिन इस बार केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के समक्ष यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत सरकार की आतंकवाद के प्रति नीति 'शून्य सहनशीलता'(जीरो टोलरेंस) की है और अब आतंकी हमलों पर नरमी नहीं बरती जाएगी तथा रणनीतिक संसाधनों का इस्तेमाल भी हथियार के रूप में किया जा सकता है। यहां पाठकों को यह भी बताता चलूं कि बगलिहार बांध दोनों पड़ोसियों के बीच लंबे समय से विवाद का विषय रहा है, और पाकिस्तान इस मामले में विश्व बैंक की मध्यस्थता की मांग भी कर चुका है।पाकिस्तान को किशनगंगा बांध को लेकर भी खासकर झेलम की सहायक नदी नीलम पर इसके प्रभाव के कारण आपत्ति है। कहना ग़लत नहीं होगा कि भारत द्वारा सिंधु जल संधि के निलंबन के बाद चिनाब नदी का पानी रोकना हो, आयात पर रोक हो, मेल व पार्सल सेवाओं का निलंबन हो या पाकिस्तानी जहाजों पर प्रतिबंध, ये सब दर्शाते हैं कि अब भारत पाकिस्तान को एक सुविचारित व प्रबल/सख्त नीति के तहत हर तरह से कमजोर कर रहा है और सीधे युद्ध की बजाय यह पाकिस्तान पर एक कड़ा प्रहार है। भारत के इस कदम के बाद पाकिस्तान में हड़कंप मच गया है और पाकिस्तानी नेताओं ने इसे 'जंग का ऐलान' बताया है। यहां तक कि पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने तो यहां तक कहा है कि , 'या तो सिंधु नदी में हमारा पानी बहेगा या उनका खून।' इतना ही नहीं, भारत द्वारा बगलिहार डैम से पानी रोकने के बाद पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने भी संसद में यह बात कही है कि-'यदि भारत सिंधु जल संधि के तहत पाकिस्तान के पानी के साथ कोई छेड़छाड़ करता है, तो यह युद्ध के समान होगा।' उन्होंने यह भी कहा कि-' यह 24 करोड़ पाकिस्तानी नागरिकों की जिंदगी का मामला है और पाकिस्तान इस पर माकूल जवाब देगा।'इतना ही नहीं , इस संबंध में डार ने सऊदी अरब, यूएई, चीन, तुर्की समेत कई देशों के विदेश मंत्रियों से बात कर पाकिस्तान का पक्ष भी रखा है। भारत ने बिलावल भुट्टो के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है और यह बात कही है कि आतंकवाद का समर्थन करने वालों को अब खामियाजा भुगतना होगा। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि पहलगाम आतंकी हमले को लेकर एनआईए की शुरुआती जांच में पाकिस्तान के हाथ होने के प्रमाण मिले हैं और भारत ने अब पाकिस्तान से सीधे युद्ध की बजाय सिंधु, चिनाब का जल रोकने समेत अनेक सख्त फैसले लिए हैं,जो पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था की रीढ़ को तोड़ने के लिए काफी हैं। भारत की ओर से ये कार्रवाइयां राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति भारत की दृढ़ता को तो दिखाती ही हैं, इनके जरिये पाकिस्तान को यह भी स्पष्ट संदेश दिया गया है कि उसे आतंकवाद को पनाह देने की कीमत चुकानी पड़ेगी। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान लगातार नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सीजफायर का लगातार उल्लंघन कर रहा है और इससे उसकी बौखलाहट साफ़ नज़र आ रही है कि वह कदर घबराया हुआ है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तानी सेना ने 24 अप्रैल से शुरू हुए इन सीजफायर उल्लंघनों को कुपवाड़ा और बारामूला से लेकर पुंछ, नौशेरा और अखनूर तक अंज़ाम दिया है और भारतीय सेना ने हर बार मुंहतोड़ जवाब देते हुए यह संदेश भी दिया है।

**– सुनील कुमार महला**

# बलात्कार, ब्लैकमेल और 'सबाब'

अभी मई 2025 में भोपाल की घटनाएं, जहाँ मुस्लिम युवकों द्वारा संगठित रूप से हिन्दू लड़कियों को फंसाकर बलात्कार किया गया, वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया, रोजे रखवाए, बुर्का पहना कर फोटो खिंचवाया, इस तरह के घृणित कृत्य समाज को झकझोरने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार मो फरमान ने इकबाले बयान में कहा कि मुझे कोई पछतावा नहीं है, मुझे "सबाब" मिला। ये घृणित कृत्य तब और भी कठोर हो जाते है जब युवा अपराधों को धर्म के आयतो से न्यायोचित ठहराते है। क्या सच में मुस्लिम युवाओं को हिन्दू महिलाओं के साथ बलात्कार करने पर सबाब मिलता है? क्या किसी भारतीय मौलवी, धर्मगुरु और इस्लामिक स्कॉलर ने इस युवा की बात का तथ्यात्मक खंडन किया? 1992, अजमेर में 11 से 20 साल की उम्र की 250 हिंदू छात्राएं फारूक और नफीस चिश्ती के नेतृत्व में सामूहिक बलात्कार और ब्लैकमेलिंग की शिकार हुईं। ब्यावर जिले में मुस्लिम युवकों द्वारा हिंदू नाबालिग लड़कियों का शोषण और ब्लैकमेल किया गया, जिसका बिजयनगर पुलिस थाने में मामले दर्ज किया गया। हाल ही में उत्तराखंड में 74 वर्षीय मौलवी द्वारा एक 12 वर्षीय हिन्दू बच्ची के साथ बलात्कार करना, 1992 के अजमेर कांड से लेकर उत्तराखंड में एक मौलवी द्वारा नाबालिग बच्ची से बलात्कार तक, कई ऐसे मामले रहे हैं जहाँ पीड़ित पक्ष ने धार्मिक कट्टरता, सामूहिक और व्यवस्थागत शोषण की पीड़ा झेली है। यह न केवल पीड़ितों के लिए अमानवीय है बल्कि समाज की उस चुप्पी को भी उजागर करता है जो इन अपराधों के प्रति केवल "धार्मिक तुष्टिकरण" या "राजनीतिक सुविधा" के कारण खामोश रहती है। बेशक, अपराध कानून के दायरे में आते हैं और हर दोषी को न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से सज़ा मिलनी चाहिए लेकिन जब अपराध के पीछे धार्मिक पहचान, धार्मिक शिक्षा या धार्मिक ग्रंथों की विकृत व्याख्या एक कारक बन जाती है, तब यह केवल कानून का विषय नहीं रह जाता बल्कि सामाजिक, धार्मिक और वैचारिक नेतृत्व की जिम्मेदारी बन जाती है कि वे सामने आएं और स्पष्ट प्रतिक्रिया दें। जिस तरह की महिलाओं और बच्चियों के साथ लगातार हो रहे अपराध पर सोशल मीडिया के माध्यम से इस्लामिक स्कॉलर, मौलवी और अन्य धर्म उपदेशकों द्वारा इसे 72 हूरों और इस्लाम और कुरान की आयतों के नाम पर जायज और इस्लाम परस्त ठहराया जा रहा है। क्या सच में ये इस्लाम के नाम पर पाखंड नहीं है? क्या ये युवाओं के मन में घृणा और भ्रम पैदा नहीं करता है? वहीं, कुछ चिंतकों का यह भी मत है कि जिन अपराधों को इस्लाम और कुरान के नाम पर वैध ठहराया जाता है, उनके मूल में इस्लामिक शिक्षा की कुछ व्याख्याएं, मदरसों में दी जा रही कट्टर शिक्षा, सोशल मीडिया पर प्रसारित इस्लामिक स्कॉलर्स के भाषण, 72 हूरों की अवधारणा और बहुविवाह जैसी परंपराएं हैं जो लगातार नई पीढ़ी को भ्रमित और उग्र बना रही हैं। जहां सोशल मीडिया पर इस्लामिक स्कॉलर्स या कुछ मौलवियों द्वारा अपराधों का समर्थन, कुछ प्रगतिशील विचारधारा के लोगों द्वारा तुष्टिकरण किया जाता है।

**– गजेंद्र सिंह**

आज का कार्टून




साभार

# राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा बड़ा प्रश्न

पहलगाम में हुए अमानवीय आतंकी हमले ने देश को हिला दिया। 26 निर्दोष लोगों की हत्या केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि आतंकवाद के उस चेहरों की याद है जो बार-बार हमारी धरती पर खून बहाते हैं। इस हमले के तुरंत बाद, भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने का निर्देश जारी किया—और इसी बीच एक ऐसा खुलासा हुआ जिसने सुरक्षा व्यवस्था की नींव तक को झकझोर दिया। केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF) ने अपने 41वीं बटालियन में तैनात जवान मुनीर अहमद को सेवा से बर्खास्त कर दिया। कारण—उन्होंने एक पाकिस्तानी नागरिक मेनल खान से विवाह किया और उसकी जानकारी छुपाई। विवाह वीडियो कॉल के माध्यम से हुआ और महिला ने वीज़ा अवधि समाप्त होने के बाद भी भारत में रहना जारी रखा। अहमद ने इसकी सूचना विभागीय अधिकारियों को नहीं दी। पहली नजर में यह मामला एक निजी निर्णय लगता है, लेकिन जब गहराई से देखा जाए तो यह सीधे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ता है। यह कोई मामूली चूक नहीं थी। जब कोई जवान सुरक्षा बल का हिस्सा बनता है, तो उसकी जिम्मेदारी सिर्फ बंदूक उठाने तक सीमित नहीं रहती। वह देश के संविधान, सीमाओं और जन-जीवन की सुरक्षा की शपथ लेता है। इस शपथ में पारदर्शिता, ईमानदारी और राष्ट्रहित सर्वोपरि होते हैं। ऐसे में पाकिस्तानी नागरिक से विवाह को छिपाना सिर्फ सेवा शर्तों का उल्लंघन नहीं, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था में संभावित सेंध की भूमिका निभा सकता है। अहमद का यह कृत्य कई सवाल खड़े करता है—क्या वह पाकिस्तानी एजेंसियों के संपर्क में आ सकते थे? क्या उन्होंने जानबूझकर सूचनाएं छिपाईं या वे किसी "हनी ट्रैप" का शिकार हुए? भारत की खुफिया एजेंसियाँ लंबे समय से चेतावनी देती रही हैं कि पाकिस्तान अपने खुफिया नेटवर्क को मजबूत करने के लिए डिजिटल माध्यमों, सोशल मीडिया और रोमांटिक संपर्कों का प्रयोग कर रहा है। विशेष रूप से सेना और अर्द्धसैनिक बलों के जवान इन जालों के प्रमुख लक्ष्य होते हैं। हनी ट्रैप केवल फिल्मों की कहानी नहीं रह गया बल्कि जमीनी हकीकत बन चुका है। इस्लामाबाद और रावलपिंडी की खुफिया मशीनरी "डिजिटल विवाह", "सांस्कृतिक मेलजोल", और "सोशल मीडिया मित्रता" के रास्ते सुरक्षा तंत्र में घुसपैठ के तरीके तलाश रही है। कानून, अनुशासन और नीति की कसौटी पर बर्खास्तगी CRPF ने यह कार्रवाई उस प्रावधान के तहत की है जिसमें यह माना जाता है कि जांच से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा हो सकता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 311(2)(b) के अंतर्गत, बिना जांच के भी सरकारी कर्मचारी को बर्खास्त किया जा सकता है, यदि यह आवश्यक समझा जाए। यह निर्णय एक मिसाल बनकर उभरा है। यह साफ कर दिया गया है कि किसी भी कीमत पर राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता नहीं होगा, चाहे वह व्यक्तिगत स्वतंत्रता के नाम पर ही क्यों न हो। इस पूरे मामले में केवल मुनीर अहमद को दोषी ठहराना समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा। हमें यह पूछना होगा—क्या हमारी सुरक्षा एजेंसियों के पास जवानों की डिजिटल गतिविधियों की निगरानी के पर्याप्त संसाधन हैं? क्या उन्हें विवाह, विदेशी संपर्क और सोशल मीडिया व्यवहार के संबंध में समय-समय पर प्रशिक्षित किया जाता है? क्या प्रत्येक अर्द्धसैनिक बल के भीतर एक "साइबर इंटेलिजेंस निगरानी सेल" अनिवार्य नहीं होनी चाहिए? यदि इस तरह के मामलों की समय रहते पहचान न हो तो परिणाम अत्यंत घातक हो सकते हैं। महत्वपूर्ण यह है कि इस विषय पर कोई भी धार्मिक, जातीय या सांप्रदायिक चश्मा न लगाया जाए। यह मामला मुसलमान या हिन्दू का नहीं, बल्कि एक जवान के कर्तव्य और उसकी विफलता का है। यह चर्चा भारतीय और पाकिस्तानी नागरिकता, व राष्ट्रहित के लिहाज़ से होनी चाहिए, न कि मज़हबी पूर्वग्रहों से। इसमें कहीं कोई शंका नहीं कि अधिकांश सुरक्षाकर्मी ईमानदारी और देशभक्ति की मिसाल हैं लेकिन यदि एक भी कड़ी कमजोर होती है, तो पूरी श्रृंखला खतरे में पड़ सकती है। अब समय आ गया है व्यापक सुधार करने का इस घटना से सबक लेते हुए अब आवश्यकता है कि सभी सुरक्षाबलों में विदेश संपर्कों की घोषणा अनिवार्य की जाए। डिजिटल संवादों और विवाहों के लिए विभागीय स्वीकृति प्रक्रिया बने। प्रत्येक बल में साइबर निगरानी सेल और मनोवैज्ञानिक परामर्श व्यवस्था हो। प्रत्येक जवान को साल में एक बार "राष्ट्रीय सुरक्षा आचरण प्रशिक्षण" दिया जाए। इस एक जवान की चूक से राष्ट्रीय सुरक्षा को जो खतरा हुआ, वह आगे और गहरा हो सकता है, यदि हमने समय रहते सचेत कदम न उठाए। राष्ट्र सबसे पहले है, और उसकी सुरक्षा के लिए हर बलिदान स्वीकार्य होना चाहिए।

**– अशोक कुमार झा**

## शादी वाले घर में पसरा मातम

# विदाई से पहले ही भाइयों की उठी अर्थी

**महानगर नेटवर्क**
**हाजीपुर**

हाजीपुर में रफ्तार के कहर ने एक शादी समारोह को मातम में बदल दिया। एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवकों की जान चली गई। यह दुखद घटना हाजीपुर के चांदपुर गांव की है,जहां शादी के जश्न में डूबे परिवार के बेटे के साथ उसके चचेरे भाई और दोस्त तीनों काल के गाल में समा गए।

**डोली उठने से पहले उठी अर्थी**

आज उस घर में खुशियों की शहनाई बजनी थी,बहन की डोली उठनी थी,लेकिन विधि के विधान को कुछ और ही मंजूर था। बहन की शादी से पहले ही तीनों भाइयों की अर्थी उठ गई,जिससे पूरे परिवार में कोहराम मच गया। चीख-पुकार और मातम का माहौल छा गया। इस दुखद घटना से पूरे गांव में मातम पसर गया। उन्होंने तीनों युवकों के शवों को सड़क पर रखकर राष्ट्रीय राजमार्ग 122B को जाम कर दिया। टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया।



घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने-बुझाने की कोशिश की। काफी मान-मनौव्वल के बाद परिजन शांत हुए और उन्होंने सड़क खाली की। इसके बाद तीनों युवकों के शवों को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया।

### तीनों युवकों की मौके पर ही मौत

दरअसल, दुल्हन का भाई सोनू कुमार, अपने चचेरे भाई वर्षीय रंजन कुमार (जो लाल मोहन पासवान का पुत्र था), और एक दोस्त वर्षीय राजीव कुमार (जो अवधेश पासवान का पुत्र था) के साथ बीती रात घर से दही खरीदने के लिए निकले थे। बताया जा रहा है कि वे पूजा देखने भी जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार गाड़ी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

### टेंट और पंडाल से सजे हुए थे घर

मृतक सोनू कुमार दुल्हन का सगा भाई था। घर पर शादी की तैयारियां जोर-शोर से चल रही थीं। टेंट और पंडाल सजे हुए थे। सोनू अपने दोस्तों के साथ बहन की शादी के लिए जरूरी सामान खरीदने बाजार जा रहा था, लेकिन किसे पता था कि यह उसकी जिंदगी की आखिरी रात होगी। बहन की विदाई से पहले ही भाई, उसके चचेरे भाई और दोस्त ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

### सड़क हादसे में एक की मौत दुसरा घायल

**नवादा।** नवादा में सोमवार को दर्दनाक हादसा हुआ जिसमें एक भाई की मौत हो गई तो दूसरा भाई गंभीर रूप से जख्मी हो गया। दोनों एक तिलक समारोह से बाइक से लौट रहे थे। अनियंत्रत ट्रक ने उनकी बाइक को कुचल दिया। घायल भाई को निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। गाड़ी छोड़कर चालक फरार हो गया। पुलिस ट्रक ड्राइवर की तलाश कर रही है। यह दर्दनाक हादसा कादिरगंज के पास हुई। मरने वाले की पहचान 36 वर्षीय राजेश चौधरी थे जो नेमदारगंज थाना क्षेत्र के फरहा गांव के निवासी थे। ट्रक की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। उनके साथ पीछे बैठे छोटे भाई गणेश चौधरी को गंभीर हालत हो गई। उन्हेंनवादा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से परिजन निजी अस्पताल ले गए जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रात में ट्रक ड्राइवर अनियंत्रित स्पीड से गाड़ी चलाते हैं पर पुलिस कार्रवाई नहीं करती।

# 'अब इधर-उधर कहीं नहीं जाएंगे'


## खेलो इंडिया यूथ गेम्स के उद्घाटन के मौके पर बोले नीतीश कुमार

**महानगर नेटवर्क**
**पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइडेड के नेता नीतीश कुमार ने एक बार फिर कहा कि वे एनडीए को छोड़कर इधर उधर नहीं जाएंगे। उन्होंने खेलो इंडिया यूथ गेम्स के उद्घाटन के मौके पर यह बात कही। अपने संबोधन के दौरान जहां बिहार में खेलों को बढ़ावा देने का उल्लेख किया वहीं भाषण के दौरान वह एक बार फिर उस बात को दोहराने लगे जो पहले भी कई बार कह चुके हैं।

**हमारा गठबंधन मजबूत-नीतीश**

नीतीश कुमार ने कहा कि अब हमलोग इधर-उधर कहीं नहीं जाएंगे। हमारा गठबंधन मजबूत है। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने मुझे बनाया। अब हम इधर-उधर जानेवाले नहीं हैं। इसके साथ ही नीतीश कुमार ने यह भी कहा कि पार्टी के लोगों ने मुझे इधर-उधर कराया। दरअसल, नीतीश कुमार के इस बयान को अक्सर उनकी राजनीतिक गठबंधन की प्रतिबद्धता और पिछले पाला बदलने की गलतियों के संदर्भ में देखा जाता है।



### लालू की सेहत की चिंता करें, नीतीश कुमार की नहीं

भागलपुर पहुंचे जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष वर्मा ने सोमवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर हमला बोला। सीएम नीतीश कुमार की सेहत पर उठाए जा रहे सवाल पर पलटवार करते हुए कहा कि वो मुख्यमंत्री की सेहत की चिंता छोड़ें, अपने पिता की सेहत के बारे में बताएं। जब सीएम के बेटे निशांत कुमार ने बता दिया है कि उनके पिता अभी बिल्कुल स्वस्थ हैं। तो ऐसे सवाल बेबुनियाद हैं। मनीष ने सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में जदयू से अलग हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि अगर वो बिहार में अभी भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हैं, तो कहीं न कहीं उनका भी योगदान है।

# लड़की को चलती ट्रेन से फेंका 20 मिनट ट्रैक पर पड़ी रही



**आरा।** आरा-सासाराम रूट पर बदमाशों ने रविवार को मोबाइल छीनने के दौरान एक लड़की को चलती ट्रेन से फेंक दिया। लड़की को सिर, सीने और पीठ में चोटें आईं हैं। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

बताया जा रहा है कि लड़की ने मोबाइल छीनने के दौरान बदमाशों का विरोध किया था। इससे नाराज होकर उन्होंने उसे धक्का दे दिया। घटना के बाद लड़की 20 मिनट पर रेलवे ट्रक पर पड़ी रही। डायल-112 की मदद से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की सूचना मिलते ही रेल SP अमृतेंदु शेखर ठाकुर, एडिशनल SP प्रशांत कुमार, असिस्टेंट कमांडेंट अली हसन अस्पताल पहुंचे। पीड़िता से मिलकर पूरी घटना की जानकारी ली है।

पीड़िता की पहचान पीरो थाना क्षेत्र के फतेहपुर निवासी कामेश्वर सिंह की बेटी तनु कुमारी(20) के तौर पर हुई। तनु के भाई शशि रंजन कुमार ने बताया, 'चेहरे के लिए होम्योपैथी दवा लेने के लिए बहन आरा जा रही थी।'

'पश्चिमी ओवर ब्रिज के पास बदमाशों ने मोबाइल छीनने का प्रयास किया। पीरो स्टेशन पर उसने सासाराम-पटना पैसेंजर पकड़ी थी। आरा स्टेशन से कुछ दूर पहले पश्चिमी ओवर ब्रिज के पास बदमाशों ने मोबाइल छीनने का प्रयास किया।'

# समस्तीपुर पुलिस ने डमी कैंडिडेट गैंग का किया भंडाफोड़

## गिरफ्त में दो आरोपी, अहम सबूत भी मिले

**महानगर नेटवर्क**
**समस्तीपुर**

मुफस्सिल थाना पुलिस ने नीट परीक्षा में मूल अम्यार्थियों के बदले दूसरे फर्जी अभ्यर्थी (स्कालर) को परीक्षा में बैठाकर परीक्षा दिलाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया। पुलिस ने इसमें शामिल एक जेल चिकित्सक समेत दो को गिरफ्तार कर लिया है।

**फर्जी डॉक्टर सहित दो गिरफ्तार**

गिरफ्तार आरोपित की पहचान दरभंगा जिले के लहेरियासराय के रहमगंज काली मंदिर के सुरेश मल्लिक के पुत्र रामबाबू मल्लिक और बेगूसराय के जेल चिकित्सक सह विभूतिपुर के बेलसंडी गांव के डॉ रंजीत कुमार शामिल है। साथ ही पुलिस ने तीन मोबाइल, पच्चास हजार नगद और एक कार बरामद की है।



### फर्जी अभ्यर्थी गिरोह का पर्दाफाश

मामले का पर्दाफाश करते हुए एसडीपीओ कार्यालय पर सदर एसडीपीओ सह एएसपी संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि सूचना मिली की एक गिरोह का सक्रिय सदस्य कार नंबर -BR07AP 7233 से घूम कर परीक्षा में तकनीकी रूप से छेड़छाड़ कर मूल अम्यार्थियों के बदले दूसरे फर्जी अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा में बैठाकर परीक्षा दिलाता है। ताकि, अधिकतम प्राप्तांक प्राप्त हो सके और अभ्यार्थियों का चयन हो सके।

# मोदी ने हमारे फैसले को डस्टबिन में फेंका

## पटना में कांग्रेस ने उदाहरण देते हुए भाजपा पर लगाए आरोप

**पटना।** देश मे जाति गणना की केंद्र सरकार की घोषणा के बाद इसे लेकर राजनीति लगातार जारी है। अब कांग्रेस ने आरोप लगाए हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जाति गणना की घोषणा तो की, लेकिन इसके शुरू होने और पूरी होने के विषय में नहीं बताया।

**भाजपा की मंशा पर हमें शक**

कांग्रेस पार्टी का कहना है कि इससे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मंशा पर शक होता है, क्योंकि जाति जनगणना का विरोध भाजपा के डीएनए में है। यह बातें कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने सोमवार को कहीं। रणदीप सुरजेवाला कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रेस से बात कर रहे थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, विधान मंडल दल के नेता शकील अहमद खान, कांग्रेस के प्रभारी सचिव सुशील पासी, मदन मोहन झा के साथ दूसरे कई नेता उपस्थित रहे। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव



रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि जाति गणना को लेकर कुछ साफ नहीं है। उन्होंने आरोप लगाए कि हमने जो जाति गणना कराई थी उसे नरेंद्र मोदी ने डस्टबिन में फेंक दिया। इस बात से यह लगता है यह भी चुनावी शगूफा है।

**कांग्रेस ने वर्ष 2011 में जाति गणना कराई**

रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि कांग्रेस ने वर्ष 2011 में जाति गणना कराई थी। इसकी रिपोर्ट 2015 में पेश की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब यह रिपोर्ट देखी तो उसे डस्टबिन में फेंक दिया। उन्होंने कहा कि मोदी के मन में क्या है यह किसी को नहीं मालूम।

# खिलौने थे इनके लिए जहरीले सांप

## हजारों को बचाया, लेकिन एक गलती से खत्म हो गई जिंदगी



**समस्तीपुर।** अक्सर लोग सांपों का नाम सुनकर डर जाते हैं। क्योंकि सांप एक जहरीला जीव है। सांप के काटने के बाद अगर समय से इलाज न मिले तो मिले तो जान जा सकती है। अक्सर जब घरों में सांप निकलता है, तो उस व्यक्ति को बुलाया जाता है जो सांप को अच्छे से पकड़ना जानता है। ऐसे लोगों को सांपों की दुनिया में 'स्नैकमैन' कहा जाता है। आज हम आपको बिहार के समस्तीपुर जिले के रहने वाले एक 'स्नैकमैन' की कहानी बताने रहे हैं। समस्तीपुर जिले के जय कुमार साहनी बिहार के 'स्नैकमैन' के नाम से प्रसिद्ध थे। वो जिले के ताजपुर के हरपुर वार्ड संख्या-3 के निवासी थे। जय कुमार साहनी सांपों के मसीहा कहलाते थे। बताया जाता है कि वो खतरनाक और जहरीले सांपों को नया जीवन देते थे। जय कुमार साहनी अब इस दुनिया में नहीं रहे। उनके बारे में कहा जाता है कि उन्होंने हजारों सांपों को मौत से बचाया। वो इंसानों को जहरिले सांपों के जहर से दूर रखते थे। वो सांपों को रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित जगहों पर छोड़ आया करते थे।

# लड़की का खूनी खेल, ई-रिक्शा ड्रावर को मारा चाकू

**महानगर नेटवर्क**
**किशनगंज**

किशनगंज में एक युवती ने खूनी खेल खेला। घटना वजह आपको हैरान कर देगी कि इतना मामूली की वजह को लेकर लड़की ने धारदार हथियार से ई-रिक्शा के ड्रावर पर वार कर दिया। घटना पोठिया थाना क्षेत्र के छतरगाछ बाजार में रविवार की है। शाम ई-रिक्शा चालक के किराया मांगने पर एक युवती ने धारदार हथियार से चालक पर जानलेवा हमला कर दिया। चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

स्थानीय लोगों की मदद से पीड़ित चालक को रेफरल अस्पताल छतरगाछ ले जाकर उपचार कराया गया है। सारोगोरा पंचायत के खाड़ीबस्ती बक्सा गांव निवासी ई-रिक्शा चालक सोने लाल राम



ने बताया कि रविवार शाम को किशनगंज से वह अपने ई-रिक्शा से चार पैसेंजर को लेकर छतरगाछ के लिए निकला था। छतरगाछ बाजार पहुंचने पर ई-रिक्शा में बैठे तीन लोगों ने उतरने के बाद तो किराया दे दिया, लेकिन एक युवती से किराया मांगने पर वह झगड़ा-झंझट करने पर उतारू हो गयी। वह ड्राइवर पर हाथ चलाने लगी। इसी क्रम में नजदीक के चिकन दुकान से एक चाकू उठाकर ई-रिक्शा चालक पर लड़की ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले से बचाव करने में चालक के हाथ की उंगलियां गंभीर रूप से जख्मी हो गई है।

जिसके बाद पीड़ित ने डायल-112 पर घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर पहाड़कट्टा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित युवती को हिरासत में ले लिया। युवती पहाड़कट्टा थाना क्षेत्र के कोल्था पंचायत की रहने वाली बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि युवती मानसिक रूप से विक्षिप्त बतायी जा रही है। इस घटना से ऑटो और ई-रिक्शा चालकों में रोष व्याप्त हो गया है। सबने आरोपी लड़की पर कार्रवाई की मांग की है।

# मुजफ्फरपुर में ज्वेलरी शॉप से 15 लाख की लूट



**मुजफ्फरपुर ।** मुजफ्फरपुर जिले में शुक्रवार की शाम तुर्की थाना क्षेत्र में एक ज्वेलरी शॉप में हथियारबंद बदमाशों ने बड़ी लूट की घटना को अंजाम दिया. घटना तुर्की थाना से महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित 'सुहागन ज्वेलर्स' में हुई. 6 की संख्या में आए अपराधियों ने करीब 15 लाख रुपए मूल्य के नकद और आभूषण लूट लिए. इस सनसनीखेज वारदात की तस्वीरें सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई हैं. जानकारी के मुताबिक, बदमाश दो बाइक पर सवार होकर आए थे और सभी ने अपने चेहरे लाल गमछे से ढक रखे थे. लूट की योजना काफी सुनियोजित थी. एक अपराधी ने पहले ज्वेलरी शॉप से लगभग 20 मीटर की दूरी पर सिगरेट पीते हुए रेकी की, फिर फोन कर बाकी साथियों को बुलाया. लूट से पहले उन्होंने ज्वेलरी शॉप के बगल की पेंट, हार्डवेयर और इलेक्ट्रॉनिक दुकानों के मालिकों को हथियार के बल पर बंधक बना लिया और दुकान के भीतर बैठा दिया।

# कोचिंग के लिए निकली छात्रा नहीं लौटी घर

## मोतिहारी में नदी से 15 वर्षीय छात्रा का शव बरामद

**मोतिहारी।** मोतिहारी में एक नदी से छात्रा का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान नीति कुमारी (15 वर्ष) के रूप में हुई है। वह मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर निवासी लालबाबू साह की बेटी थी। शव चिरैया थाना क्षेत्र अंतर्गत ललबेगिया पूल के पास नदी से बरामद किया गया है। मृतका के पिता लालबाबू साह के अनुसार, नीति कुमारी शनिवार सुबह कोचिंग जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने तलाश शुरू की, लेकिन उसकी कोई खबर नहीं मिली। अगले दिन रविवार को सूचना मिली कि ललबेगिया नदी में एक लड़की का शव तैर रहा है।

इसकी सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला गया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। नीति कुमारी की मौत को लेकर परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। उनका कहना है कि तेजाब डालकर लड़की की हत्या की गई है। वहीं स्थानीय लोगों के बीच प्रेम प्रसंग की चर्चाएं भी हो रही हैं, जो इस हत्या की वजह हो सकती है। कुछ लोगों का मानना है कि लड़की ने खुद नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली।

## व्यापार

# IMF बोर्ड में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे परमेश्वरन अय्यर



**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

भारत ने इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (IMF) के बोर्ड में परमेश्वरन अय्यर को अस्थायी डायरेक्टर नॉमिनेट किया है। परमेश्वरन 9 मई को होने वाले IMF की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। डिप्लोमेटिक लिहाज से शुक्रवार को होने वाली मीटिंग भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण है,पिछले हफ्ते IMF में भारत के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यन को बर्खास्त कर दिया गया था। इसलिए बोर्ड में भारत की बात रखने के लिए अय्यर का अस्थाई नोमिनेशन किया गया है। परमेश्वरन फिलहाल वर्ल्ड बैंक में भारत की ओर से एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं।

### क्या करता है IMF का एग्जीक्यूटिव बोर्ड?

IMF एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है, जो देशों को आर्थिक मदद करती है, सलाह देती है और उनकी अर्थव्यवस्था पर नजर रखती है। इस संस्था की कोर टीम कार्यकारी बोर्ड होता है। यह टीम देखती है कि किस देश को लोन देना है, किन नीतियों को लागू करना है और दुनिया की अर्थव्यवस्था पर कैसे काम करना है। इसमें 24 सदस्य होते हैं,जिन्हें कार्यकारी निदेशक कहा जाता है। हर एक सदस्य किसी देश या देश के समूह का प्रतिनिधित्व करता है। भारत का एक अलग (स्वतंत्र) प्रतिनिधि होता है। जो भारत की तरफ से IMF में अपनी बात रखता है। साथ ही यह देखता है कि IMF की नीतियां देश को नुकसान न पहुंचाएं। किसी देश को लोन देने वाला हो, तो भारत की तरफ से राय देना।


# सेंसेक्स 295 अंक ऊपर 80,797 पर बंद



**मुंबई।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन आज यानी सोमवार, 5 मई को शेयर बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 295 अंक ऊपर 80,797 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 114 अंक की तेजी रही, ये 24,461 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 में से 20 शेयरों में तेजी देखने को मिली। अडाणी पोर्ट्स का शेयर 6.31%, बजाज फिनसर्व 3.73%, महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.11% और जोमैटो 2.45% चढ़कर बंद हुए। वहीं, कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 4.59% और SBI का 1.26% नीचे आ गए हैं। निफ्टी के 50 शेयरों में से 38 में तेजी रही। NSE के सेक्टोरल इंडाइसेज में ऑटो में 1.85%, FMCG में 1.22%, मेटल में 0.96% और ऑयल एंड गैस में 1.70% की तेजी रही। जबकि, बैंकिंग सेक्टर में मामूली गिरावट रही।

# अप्रैल में बिक गईं 22.87 लाख गाड़ियां



**नई दिल्ली।** बीते महीने यानी अप्रैल 2025 में देशभर में गाड़ियों की खुदरा बिक्री मामूली 2.95 प्रतिशत बढ़कर 22,87,952 यूनिट दर्ज की गई। ऑटोमोबाइल डीलरों के संगठन फाडा (FADA) ने सोमवार को यह जानकारी दी। खबर के मुताबिक, चैत्र नवरात्रि,अक्षय तृतीया,बंगाली नव वर्ष, बैसाखी और विशु के आसपास ग्राहकों द्वारा खरीदारी पूरी करने से अप्रैल महीने आखिर में पॉजिटिव रहा। इस महीने में कॉमर्शियल गाड़ियों को छोड़ बाकी सभी कैटेगरी में बिक्री बढ़ी।

### किसकी कैसी रही बिक्री

राज्य के उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटील ने सार्वजनिक कार्यक्रमों में कहा था कि भाजपा नगरसेवकों और विधायकों को महापालिका बजट में बड़ा फंड मिलेगा। इससे यह अटकलें तेज हो गई हैं कि भाजपा नेताओं और पूर्व नगरसेवकों को बजट में विशेष लाभ दिया जा सकता है।अब देखना होगा कि महापालिका बजट पुणेकरों के हित में होगा या भाजपा नेताओं के लिए फायदेमंद साबित होगा।

# अपने ऑल टाइम हाई से 5,366 नीचे आया सोना

**नई दिल्ली।** सोने के दाम में सोमवार को बढ़त देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 220 बढ़कर 93,734 पर पहुंच गया। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 93,954 थी। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 407 गिरकर 93,718 प्रति किलो हो गई है।

इससे पहले चांदी का भाव 94,125 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 का और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था। सोना की कीमत बीते 11 दिनों में अपने ऑल टाइम हाई से 5,366 रुपए कम हो चुकी है। वहीं चांदी की की बात करें तो इसकी कीमत 7,216 रुपए कम हो चुकी है।

सोने ने 22 अप्रैल को 99,100 का और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

# चौथी तिमाही में महिंद्रा का मुनाफा 22% बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी SUV मैन्युफैक्चरर महिंद्रा एंड महिंद्रा (M&M) को वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 2,437 करोड़ रुपए का मुनाफा (स्टैंड अलोन नेट प्रॉफिट) हुआ है। सालाना आधार पर यह 21.85% बढ़ा है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी को 2,000 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था।


महिंद्रा एंड महिंद्रा ने यह जानकारी सोमवार को एक्सचेंज फाइलिंग में दी। इसमें बताया कि जनवरी-मार्च तिमाही में M&M ने संचालन से 31,353 करोड़ का रेवेन्यू जनरेट किया, सालाना आधार पर यह 25% बढ़ा है। जनवरी-मार्च 2024 में कंपनी ने 25,183 करोड़ का रेवेन्यू जनरेट किया था। वस्तुओं और सेवाओं को बेचने से मिलने वाला पैसा रेवेन्यू या राजस्व होता है।

# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने अप्रैल में बेचे 4,80,896 यूनिट्स

**नई दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (HMSI) ने अप्रैल के लिए अपने बिक्री आँकड़े जारी किए। अप्रैल महीने में कंपनी की कुल बिक्री 4,80,896 यूनिट्स रही,जिसमें 4,22,931 यूनिट्स की घरेलू बिक्री और 57,965 यूनिट्स का निर्यात शामिल है।

**उत्पादः** HMSI ने अपने लोकप्रिय Dio 125 स्कूटर के OBD2B मानकों के अनुकूल नए संस्करण को उन्नत फीचर्स के साथ लॉन्च किया। साथ ही, कंपनी ने अपने प्रीमियम मोटरसाइकिल पोर्टफोलियो को और मजबूत किया है, जिसमें 2025 CB350, CB350 H'ness और CB350RS को नए रंगों के साथ बाजार में उतारा गया है। वैश्विक मानकों के अनुरूप HMSI ने CB300R मोटरसाइकिल के 2018 से 2020 के बीच बने कुछ यूनिट्स के लिए स्वैच्छिक रिकॉल की घोषणा भी की। भारत में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए HMSI ने देशभर के 12 स्थानों में विभिन्न अभियान चलाए। इसके अतिरिक्त, HMSI ने हैदराबाद में अपने ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क की 10वीं वर्षगांठ मनाई, जो जिम्मेदार सड़क व्यवहार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# अब साइबर अटैक के खतरे को भापना होगा और आसान



**नई दिल्ली।** प्रमुख वैश्विक साइबर सुरक्षा समाधान प्रदाता क्विक हील टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के साइबर सुरक्षा डिवीजन सेक्राइट ने सोमवार को अपने नए नवाचार एसआईए - सेक्राइट इंटेलिजेंट असिस्टेंट को लांच किया। यह टूल दुनिया भर की कंपनियों के लिए साइबर सुरक्षा को और अधिक सरल, स्मार्ट और प्रभावी बनाने के मकसद से तैयार किया गया है। एसआईए को भारत की सबसे बड़ी मैलवेयर विश्लेषण लैब सेक्राइट लैब्स की टीम ने गोडीप डॉटएआई तकनीक के साथ विकसित किया है। यह अत्याधुनिक तकनीक खतरनाक सॉफ्टवेयर को स्वतः पहचानने की क्षमता रखती है, जिससे खतरे की जांच की प्रक्रिया तेज और अधिक सटीक हो जाती है। एसआईए का चैट-आधारित इंटरफेस न केवल उपयोग में आसान है।

# बदल ली नौकरी, लेकिन अब तक नहीं किया PF Transfer? तो होगा नुकसान

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

प्राइवेट नौकरी करने वाले लोगों के लिए EPF एक भरोसेमंद योजना है। इससे रिटायरमेंट के बाद काफी मदद मिलती है। ईपीएफ में जमा पैसे पर टैक्स में छूट और ब्याज भी अच्छा मिलता है,अगर आपने भी हाल के दिनों में नौकरी बदली है और अपना पुराना EPF अकाउंट नई कंपनी में ट्रांसफर नहीं किया है तो आपको मन में कई सवाल होगा कि क्या पुराने EPF अकाउंट पर ब्याज मिलेगा या नहीं तो




चलिए आपको इसके बारे में विस्तार से बताते हैं। EPFO के नियम के अनुसार अगर आपका EPF अकाउंट निष्क्रिय है तो उसपर 36 महीने यानी 3 साल तक का ब्याज मिलता है।

### अपने आप नई कंपनी में ट्रांसफर नहीं होता है

जब आप नौकरी बदलते हैं तो आपका ईपीएफ अकाउंट अपने आप नई कंपनी में ट्रांसफर नहीं होता है। इसके लिए आपको ईपीएफओ मेंबर सेवा पोर्ट से ट्रांसफर की प्रक्रिया शुरू करनी होती है, जब तक आप ऐसा नहीं करते हैं तब तक आप पैसा पुराना ईपीएफ अकाउंट में ही रहता है। आपका UAN नंबर वहीं रहता है, लेकिन अकाउंट ट्रांसफर नहीं होता, लेकिन कुछ लोगों के मन में यह भी सवाल आता है कि क्या ईपीएफ अकाउंट को ट्रांसफर न करने पर भी ब्याज मिलता रहता है?

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# मुफ्त राशन का दायरा बढ़ायेगी योगी सरकार

## एक-एक गरीब का बनेगा कार्ड

महानगर संवाददाता
लखनऊ



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी नेतृत्व में प्रदेश के गरीबों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) के तहत योगी सरकार एक-एक पात्र गरीब को चिन्हित कर राशन कार्ड जारी कर रही है। प्रदेश में अंत्योदय कार्ड लाभार्थियों की संख्या 1.29 करोड़ से अधिक है। अब तक प्रदेश में 3.16 करोड़ से अधिक परिवारों के सामान्य राशन कार्ड और 40.73 लाख से अधिक परिवारों के अंत्योदय राशन कार्ड बनाए जा चुके हैं, जिससे करीब 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन का लाभ मिल रहा है। सरकार का लक्ष्य हर जरूरतमंद तक राशन पहुंचाना है और इसके लिए अभियान चलाकर पात्रता की पहचान की जा रही है।

खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त आंकड़े के अनुसार, राशन कार्ड वितरण में प्रयागराज जिला सबसे आगे है। इस जिले में 9,34,677 सामान्य राशन कार्ड और 40,29,226 लाभार्थी दर्ज किए गए हैं। इसके बाद दूसरे स्थान पर सीतापुर जिला है, जहां 7,74,576 राशन कार्ड और 31,60,253 लाभार्थी हैं। आगरा ने तीसरा स्थान हासिल किया है, यहां 7,38,939 राशन कार्ड बनाए, जिनसे 30,80,875 लाभार्थी जुड़े हैं। चौथे स्थान पर लखनऊ हैं जहां 7,01,070 राशन कार्ड के जरिए 29,08,145 लाभार्थी जुड़े हैं, जबकि जौनपुर पांचवें स्थान पर है, जहां 6,91,216 राशन कार्ड और 30,56,416 लाभार्थी हैं। छठे स्थान पर गोरखपुर हैं जहां 6,72,749 राशन कार्ड बनाए गए, जिनसे 26,79,692 लोग लाभान्वित हो रहे हैं।



सातवें स्थान पर आजमगढ़ है जहां 6,70,679 राशन कार्ड और 30,86,602 लाभार्थी हैं। राशनकार्ड वितरण में बरेली आठवां स्थान हासिल किया है यहां 6,70,677 राशन कार्ड के जरिए 29,19,581 लाभार्थियों के मुफ्त राशन का लाभ मिल रह है। वहीं नौवें स्थान पर सिद्धार्थनगर है यहां 5,89,160 राशन कार्ड और 16,97,709 लाभार्थी हैं, जबकि 10वें स्थान पर लखीमपुर खीरी है जहां 5,86,592 राशन कार्ड और 23,95,374 लाभार्थी दर्ज किए गए हैं। ये आंकड़े योगी सरकार की इस योजना की सफलता को दर्शाते हैं। अंत्योदय राशन कार्ड वितरण में भी कई जिले शीर्ष पर हैं। आंकड़े के अनुसार, गोरखपुर ने अत्यंत गरीबों को चिन्हित कर उनको राशन कार्ड जारी करने में बाजी मारी है। यहां 1,26,392 अंत्योदय राशन कार्ड बनाए, जिनसे 4,56,750 लाभार्थी जुड़े हैं। दूसरे स्थान पर सीतापुर है जहां 1,11,714 अंत्योदय राशन कार्ड और 3,09,470 लाभार्थी हैं। लखीमपुर खीरी ने तीसरा स्थान हालिल किया है जहां 1,09,395 अंत्योदय राशन कार्ड और 2,95,862 लाभार्थी दर्ज किए गए हैं। चौथे स्थान पर आजमगढ़ है यहां 1,05,782 अंत्योदय राशन कार्ड के जरिए 41,4,541 लाभार्थियों को राशन का लाभ मिल रहा है।

# यूपी के कई जिलों में गिरे ओले पूर्वांचल में चार लोगों की मौत

महानगर संवाददाता
लखनऊ



राजधानी में रविवार को दिन चढ़ने के साथ तपिश और उमस महसूस की गई, लेकिन दोपहर बाद तेज हवाओं और बादलों की आवाजाही से मौसम बदला। दोपहर बाद पुराने लखनऊ, ठाकुरगंज और बाराबंकी तथा हरदोई सीमा से सटे इलाकों में फुहारें भी पड़ीं। इस दौरान 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि सोमवार को ऐसा ही मौसम रहने वाला है।

इसके पहले रविवार को रायबरेली सहित अवध के कई जिलों में ओले गिरे। अवध के साथ पूर्वांचल में भी मौसम बिगड़ा रहा। यहां बिजली और दीवार गिरने से चार लोगों की मौत हो गई। मौसमी बदलाव से दिन के तापमान में 0.6 डिग्री और रात में 1.1 डिग्री की गिरावट आई है। बादलों की आवाजाही और तेज हवाओं ने शाम का मौसम बेहद खुशनुमा बना दिया। अधिकतम तापमान 37.9 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र अमौसी के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के साथ ही उत्तरी-पश्चिमी राजस्थान और पश्चिमी यूपी के ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है। वहीं पूर्वा और दक्षिणी पश्चिमी हवाओं के समागम का भी प्रभाव है। इन वजहों से लखनऊ सोमवार को भी गरज चमक के साथ कहीं कहीं फुहारें पड़ सकती हैं। मंगलवार से सिस्टम कमजोर पड़ने के आसार हैं। पूर्वांचल में रविवार को मौसम का मिजाज बदल गया। तेज हवाएं चलने और बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली।

# श्रावस्ती में चला योगी बुलडोजर

## आधा दर्जन से ज्यादा अवैध मदरसों को मिट्टी में मिलाया



महानगर संवाददाता
श्रावस्ती

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के निर्देश में भारत और बंगाल सीमा से सटे जिलों में अवैध धार्मिक कब्जों और बिना मान्यता के चलाए जा रहे मदरसा के खिलाफ बड़े स्तर पर कार्रवाई की जा रही है. इसी क्रम में रविवार को प्रदेश के श्रावस्ती जनपद में राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर आधा दर्जन से ज्यादा मदरसों पर बुलडोजर चला दिया है. ये मदरसा बिना मान्यता के अवैध तरीके से चलाया जा रहा था. जिला प्रशासन द्वारा की अवैध तरीके से बनाए गए इन मदरसों के खिलाफ प्रशासन द्वारा की गई इस कार्रवाई से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है. यहां लगभग आधा दर्जन से ज्यादा मदरसों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया. ये मदरसे सरकारी ज़मीन पर बनाए गए थे. प्रशासनिक टीम ने इन मदरसा प्रबंधकों को पहले ही नोटिस जारी कर दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा था लेकिन, संतोषजनक जवाब नहीं मिलने के बाद ये कार्रवाई की गई.

बता दें कि यूपी में सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नेपाल सीमा से सटे पीलीभीत, श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज समेत आसपास के इलाकों में अवैध निर्माण के खिलाफ बीते दस दिनों में तेजी से कार्रवाई की जा रही है. इसके तहत नेपाल सीमा के दस किमी अंदर तक के क्षेत्र में अवैध धार्मिक कब्जों और बिना मान्यता के चल रहे मदरसों को या तो हटाया गया है या फिर उन्हें सील कर दिया गया है. यूपी सरकार ने स्पष्ट किया है कि नेपाल सीमा के 10 किलोमीटर दायरे में किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे, धार्मिक या शैक्षणिक संस्थान के अवैध संचालन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

### श्रावस्ती में 6 मदरसों को जमीदोज किया गया

भारत-नेपाल सीमा की सीमा से सटे श्रावस्ती जनपद में सुबह से ही पुलिस फोर्स के साथ पहुंची प्रशासन की टीम ने कार्रवाई शुरू की जिसके बाद देखते ही देखते कई मदरसों की इमारतों को जमींदोज कर दिया गया. जनपद में अतिक्रमण के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान के तहत अब तक 68 मदरसों को सील किया जा चुका है और 164 स्थानों पर कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है.

# 77 साल में पहली बार रामकेवल ने पास की 10th की परीक्षा

**बाराबंकी।** सुनने में यह भले ही अजीब लगे लेकिन हकीकत है कि बाराबंकी जिले के रामसनेहीघाट स्थित एक गांव में आजादी के बाद 77 साल के इतिहास में पहली बार किसी छात्र ने हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की है। जिला प्रशासन ने इस उपलब्धि के लिए छात्र को सम्मानित किया है।जिला विद्यालय निरीक्षक ओ. पी. त्रिपाठी ने सोमवार को बताया कि रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र के बनीकोंडर विकासखंड स्थित निजामपुर गांव में 15 वर्षीय छात्र रामकेवल ने माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की हाईस्कूल की परीक्षा में 55 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता हासिल की है।

# भगवान राहुल गांधी को दें सद्बुद्धि : साक्षी महाराज

## नेता विपक्ष पर भाजपा सांसद का तंज

महानगर संवाददाता
उन्नाव



कांग्रेस सांसद और नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा भगवान श्रीराम को काल्पनिक बताए जाने के बाद से बीजेपी राहुल गांधी और कांग्रेस पर हमलावर है। उत्तर प्रदेश के उन्नाव से बीजेपी सांसद साक्षी महाराज ने राहुल गांधी को लेकर बड़ा बयान दिया है। राहुल गांधी के बयान पर सांसद साक्षी महाराज ने पलटवार करते हुए कहा कि भगवान राहुल गांधी को सद्बुद्धि दें। बीजेपी सांसद साक्षी महाराज ने कहा कि राम आस्था का विषय ही नहीं है, इस राष्ट्र की आत्मा है। पूरे विश्व मे राम की जय-जयकार हो रही है। यह तो वही स्थिति हो गई कि सूर्य निकले और उल्लू को दिखाई न दें। राम सर्वव्यापी है, राम कण-कण में समाए हुए हैं, पूरे विश्व मे राम की आस्था को प्रणाम किया जा रहा है। राहुल गांधी को नहीं दिखाई दे रहा तो इसका इलाज हमारे पास नहीं है।



### यूपी की मंत्री बेबी रानी मौर्य ने जताई थी आपत्ति

इससे पहले उत्तर प्रदेश सरकार की मंत्री बेबी रानी मौर्य ने राहुल गांधी के बयान पर आपत्ति जताई थी। मुरादाबाद में महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा, 'राहुल गांधी ने कभी रामायण पढ़ी हो, राहुल गांधी की माँ ने रामायण पढ़ी हो, तब तो वो मानेंगे की भगवान राम क्या थे। क्या उन्होंने गरीबो और भीलों के लिए किया था, जिन्होंने सबको एक सूत्र में पिरोहा ऐसे थे, भगवान श्री राम, उन्हें रामायण को गम्भीरता से पढ़ना चाहिए।' गौरतलब है कि अमेरिकी दौरे के दौरान पिछले दिनों राहुल गांधी ने ब्राउन यूनिवर्सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि सभी पौराणिक पात्र हैं। भगवान राम उसी प्रकार के थे, वे क्षमाशील थे और वे दयालु थे। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के इस बयान के बाद बीजेपी राहुल गांधी पर हमलावर हो गई।

# चाची के घर से लौट रही किशोरी से दुराचार का प्रयास

**लखनऊ।** नगराम कोतवाली में महिला ने बेटी के साथ दुराचार का प्रयास करने वाले आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। घटना के वक्त पीड़िता चाची के घर से टीवी देख कर वापस आ रही है। महिला के मुताबिक 15 वर्षीय बेटी शनिवार दोपहर घर के पास रहने वाली चाची के घर गई थी। टीवी देख कर लौट रही किशोरी को आलोक उर्फ सिद्धार्थ ने चारपाई बिछाने में मदद करने के बहाने से घर बुलाया। किशोरी के मकान में पहुंचते ही आरोपित छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर मारपीट की। आलोक से बचने के लिए किशोरी ने उसके हाथ पर काट लिया।

# जगदगुरू परमहंस आचार्य की सुरक्षा में कटौती

## हनुमानगढ़ी से मिला समर्थन

महानगर संवाददाता
अयोध्या



तपस्वी छावनी पीठाधीश्वर जगदगुरु परमहंस आचार्य की सुरक्षा में कटौती की गई है। इसके बाद तपस्वी छावनी पीठाधीश्वर ने गंभीर आरोप लगाते हुए तपस्वी छावनी पर कब्जे की आशंका व्यक्त करते हुए हनुमानगढ़ी से मदद मांगी है। जिस पर हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन महंत और निर्वाणी अनी अखाड़ा के महासचिव के नेतृत्व में उज्जैनिया पट्टी के महंत संत रामदास के आवास पर हनुमानगढ़ी के संतों ने बैठक कर एकमत से तपस्वी छावनी पर किसी भी तरीके के कब्जे का विरोध करते हुए जगदगुरु परमहंस आचार्य का सहयोग करने की घोषणा करते हुए हनुमान जी की प्रतिमा भेंट की।

दरअसल तपस्वी छावनी मंदिर पर काफी लंबे समय से विवाद चल रहा है। मंदिर के महंत जगदगुरु परमहंस आचार्य के गुरु सर्वेश्वर दास के निधन के बाद भी मंदिर पर कब्जे का प्रयास किया गया था। इसके बाद हनुमानगढ़ी की तरफ से तपस्वी छावनी पर जगदगुरु परमहंस आचार्य को महंत नियुक्त किया गया था। हनुमानगढ़ी के संतों की ओर से अब परमहंस आचार्य का समर्थन करने की घोषणा की गई है। संतों ने कहा कि तन, मन और धन से संत समाज तपस्वी छावनी को बचाने का प्रयास करेगा। तपस्वी छावनी के पीठाधीश्वर जगदगुरु परमहंस आचार्य ने आरोप लगाया कि उनके मंदिर और उनकी सुरक्षा हटा ली गई है। मंदिर पर कब्जा करने को लेकर किसी व्यक्ति की ओर से पहले सूचित किया गया था। जब हमने सूचना को सही नहीं माना तो फिर अचानक ही हमारे मंदिर और हमारी सुरक्षा हटा ली गई।

# कौशांबी के मंगल सरोज ने Dream 11 पर जीते 4 करोड़



**कौशांबी।** यूपी के कौशांबी जिले के मंगल सरोज की किस्मत रातों-रात चमक गई। वह करोड़पति बन गया। दरअसल उन्होंने dream11 अप में टीम बनाकर 39 रुपए लगाए और चार करोड़ रुपए जीत लिया। इस जीत पर उसके परिवार के साथ ही साथ पूरे गांव में खुशी का माहौल है। सभी से बधाई दे रहे हैं। सरायअकिल के घासीराम का पुरवा निवासी मंगल प्रसाद ड्रीम 11 पर जीत कर करोड़पति बन गए हैं। मंगलप्रसाद हापुड़ जिले में प्लाई बोर्ड बनाने वाली कंपनी में काम करते हैं। 29 अप्रैल के ड्रीम 11 ऐप के माध्यम से मंगल प्रसाद ने टीम बनाई थी। पंजाब व चेन्नई के बीच खेले गए मैच में करोड़ों रुपए जीते हैं। इसकी जानकारी होते ही, लोग मंगल को बधाई दे रहे हैं। सोशल मीडिया में मंगल प्रसाद छाया हुआ है। जीती गई रकम में से मंगल को दो करोड़ 80 लाख ही मिलेंगे, 30 फीसदी रकम टैक्स में कट जाएगी। आपको बता दें मंगल सरोज पिछले कई महीने पहले ड्रीम11 पर टीम बनाने की शुरुआत की। उन्होंने 29 अप्रैल को ड्रीम11 पर 39 रुपए लगाकर गेम खेला और 4 करोड रुपए जीत लिए। वह पिछले कई महीनो से गेम खेल रहा था।

# यूपी के सरकारी भवनों पर गोबर वाले पेंट लगाने को अखिलेश ने बताया 'गोबरनामा'

महानगर संवाददाता
लखनऊ

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने सरकारी भवनों पर गोबर से बने पेंट के इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर जोर दिया है। जिस पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तंज कसा है। सपा अध्यक्ष ने कहा सीएम योगी पर निशाना साधते हुए उनके इस बयान को 'गोबरनामा' करार दिया और कहा कि ये बीजेपी सरकार का नया कारनामा है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव सोशल मीडिया पर खासे एक्टिव रहते हैं और सीएम योगी की नीतियों पर निशाना साधने का कोई मौका नहीं छोड़ते। सीएम योगी ने जब सरकारी भवनों पर गोबर से बने पेंट को बढ़ावा देने की बात की तो अखिलेश यादव ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी और



उनकी सलाह को 'गोबरनामा' कह डाला। सपा अध्यक्ष ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर सीएम योगी के निर्देशों पर तंज कसते हुए लिखा- 'गोबरनामा : भाजपा सरकार का नया कारनामा'।

### सरकारी भवनों पर गोबर से निर्मित पेंट

दरअसल रविवार को सीएम योगी ने लखनऊ में अपने सरकारी आवास पर उच्चस्तरीय बैठक की थी। जिसमें पशुपालन विभाग और दुग्ध विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गोवंश संरक्षण केंद्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए और गोबर से निर्मित प्राकृतिक पेंट का प्रयोग सरकारी भवनों में भी करने तथा पेंट प्लांट्स की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुपालन और दुग्ध विकास प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार है। यह क्षेत्र केवल दुग्ध उत्पादन तक सीमित नहीं, बल्कि इसमें आजीविका, पोषण सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण की भी व्यापक सम्भावनाएं हैं। इसके साथ ही उन्होंने गो आश्रय स्थलों में केयर टेकरों की तैनाती से लेकर उनके मानदेय का समय से भुगतान, भूसा बैंक बनाने, पानी, हरे चारे और चोकर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने पर भी जोर दिया। सीएम योगी लगातार गोवंश की सुरक्षा और स्थिति बेहतर करने पर काम कर रहे हैं।

# मथुरा में 2 दर्जन से ज्यादा बंदरों की एयरगन से हत्या

## आरोपी गिरफ्तार

महानगर संवाददाता
मथुरा



यूपी के मथुरा से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां 2 दर्जन से अधिक बंदरों की एयर गन से गोली मारकर हत्या कर दी गई है। धार्मिक नगरी में बंदरों की हत्या से लोगों में आक्रोश है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृत बंदरों के शव कब्जे में लिए हैं। मामला मथुरा के गोवर्धन गिरिराज पर्वत के पास गोविंद कुंड का है। मिली जानकारी के मुताबिक, इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामला मथुरा से है। यहां गोवर्धन थाना क्षेत्र स्थित गिरिराज पर्वत किनारे गोविंद कुंड पर एक दर्जन से अधिक बंदरों की निर्मम हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया। यहां मृत पड़े बंदरों के शरीर पर एयर गन की गोली के जख्म मिले हैं। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृत बंदरों के शव कब्जे में कर पोस्टमार्टम को भेज दिए हैं। हालांकि ग्रामीणों के मुताबिक, गोविंद कुंड के समीप जानकी दास आश्रम में रहने वाले विदेशी नागरिक ने बंदरों पर एयर गन से प्रहार कर हत्या की है। वहीं एसपी ग्रामीण त्रिगुण विसेन का कहना है कि बंदरों के शव कब्जे में लिए गए हैं। पोस्टमार्टम के बाद मौत के कारण स्पष्ट होने पर अग्रिम विधि कार्रवाई की जाएगी। मथुरा की इस घटना से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। लोगों का कहना है कि बेजुबान जानवर की हत्या करके क्या साबित किया जाना है?

# राजा भैया के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले गुलशन की एक करोड़ की संपत्ति कुर्क

महानगर संवाददाता
प्रतापगढ़



यूपी के प्रतापगढ़ के नगर पंचायत कुंडा के पूर्व चेयरमैन, वर्तमान में सपा के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष गुलशन यादव की पत्नी के मालिकाना हक वाले करीब एक करोड़ के मकान को पुलिस प्रशासन ने मुनादी कराकर कुर्क कर दिया। इससे पहले गुलशन यादव के तीन बैंक खातों को भी सीज किया। मानिकपुर के मऊदारा निवासी गुलशन यादव पूर्व चेयरमैन हैं। मौजूदा समय में वह समाजवादी पार्टी के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष हैं। गुलशन के खिलाफ विभिन्न थानों में गैंगस्टर लगने के कारण जिला मजिस्ट्रेट ने अपराध करके बनाई गई सात करोड़ 15 हजार रुपये की संपत्तियों को कुर्क करने का आदेश दिया है। मामले के विवेचक संग्रामगढ़ एसओ सत्येन्द्र भदौरिया, कुंडा कोतवाल सत्येन्द्र सिंह रविवार को पुलिस टीम, के साथ कुंडा नगर में हाईवे स्थित मकान पर पहुंचे। पुलिस प्रशासन ने उसे कुर्क करते हुए बोर्ड लगा दिया। ढोल बजाकर मुनादी कराते हुए मकान में ताला लगाकर सील कर दिया गया।


# 24 साल में 12 गुना बढ़ी काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या

महानगर संवाददाता
वाराणसी

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में 24 साल में कई बड़े बदलाव हुए हैं। मंदिर अब धाम बन चुका है। श्रद्धालुओं की संख्या भी 12 गुना से ज्यादा हो गई है। मंदिरों की मणिमाला के भी दर्शन श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध है। मंदिर की आय भी चार गुना से ज्यादा हो गई है। 2000-01 के दौरान सामान्य दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या अधिकतम 10 से 15 हजार रोजाना हुआ करती थी। धाम बनने के बाद रोज का यह आंकड़ा डेढ़ से दो लाख हो गया है। धाम का लोकार्पण 13 दिसंबर 2021 को हुआ था। तब से मई 2024 तक मंदिर में 16.22 करोड़ श्रद्धालु दर्शन-पूजन कर चुके हैं। 2017-18 में मंदिर की आय 20.14 करोड़ रुपये थी, वह 2023-24 में बढ़कर 86.79 करोड़ हो गई।

24 साल में शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी में बड़ा बदलाव आया है। पिछले 12 साल में ही सात नए फ्लाईओवर और तीन नए रिंग रोड, दो फोरलेन बन गए। इससे काशी सहित आसपास के जिलों और दूसरे राज्यों तक पहुंच आसान हो गई है। हर जिले से एयरपोर्ट की दूरी कम हो गई। देश की पहली और दुनिया की तीसरी पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोपवे की परियोजना धरातल पर उतर रही है। श्री काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर ने तो काशी मॉडल को देश के कोने-कोने तक पहुंचाया है। आईआईए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके चौधरी ने बताया कि वाराणसी में सिंगल रोड और कहने को गंगा पर दो ओवरब्रिज थे। राजघाट और विश्वसुंदरी पुल। मगर, अब बलुआ ओवरब्रिज, सामनेघाट पुल समेत गंगा पर चार ओवरब्रिज हैं। शहर के अंदर में आशापुर फ्लाईओवर, पांडेयपुर फ्लाईओवर, चौकाघाट-लहरतारा फ्लाईओवर, ककरमत्ता-महमूरगंज फ्लाईओवर और कज्जाकपुरा फ्लाईओवर के निर्माण के साथ ही शिवपुर-बाबतपुर फोरलेन और फुलवरिया फोरलेन ने तो सुगम यातायात में चार चांद लगा दिया है।

मोहनसराय से लहरतारा तक सिक्स लेन सड़क निर्माण शहर के विकास में बड़ा योगदान देगा। बेहतर कनेक्टिविटी और सुगम यातायात के कारण वाराणसी ही नहीं बल्कि पूर्वांचल में औद्योगिक विकास तेजी से हुआ।



### वाराणसी के खाते में देश की सेमी हाईस्पीड छह वंदे भारत

*ट्रेनों की रफ्तार 70 से 80 बढ़कर 110 से 130 किलोमीटर प्रतिघंटे तक पहुंच हुई है। वाराणसी से प्रयागराज और गोरखपुर, लखनऊ तक दोहरीकरण, विद्युतीकरण का काम पूरा हो गया है। वाराणसी कैंट से ही पांच वंदे भारत और बनारस से आगरा के बीच एक वंदे भारत का संचालन हो रहा है। नई दिल्ली रूट पर दो वंदे भारत, पटना-लखनऊ रूट पर एक, रांची और देवघर रूट पर एक-एक वंदे भारत तो बनारस स्टेशन से आगरा रूट पर एक वंदे भारत का संचालन हो रहा है। महामना, महाकाल जैसी ट्रेनें भी वाराणसी को मिली हैं।*

# छह मंजिला इमारत में लगी आग, जूता कारोबारी सहित चार की मौत

महानगर संवाददाता
कानपुर



चमनगंज थानाक्षेत्र के घनी आबादी वाले प्रेमनगर इलाके में रविवार रात 9:30 बजे छह मंजिला इमारत के भूतल में जूते बनाने वाले कारखाने में आग लग गई। ऊंची-ऊंची लपटें देख अफरातफरी मच गई। दमकल की 35 गाड़ियां देर रात तक आग बुझाने की कोशिश में जुटी रहीं। इमारत में कई लोगों के फंसे होने की आशंका पर रेस्क्यू अभियान भी शुरु किया गया।

रात करीब तीन बजे दमकलकर्मियों ने इमारत में फंसे जूता कारोबारी दानिश, उसकी पत्नी नाजनीन और तीन बेटियों के जले हुए शव निकाले। शॉर्ट सर्किट से आग लगने का अंदेशा जताया जा रहा है। प्रेमनगर में दानिश की छह मंजिला इमारत है। इसमें दानिश और उसके भाई कासिफ का ही परिवार रहता है। । भूतल पर दानिश का मिलिट्री के जूते बनाने का कारखाना है। इसके ऊपर गोदाम है। इमारत के अन्य तलों में जूते रखे हुए थे।

रविवार को कारखाना बंद था। रात करीब 9:30 बजे कारखाने में आग लग गई। आग को बढ़ता देख इमारत में रह रहे परिवार के लोग जान बचाकर भागे। सूचना पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा दमकल की कई गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे। दो सौ मीटर के दायरे को सील कर देर रात तक आग बुझाने के साथ ही बचाव अभियान शुरू किया गया।

एहतियातन आसपास की इमारतों को खाली कराया गया। सूचना पर एडीएम राजेश सिंह के अलावा एक दर्जन से ज्यादा थाने का फोर्स मौके पर पहुंच गया। देर रात तक आग बुझाने का काम जारी था। एसडीआरएफ को भी मौके पर बुला लिया गया था। इमारत में आग लगने से दरारें भी पड़ गईं हैं।

# NAVY ने मल्टीइंफ्लुएंस ग्राउंड माइन की सफल टेस्टिंग की

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

नौसेना और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने देश में ही बनी मल्टी-इंफ्लुएंस ग्राउंड माइन (MIGM) का सफल परीक्षण किया है। इस परीक्षण में कम विस्फोटक सामग्री का उपयोग किया गया, ताकि सुरक्षा मानकों का ध्यान रखा जा सके।



यह माइन समुद्र के नीचे दुश्मन के जहाजों को निशाना बनाने में सक्षम है। इसे भारत में पहली बार पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से बनाया गया है। इसका इस्तेमाल नौसेना की ताकत बढ़ाने और समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने में किया जाएगा।

इससे पहले NAVY ने INS सूरत से 24 अप्रैल को मिसाइल की टेस्टिंग की थी। NAVY ने समुद्र में तैर रहे एक छोटे टारगेट को नष्ट किया था। इसी दिन गुजरात के सूरत में दमन सी फेस पर INS सूरत तैनात कर दिया गया था। यह युद्धपोत 164 मीटर लंबा और 7,400 टन वजनी है। इसकी अधिकतम गति 30 नॉट्स (लगभग 56 किमी/घंटा) है। इसमें अत्याधुनिक हथियारों- ब्रह्मोस और बाराक-8 मिसाइल और AI बेस्ड सेंसर सिस्टम है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह से मुलाकात की। वहीं पिछले दिनों वे एयरचीफ मार्शल एपी सिंह और नेवी चीफ दिनेश कुमार त्रिपाठी से भी मिल चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वायुसेना प्रमुख ने प्रधानमंत्री मोदी को युद्ध की तैयारियों पर जानकारी दी। रविवार की इस मीटिंग में बताया कि एयर फोर्स हर हालात से निपटने को तैयार है। पश्चिमी सीमा पर डिफेंस नेटवर्क भी पूरी तरह एक्टिव है और राफेल भी तैयार हैं। इधर, भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर BSF ने पाकिस्तानी नागरिक को अरेस्ट किया है। आरोपी की गिरफ्तारी गांव ठाकुरपुर के पास सीमा पर हुई। आरोपी से पास आईडी कार्ड भी मिला है। जिस पर उसकी पहचान हुसनैन लिखी है और वह गुज्जरांवाला का रहने वाला है।

# चिनाब नदी सूखने से पाकिस्तान में टेंशन

**महानगर नेटवर्क**

**जम्मू**

कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद सीमांत क्षेत्रों में गोलीबारी कर कड़े तेवर दिखा रहे पाकिस्तान को सोमवार चिनाब नदी का पानी बंद होने से दूसरा बड़ा झटका लगा। बगलिहार, सलाल पन बिजली परियोजनाओं का पानी रोकने के कारण पाकिस्तान सीमा के पास स्थित चिनाब नदी सूख जाने के कारण सोमवार सुबह पाकिस्तान की ओर पानी जाना बंद हो गया। सीमा पर अपनी सेना की तैनाती बढ़ाने, बैलेस्टिक मिसाई परीक्षण करने वाले पाकिस्तान को भारत के पानी के हथियार की ताकत का अंदाजा हुआ।

अब झेलम पर बनी किशनगंगा परियोजना का पानी भी कम करने की तैयारी है। आतंकवाद को शह देने वाले पाकिस्तान को पहला बड़ा झटका तब लगा था जब पहलगाम हमले के बाद सिंधु जल संधि पर रोक लगा दी गई थी। अब उसे चिनाब नदी का पानी बंद कर संदेश दिया गया है कि वह बूंद-बूंद के लिए तरसेगा।

उन्होंने कहा कि यह दुश्मन के इलाके में जाए बिना उसके खिलाफ पानी की सर्जिकल स्ट्राइक है। वहीं क्षेत्र के बबलू का कहना है कि पहलगाम में पर्यटकों को मारने वाला पाकिस्तान भी बिना पानी के मरेगा। अखूनर के सभी लोग खुश हैं कि हमारे उपर गोलियां, मोर्टार दागने वाले पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाने के लिए कार्रवाई हुई है।

## पानी रोककर भारत ने दी क्लियर वॉर्निंग



### पहली बार सूखा चिनाब नदी

दोनों देशों के इतिहास में यह पहली बार है जब बांधों की सफाई के दौरान चिनाब नदी का पूरा पानी बंद किया गया है। पहले सफाई के दौरान भी पाकिस्तान के लिए डैम के कुछ जलद्वार खुले रखे जाते थे। अब चिनाब नदी पर बांधों से गाद हटाने के लिए पानी छोड़ा तो पाकिस्तान में बाढ़ आई व पानी बंद किया तो पाकिस्तान में सूखे के हालात पैदा हो गए। पानी रोके जाने से पाकिस्तान में हाहाकार मची व चिनाब पर बने कई परियोजनाओं में बिजली की पैदावार प्रभावित होने के साथ सिंचाई की नहरें भी सूख गईं। वहीं अपने जीवन में पहली बार सूखा हुआ चिनाब नदी का तल देखने को उमड़े सैकड़ों ग्रामीण जोश में दिखे। उनका कहना था कि पाक से पहलगाम का बदला लिया जा रहा है।

### डेढ़ फुट आ गया चिनाब का पानी

जम्मू संभाग में बगलिहार, सलाल पन बिजली परियोजनाओं के डैम बंद होने से अखनूर में चिनाब नदी सुबह पांच बजे तक सूख चुकी थी। सुबह सैर करने वाले लोगों के सूखी हुई चिनाब नदी देखने के बाद पूरे क्षेत्र में बात फैल गई कि पाकिस्तान का पानी रोक दिया गया है। नदी का जल स्तर 18 फीट से कम होकर सुबह दस बजे के करीब डेढ़ फुट तक पहुंच चुका था। ऐसे में पाकिस्तान में पानी जाना पूरी तरह से बंद हो गया। पाकिस्तान को सोमवार भारत के पानी की अहमियत करीब 12 घंटों तक महसूस हुई। दोपहर एक बजे के करीब चिनाब नदी का जलस्तर बढ़ने लगा। शाम छह बजे तक चिनाब नदी का जलस्तर 18 फुट तक पहुंच गया था। सूखी हुई नदी को पार करने वाले अखनूर के अंबारा के जगदीश कुमार ने जागरण को बताया कि कुछ घंटे तक चिनाब नदी का पानी रोक कर दुश्मन को कड़ा संदेश दिया गया है। पड़ोसी देश को लगता था कि पानी को रोकना संभव नहीं है।

# ज्ञानवापी वजूखाना सर्वे मामले में सुनवाई 4 जुलाई तक टली

**महानगर नेटवर्क**

**वाराणसी**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के वजूखाना क्षेत्र का पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI सर्वे) कराने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई टाल दी। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 4 जुलाई तय की है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने देशभर की अदालतों को धार्मिक स्थलों से संबंधित मामलों में किसी भी तरह का आदेश पारित करने से फिलहाल रोका हुआ है। यह याचिका राखी सिंह द्वारा दायर की गई है, जिसमें वाराणसी जिला न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें एएसआई को वजूखाना क्षेत्र के उस हिस्से को छोड़कर (जिसे हिंदू पक्ष शिवलिंग और मुस्लिम पक्ष फव्वारा बताता है) किसी भी प्रकार का सर्वेक्षण करने से रोका गया था।



याचिका में कहा गया है कि पूरे वजूखाना क्षेत्र का वैज्ञानिक सर्वे आवश्यक है, जिससे संपत्ति के धार्मिक स्वरूप का निर्धारण हो सके और अदालत एक निष्पक्ष और न्यायसंगत निर्णय पर पहुंच सके। याचिकाकर्ता ने यह भी कहा कि यह सर्वे दोनों पक्षों-वादियों और प्रतिवादियों के लिए लाभकारी होगा।

गौरतलब है कि जुलाई 2023 में वाराणसी जिला न्यायालय के आदेश पर एएसआई ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण पहले ही किया है और रिपोर्ट अदालत में जमा कर दी गई है। यह सर्वे इस प्रश्न की जांच के लिए किया गया था कि क्या मस्जिद किसी पूर्ववर्ती हिंदू मंदिर के अवशेषों पर बनाई गई थी। हालांकि, वजूखाना क्षेत्र को इस सर्वे से बाहर रखा गया था, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही उस क्षेत्र को लेकर यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया था।

# राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली की 10 लोकेशन पर NIA की छापेमारी

**नई दिल्ली।** कनाडा स्थित खालिस्तानी आतंकवादी अर्श दल्ला से जुड़े 2024 के नीमराणा होटल फायरिंग हमले के पीछे की साजिश की गहराई से जांच की गई। ये जांच NIA ने की है। एनआईए की टीम ने शनिवार को राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के 10 स्थानों पर छापेमारी की है। पिछले साल होटल हाईवे किंग के परिसर में 35 गोलियां बरसाई गई थीं। लोगों को आतंकित करने और धमकाने के उद्देश्य से ऐसा किया किया गया था। बाद में दोनों हमलावरों की पहचान बांबिया गिरोह के सदस्यों के रूप में की गई, जिनका दल्ला के आतंकवादी-गैंगस्टर नेटवर्क से संबंध था। इन दहशतगर्दों ने प्रतिबंधित हथियारों का इस्तेमाल किया था और होटल के मालिक और मैनेजर को जबरन वसूली के लिए धमकाया भी था।



मैनेजर को पहले भी अंतरराष्ट्रीय नंबरों से कई धमकी भरे कॉल आ चुके थे। दिसंबर में मामले को अपने हाथ में लेने वाली एनआईए ने हिंसक आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में लगे आरोपियों और संदिग्धों के परिसरों में की गई तलाशी के दौरान कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की थी। एनआईए के अनुसार, ये आरोपी आतंकवादी अर्श दल्ला और उसके सहयोगी दिनेश गांधी के इशारे पर आतंक के कृत्यों को अंजाम देने में शामिल थे।

# ऑनलाइन गेमिंग को लेकर धोनी, रोहित समेत कई क्रिकेटरों के खिलाफ हाईकोर्ट में PIL

**महानगर नेटवर्क**

**प्रयागराज**

ऑनलाइन गेमिंग के कारण कई नौजवानों ने अपनी जांन गवां दी है। कुछ लोगों को भले ही इससे फायदा हुआ है लेकिन लाखों लोग खासकर नौजवान और कई किशोर इसमें फंसकर बर्बाद भी हो रहे हैं। इसी को लेकर मामला हाईकोर्ट पहुंचा है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी के बढ़ते चलन पर अंकुश लगाने के लिए जनहित याचिका दाखिल की गई है। इसमें भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, रोहित शर्मा, बल्लेबाज शिखर धवन, ऋषभ पंत, रविंद्र जडेजा और अभिनेता ऋतिक रोशन सहित कई मशहूर हस्तियों पर देश के युवाओं और नाबालिगों को ऑनलाइन गेमिंग में सट्टा लगाने के लिए उकसाने का आरोप है। क्रिकेटरों के साथ ही कई अभिनेताओं पर भी ऐसा ही आरोप लगाया गया है। याचिकाकर्ता गणेश मणि त्रिपाठी ने इन सभी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए ऑनलाइन गेमिंग और इसके प्रचार पर रोक लगाने का आग्रह किया है।



याचिका में कहा गया है कि ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी की गिरफ्त में फंसकर युवा और नाबालिग गाढ़ी कमाई खो रहे हैं। याचिका में न्यायालय से ऑनलाइन गेमिंग माई-11 सर्कल व ड्रीम-11 पर कार्रवाई करने के लिए डीएम प्रयागराज, केंद्र- राज्य सरकार व अन्य को निर्देश देने की मांग की गई है। साथ ही क्रिकेटरों व अभिनेताओं पर विज्ञापन के जरिए युवाओं व नाबालिगों को ऑनलाइन गेमिंग/जुआ/सट्टा के लिए उकसाने के संबंध में उचित कार्रवाई की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि मशहूर क्रिकेटर व अभिनेता अपनी लोकप्रियता और प्रभाव से युवाओं, खासकर नाबालिगों को ऑनलाइन गेमिंग की ओर आकर्षित कर रहे हैं। इससे नाबालिग अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं, वहीं उनके मानसिक स्वास्थ्य पर इसका गहरा प्रभाव पड़ रहा है।

# दंगे भड़काने वाले बंगाल के दुश्मन: ममता

## जल्द ही मीडिया के सामने करूंगी पर्दाफाश

**महानगर नेटवर्क**

**मुर्शिदाबाद**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर सोमवार को सांप्रदायिक नफरत फैलाने और देश की सीमा की सुरक्षा करने में नाकाम रहने का आरोप लगाया। बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद में हाल की हिंसा से प्रभावित परिवारों को भाजपा द्वारा उनसे मिलने से रोका जा रहा है। पिछले महीने हुए दंगों के बाद पहली बार मुर्शिदाबाद पहुंचने पर बनर्जी ने कहा, "कुछ बाहरी लोग और कुछ धार्मिक नेता समुदायों के बीच हिंसा और दुश्मनी भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। जो लोग दंगे भड़का रहे हैं, वे पश्चिम बंगाल के दुश्मन हैं।"

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) की तीखी आलोचना करते हुए तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने आयोग के सदस्यों के मुर्शिदाबाद के हालिया दौरे के मद्देनजर उसकी प्राथमिकताओं पर सवाल उठाया। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या एनएचआरसी के सदस्यों ने भाजपा शासित उत्तर प्रदेश और जातीय हिंसा प्रभावित मणिपुर का दौरा किया था, जहां अब राष्ट्रपति शासन है। बनर्जी ने आरोप लगाया, "क्या एनएचआरसी ने मणिपुर और उत्तर प्रदेश का दौरा किया? वे मुर्शिदाबाद का दौरा करने में तत्पर थे। जिस तरह 2016 में नोटबंदी की घोषणा के एक दिन बाद ऑनलाइन भुगतान मंच ने अखबारों में पहले पन्ने पर विज्ञापन दिए थे, उसी तरह एनएचआरसी ने दंगे होने के तुरंत बाद मुर्शिदाबाद का दौरा किया। इसलिए मैं कह रही हूं कि यह पूर्व नियोजित था।"




### 'दंगे प्रभावितों से मिलने से रोका गया, क्या यह अपहरण नहीं है?'

उन्होंने दावा किया, "मैंने अधिकतर साजिशों का पर्दाफाश कर दिया है, मैं मीडिया के सामने इसका पर्दाफाश करूंगी।'' बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा ने मुर्शिदाबाद दंगों से प्रभावित परिवारों को 'जबरन' अन्य स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया ताकि वे उनसे मिल न सकें। उन्होंने कहा, "भाजपा मुर्शिदाबाद दंगों से प्रभावित लोगों के परिवारों को वहां से दूर ले गई ताकि वे मुझसे न मिल सकें। क्या यह अपहरण नहीं है? अगर मैं उनसे यहीं मिलती और उन्हें चेक सौंपती तो क्या नुकसान होता।" मुख्यमंत्री ने केंद्र को अपनी चेतावनी दोहराते हुए कहा, "सांप्रदायिक हिंसा भड़काने के बजाय, हमारी सीमाओं की रक्षा के लिए प्रयास किए जाने चाहिए।" उन्होंने केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी को उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी की भी याद दिलाई। उन्होंने कहा, "जब आप कुर्सी पर होते हैं, तो आप लोगों को धार्मिक आधार पर नहीं बांट सकते।"

# दो आतंकी ठिकानों का खुलासा कराने वाले OGW का मिला शव

**जम्मू।** कुलगाम जिले के आदबाल वटू क्षेत्र में रविवार को एक आतंकी मददगार का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान इम्तियाज अहमद नगराय (23) निवासी तंगमार्ग के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने नाले से शव देखने के बाद पुलिस को सूचित किया। पुलिस के अनुसार, कुछ दिन पहले पूछताछ के दौरान इम्तियाज ने दो पाकिस्तानी आतंकियों के छिपने के ठिकाने के बारे में जानकारी दी थी। पुलिस से बचने के लिए वह नदी के रास्ते भागने की फिराक में था। उस पर ड्रोन से नजर रखी जा रही थी। अधिकारियों के अनुसार, इम्तियाज तंगमार्ग जंगल में भी आतंकी ठिकाने के बारे में जानता था, जिसे सुरक्षाबलों ने ध्वस्त कर दिया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मददगार इम्तियाज ऊंची जगह से लिए गए एक वीडियो में जंगल में कुछ देर तक घूमने के बाद अचानक चट्टानी नदी में कूदते हुए दिखा है। शनिवार को पुलिस ने उसे हिरासत में लिया था। हिसारत में पूछताछ में उसने पुलिस को बताया था कि कुलगाम के तंगमर्ग के जंगल में छिपे आतंकवादियों को भोजन और रसद मुहैया कराई थी।



## लव जिहाद पर भड़के बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर

# अकेला धीरेंद्र शास्त्री कुछ नहीं कर सकता...

**महानगर नेटवर्क**

**छतरपुर**

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने देश में लव जिहाद के मामलों पर चिंता जताई है, साथ ही उन्होंने इसके पीछे की वजह बताते हुए अभिभावकों को जरूरी सलाह भी दी है। आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा, 'इस देश का दुर्भाग्य है, बुंदेलखंड के लोगों का भी दुर्भाग्य है। देश में लव जिहाद के मामलों के बढ़ने का सबसे बड़ा कारण है अपनी बच्चियों के संस्कार पर ध्यान नहीं दिया जाना। हम सभी भारतीय हिंदुओं से यह प्रार्थना करते हैं कि आप अपने बच्चों को संस्कारवान बनाओ। आप बच्चों को खूब अंग्रेजी पढ़ाओ, सब कुछ पढ़ाओ लेकिन अपने बच्चों को इतना कट्टर बनाओ कि आपकी बेटी, आपका बेटा दूसरे मजहबों के चक्कर में न पड़े' उन्होंने कहा, 'आपकी बेटी यदि दूसरे मजहबों के चक्कर में पड़ गई तो निश्चित रूप से यह समाज के लिए दुर्भाग्य की बात है। ये इन लोगों की सोची-समझी हुई साजिश है, इनमें सभी नहीं लेकिन कुछ मुसलमान देश को गजवाई बनाना चाहते हैं, इनको विदेशों जो इनके आका बैठे हैं, वहां से इनको फंडिंग करते हैं। ये प्रायोजित तरीके से देश में दंगा, हिंदुओं पर अत्याचार कर रहे हैं, ताकि हिंदू डर जाए, हिंदी मिट जाए, हिंदू भाग जाए'।



धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि हिंदू इस बात को समझ नहीं रहा, हिंदू एकजुट नहीं हो रहा है। हिंदू छुआछूत में अभी भी पड़ा हुआ है। हिंदू क्षेत्रवाद में अभी भी पड़ा हुआ है। हम निश्चित रूप से ये कह सकते हैं कि हिंदू अपनी मौत को खुद बुला रहा है। उन्होंने कहा, 'आखिर एक धीरेंद्र शास्त्री कब तक इस देश को बचाएगा। घर-घर जब तक धीरेंद्र शास्त्री नहीं होंगे तब तक भारत हिंदू राष्ट्र नहीं बनेगा'।

# पहलगाम हमले में अल उमर मुजाहिद्दीन का हाथ

**श्रीगनर।** पहलगाम हमले की जांच कर रही NIA बैसरन वैली के हमलवरों के साथ साजिशकर्ताओं तक पहुंचने के लिए लगातार जांच में जुटी है। एनआईए को आतंकी हमले के चश्मदीद, स्थानीय लोगों के साथ आतंकियों और ओजीडब्ल्यू वर्कर्स से पूछताछ में काफी अहम सुराग हाथ लगे हैं। सूत्रों के अनुसार पहलगाम आतंकी हमले के पीछे अल उमर मुजाहिदीन के मुखिया मुश्ताक अहमद जरगर की भूमिका है। एनआईए की जांच में पता चला है कि उसके समर्थकों ने पहलगाम हमले के OGW की मदद की थी। सूत्रों की मानें तो बैसरन में आतंकी हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों को पाकिस्तान में ट्रेनिंग दी गई थी।

# जोधपुर रेलवे स्टेशन पर जल्द मिलेगी विश्वस्तरीय यात्री सुविधाएं : वैष्णव

**स्थानीय कला, संस्कृति और विरासत के संरक्षण से होगा पुनर्विकास**

## द्वितीय प्रवेश द्वार को आकर्षक और सुविधाओं से सुसज्जित बनाने के निर्देश

**महानगर नेटवर्क**

**जोधपुर**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि देश के ऐतिहासिक रेलवे स्टेशनों में शुमार जोधपुर रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास सूर्यनगरी की समृद्ध विरासत का संरक्षण करते हुए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी पुनर्विकास के पश्चात जोधपुर भव्य रेलवे स्टेशन बन जायेगा तथा यहां आने वाले प्रत्येक यात्री को एयरपोर्ट जैसी विश्व स्तरीय आधुनिक सुविधा मिलना प्रारंभ हो जाएगी।

सोमवार को संक्षिप्त दौरे पर जोधपुर आए रेल मंत्री ने जोधपुर रेलवे स्टेशन के 474 करोड़ रुपए की लागत से कराए जा रहे पुनर्विकास कार्यों की प्रगति का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में वैष्णव ने कहा कि जोधपुर रेलवे स्टेशन के सिरे से पुनर्निर्माण का कार्य बेहद महत्वपूर्ण है तथा केंद्र सरकार के इस फैसले से यात्रियों को उच्च स्तरीय सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि जोधपुर रेलवे स्टेशन के विकास में दो बड़े उद्देश्य निहित है एक, शहर स्टेशन के दोनों ओर बढ़ गया है उसके हिसाब से इसका द्वितीय प्रवेश द्वार अच्छा व सुविधायुक्त बनाने की जरूरत थी और यह इस पुनर्विकास का एक बहुत महत्वपूर्ण पार्ट है। दूसरा,शहर के बढ़ते यातायात के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा हेतु स्टेशन पर प्रवेश के लिए एक एलिवेटेड रोड बनाने का प्लान है जिससे आगन्तुकों को पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह मिल सकेगी। रेल मंत्री ने कहा कि इन सब सुविधाओं के साथ ही रेलवे स्टेशन पर एक बहुत अच्छा और सुविधाजनक एयर कोनकोर्स व रूफ प्लाजा का निर्माण भी किया जाएगा जिस पर यात्री आराम से बैठकर अपनी ट्रेनों की प्रतीक्षा कर सकेंगे। जोधपुर से लंबी दूरी की नई ट्रेनों, वंदे भारत और नई रेल लाइनों के सवाल के जवाब में वैष्णव ने जानकारी दी की जोधपुर से ट्रेन के माध्यम से कुछ और शहरों से सीधी कनेक्टिविटी का प्लान है।




**IN THE COURT OF THE HON'BLE I SENIOR CIVIL JUDGE: CITY CIVIL COURT: AT HYDERABAD**

S.O.P No. 115 OF 2023

BETWEEN:

Polavaram Kalyani and others ...PETITIONERS

V/s

Titan Company Limited,
Rep by its Authorized Signatory & others ...RESPONDENTS

To
M/s. Tata Share Registry Consultancy Pvt. Ltd.
Regd. Office at Army & Navy Building,
148, Mahatma Gandhi Road, Fort Mumbai - 400 001,
Rep. by its Authorized Signatory ...Respondent No.2

WHEREAS the above named Petitioners herein filed the above Succession OP for grant of succession certificate, declaring the petitioners are beneficial owners in respect of 650 shares and 30 debentures standing in the name of deceased Late Polavaram Vanamali, which are lying before Respondent Nos. 1 to 8, which are more particularly and fully described in schedule annexed to the petition. The same is posted to 26-06-2025 for your appearance.

Therefore, you are hereby directed to be present yourself or through Advocate, positively, the above said Court on the above said date at 10.30 A.M failing which the matter will be heard and determined in your absence, exparte.

// By Order of the Hon'ble Court//

M/s. S. MALLA RAO,
K. SHASHIDHAR & J. SWATHI REDDY
E. SRINIVAS REDDY
Advocates
# H.No. 1-10-122/26, Street No.8
Ashoknagar, Hyderabad - 500 020
Cell No. 98480 11772


# ट्रंप ने अमेरिका से बाहर की फिल्मों पर लगाया शत प्रतिशत टैरिफ

**महानगर नेटवर्क**

**वाशिंगटन**

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की सरकार बनने के बाद दुनिया के तमाम देशों पर टैरिफ लगाने का सिलसिला शुरू हो गया। वहीं अब ट्रंप ने टैरिफ के मामले में फिल्मों को भी नहीं छोड़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को एक अहम घोषणा करते हुए कहा कि वह अमेरिका से बाहर बनने वाली फिल्मों पर भी 100 प्रतिशत का टैरिफ लगाएंगे। उन्होंने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि अमेरिका में फिल्म इंडस्ट्री तेजी से खत्म हो रही है। उन्होंने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया और कहा कि हम फिर से अमेरिका में बनी फिल्में चाहते हैं।



### हॉलीवुड को किया जा रहा तबाह

दरअसल, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर इस बात का ऐलान किया। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, "अमेरिका में फिल्म उद्योग बहुत तेजी से खत्म हो रहा है। दूसरे देश हमारे फिल्म निर्माताओं और स्टूडियो को अमेरिका से दूर करने के लिए हर तरह के प्रोत्साहन दे रहे हैं। हॉलीवुड और अमेरिका के कई अन्य क्षेत्रों को तबाह किया जा रहा है। यह दूसरे देशों द्वारा किया गया एक संगठित प्रयास है और इसलिए यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। यह बाकी सब चीजों के अलावा संदेश और प्रोपगेंडा भी है!"

ट्रंप ने अपनी पोस्ट में आगे 100 प्रतिशत टैरिफ का जिक्र किया। उन्होंने लिखा, "मैं वाणिज्य विभाग और संयुक्त राज्य अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि को तुरंत हमारे देश में आने वाली सभी फिल्मों पर 100% टैरिफ लगाने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए अधिकृत कर रहा हूं, जो विदेशी भूमि में बनाई गई हैं। हम फिर से अमेरिका में बनी फिल्में चाहते हैं!" बता दें कि ट्रंप ने इससे पहले 2 अप्रैल को भारत और चीन सहित दुनिया के कई देशों पर टैरिफ लगाया था, जिसके बाद से दुनिया भर की स्टॉक मार्केट पर भी इसका असर देखने को मिला था। ट्रंप के टैरिफ से सबसे ज्यादा चीन प्रभावित हुआ है।

## फीनिक्स में हमलावरों ने नौ लोगों को मारी गोली!

ग्लेनडेल। अमेरिका में एक बार फिर गोलीबारी की बड़ी घटना हुई है। यह घटना फीनिक्स के एक रेस्तरां में हुई, जिसमें 9 लोगों को गोली मार दी गई। पुलिस ने घटना के बारे में जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि लगभग 7 बजकर 45 मिनट पर एल कैमरोन गिगांटे मैरिसकोस एंड स्टीकहाउस में गोलीबारी की सूचना मिली। पुलिस अधिकारी मेंडेज ने कहा कि प्रारंभिक जांच के दौरान पीड़ितों की संख्या तत्काल स्पष्ट नहीं हो पाई, लेकिन माना जा रहा है कि 9 लोगों को गोली मारी गई है। पीड़ितों की चिकित्सा स्थिति के बारे में तत्काल जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी है। मेंडेज के अनुसार, पुलिस का मानना है कि इस घटना में एक से अधिक शूटर शामिल थे। जांचकर्ताओं ने किसी संदिग्ध को हिरासत में नहीं लिया है, लेकिन कई लोगों से पूछताछ की जा रही है।


**कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका, कल्याण**

**यांत्रिकी (डोंबिवली विभाग)**

**- मुदतवाढीचे शुध्दीपत्रक -**

**निविदा सूचना क्र. ८/२०२५-२६**

Tender ID 2025_KDMC_1173948_1

| वृत्तपत्रात प्रसिध्द झालेला मजकूर | प्रसिध्द झालेल्या मजकूराऐवजी वाचण्यात येणारा मजकूर |
|---|---|
| कोरे निविदा फॉर्म व निविदेबाबत सर्व अटी व शर्तीची माहिती महाराष्ट्राचे www.mahatenders. gov.in या संकेतस्थळावर दिनांक २५/०४/२०२५ ते ०२/०५/२०२५ रोजी दुपारी ३.०० वाजेपर्यंत उपलब्ध आहेत. निविदा ई-टेंडरींग कार्यप्रणालीद्वारे दि.०२/०५/२०२५ रोजी दुपारी ३.०० वाजेपर्यंत भरता येतील. प्राप्त निविदा दि.०५/०५/२०२५ रोजी सायंकाळी ४.०० वाजता शक्य झाल्यास उघडण्यात येईल. | कोरे निविदा फॉर्म व निविदेबाबत सर्व अटी व शर्तीची माहिती महाराष्ट्राचे www.mahatenders. gov.in या ते संकेतस्थळावर दिनांक २५/०४/२०२५ ते ०२/०५/२०२५ रोजी दुपारी ३.०० वाजेपर्यंत उपलब्ध आहेत. निविदा ई-टेंडरींग कार्यप्रणालीद्वारे दि.०८/०५/२०२५ रोजी दुपारी ३.०० वाजेपर्यंत भरता येतील. प्राप्त निविदा दि.०८/०५/२०२५ रोजी सायंकाळी ४.०० वाजता शक्य झाल्यास उघडण्यात येईल. |

जा.क्र. कडोंमपा/जसंवि/मुका/१०९
दि. ०५/०५/२०२५

सही/-
शहर अभियंता,
कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका
कल्याण.

# फेस पर जरूर लगाएं ये चीजें, खिल उठेगा चेहरा

गर्मियां आते ही स्किन से जुड़ी कई समस्याएं आने लगती हैं। कई लोग इन समस्याओं को दूर करने के लिए कई तरह के प्रोडक्ट्स का भी इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इन सभी के बावजूद भी आपकी स्किन को कोई फायदा नहीं मिलता है। वहीं कई बार इन चीजों को चेहरे पर लगाने से आपकी स्किन डल और बेजान हो जाती है।ऐसे में हम यहां आपको बताएंगे स्किन को हेल्दी रखने के लिए आपको चेहरे पर रात में सोने से पहले किन चीजों को फेस पर लगाना चाहिए?



## गर्मियों में रात में सोने से पहले चेहरे पर लगाएं ये चीजें

**बादाम का तेल :** बादाम का तेल स्किन के लिए लाभदायक होता है। इसलिए गर्मी के मौसम में रात को सोने से पहले बादाम के तेल से फेस की मसाज करें। ऐसा करने से स्किन रिपेयर होती है और चेहरा ग्लोइंग बनता है। वहीं बता दें बादाम का तेल स्किन को यूवी की किरणों से आपकी स्किन को बचाता है और दाग-धब्बों को भी दूर करता है।

**एलोवेरा जेल :** एलोवेरा जेल स्किन के लिए बहुत ही लाभदायक होता है। जी हां अगर आप एलोवेरा जेल को रात में सोने से पहले चेहरे पर लगाते हैं तो स्किन टैनिंग की समस्या दूर होती है और स्किन मुलायम भी बनती है। इसलिए रात में सोने से पहले इससे फेस पर मसाज करें और रातभर इसे लगा रहने दें। ऐसा करने से पिंपल्स की समस्या दूर होती है और स्किन में निखार भी आता है।

**दही :** दही हेल्थ के लिए तो फायदेमंद होता ही है। वहीं यह स्किन के लिए भी लाभदायक होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि दही में कैल्शियम और प्रोटीन के साथ विटामिन डी भी पाया जाता है। जो स्किन को ग्लोइंग बनाता है और फेस के कालेपन को दूर करता है। इसे लगाने के लिए आप एक कटोरी में दही लें और इससे 5 मिनट तक चेहरे की मासज करें। इसके बाद इसे रातभर चेहरे पर लगा रहने दे और सुबह उठकर चेहरे को साफ पानी से धो लें।



भीषण गर्मी में भी आपको कूल रखेंगे ये

# समर ड्रिंक्स

भारत के कई राज्यों में गर्मी के मौसम ने अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया है। ऐसे में खुद को ठंड रखना बेहद जरूरी होता है। तेज धूप और चिलचिलाती गर्मी हमारे शरीर पर भारी पड़ सकती है, जिससे डिहाइड्रेशन, थकान और हीट स्ट्रोक हो सकता है। शरीर का तापमान कंट्रोल रखने और ठंडक बनाए रखने के लिए हाइड्रेटेड रहना जरूरी है। आज हम पांच समर ड्रिंक के बारे में जानकारी देंगे, जो आपको भीषण गर्मी के दिनों में ठंडा और तरोताजा रहने में मदद करते हैं।



### तरबूज का जूस(watermelon juice)

तरबूज पानी की मात्रा से भरपूर और इलेक्ट्रोलाइट्स का एक बड़ा सोर्स है, जो इसे गर्मी को मात देने के लिए एक बढ़िया ड्रिंक बनाता है। तरबूज एंटीऑक्सीडेंट से भी भरा हुआ है जो विभिन्न बीमारियों से बचाने में मदद करता है।

### नींबू पानी(lemonade)

नींबू पानी एक क्लासिक समर ड्रिंक है जो बनाने में आसान है और शरीर को तुरंत तरोताजा कर देता है। यह विटामिन सी से भरपूर होता है, जो इम्यूनिटी को बढ़ावा देने और आपको हाइड्रेटेड रखने में मदद करता है।



### नारियल पानी

नारियल पानी एक प्राकृतिक इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक है जो शरीर के द्रव संतुलन को बनाए रखने में मदद करता है। यह कैलोरी में कम, पोटेशियम से भरपूर और एंटीऑक्सीडेंट का अच्छा सोर्स है।





### आम पन्ना(Mango Panna)

आम पन्ना भारत में एक लोकप्रिय गर्मियों का ड्रिंक है जो कच्चे आम से बनाया जाता है। यह विटामिन सी का एक बड़ा सोर्स है और शरीर के तापमान को कंट्रोल करने में मदद करता है।



### छाछ(buttermilk)

छाछ एक पारंपरिक गर्मियों का ड्रिंक है जो शरीर को ठंडा करने और पाचन में सहायता करता है। यह कैलोरी में कम है और कैल्शियम, पोटेशियम और विटामिन बी12 जैसे पोषक तत्वों से भरपूर है।

# ये संकेत बताते हैं कि आपकी बॉडी है पूरी तरह से हेल्दी

## नहीं फटकेगी आस-पास कोई भी बीमारी

अच्छी सेहत हर कोई पाना चाहता है। अच्छी सेहत के लिए हेल्दी डाइट, अच्छी नींद और स्ट्रेस फ्री माहौल माना जाता है। अगर व्यक्ति इन सभी चीजों पर ध्यान देता है तो उसकी बॉडी हेल्दी रहती है।वहीं क्या आपको पता है कि जैसी अनहेल्दी में बॉडी होने पर आपका शरीर संकेत देता है वैसे ही हेल्दी बॉडी होने पर भी बॉडी आपकी संकेत देती हैं। जी हां अगर आपका शरीर हेल्दी है तो आपकी बॉडी में कुछ लक्षण दिखाई देंगे। चलिए हम यहां आपको बताएंगे हेल्दी होने पर बॉडी किस तरह के संकेत देती है?

### 30 मिनट में नींद आना-

अगर आपको बिस्तर पर लेटते ही 20 मिनट के अंदर ही नींद आ जाती है तो यह इस बात का संकेत हैं कि आपकी बॉडी का स्लीप पैटर्न सही है जो हेल्दी बॉडी के लिए जरूरी होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि अच्छी नींद आना एक हेल्दी बॉडी का संकेत होती है।

### रेगुल पीरियड्स होना-

अगर आपको हर महीने में सही समय पर पीरियड्स आते हैं तो यह इस बात का इशारा है कि आपका रिप्रोडक्टिव सिस्टम हेल्दी है। इसलिए अगर आपको सही समय पर पीरियड्स हो रहे हैं तो समझ जाएं की आपकी बॉडी हेल्दी है।

### एनर्जी लेवल ठीक होना-


अगपको रोजाना के काम करने में थकान महसूस नहीं होती है तो यह इस बात का संकेत है कि आपकी बॉडी हेल्दी है। ऐसे में बीमारियां आपके दूर रहती हैं।

### मेमोरी तेज होना-

अगर आपकी शॉर्ट टर्म और लॉन्ग टर्म मेमोरी ठीक है तो यह हेल्दी ब्रेन की निशानी हैं। जी हां अगर आपकी मेमोरी तेज है तो यह भी एक हेल्दी बॉडी की ही एक निशानी है।

### सीढ़ियां आसानी से चढ़ना-

अगर सीढ़ियां चढ़ने में आपकी सांस नहीं फूलती है तो यह एक हेल्दी हार्ट का संकेत हैं। जी हां इसलिए आप रोजाना सीढ़ियां चढ़ें ऐसा करने से आपको पता चल जाएगा कि आपका शरीर हेल्दी है।



# पार्टनर है ज्यादा खर्चीले स्वभाव का ?

## इस तरह से करें हैंडल, बदल जाएगी आदत

रिलेशशिप में कपल्स के बीच एक अंडरस्टैंडिंग होना बहुत जरूरी होता है। जी हां कई बार कपल्स की आदत एक दूसरे से अलग होती हैं। ऐसे में कपल्स में छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा होने लगता है। आपके पार्टनर की कुछ आदतें आपको हर्ट कर सकती हैं। वहीं कभी-कभी आपके पार्टनर का स्वभाव काफी खर्चीला होता है। वहीं आप सिर्फ बचत के बारे में सोचते हैं। ऐसे में आपको परेशान हने की जरूरत नहीं है बल्कि आपको अपने पार्टनर को हैंडल करना आना चाहिए। जी हां चलिए हम यहां आपको बताएंगे कि आप किन तरीकों से पार्टनर की ज्यादा खर्च करने की आदत को कंट्रोल कर सकते हैं?

### पार्टनर के साथ करें शॉपिंग-

पार्टनर की फिजूलखर्च करने की आदत को कम करने के लिए आप मार्केट जाने से पहले घर शॉपिंग लिस्ट तैयार करें। ऐसा करने से आप अपने पार्टनर को फिजूलखर्च करने से रोक सकते हैं। वहीं इससे पैसे की भी बचत होगी और आपके पार्टनर को बुरा भी नहीं लगेगा। वहीं साथ में शॉपिग जाने से आप उसको रोक सकते हैं फिजूलखर्च करने से।

### साथ बैठकर बनाएं बजट-

अगर आपका पार्टनर ज्यादा खर्च करने वाला है तो आपको अपने घर का बजट बनाते समय उसको भी साथ में रखना चाहिए। ऐसे में जब आप पार्टनर के साथ मिलकर बजट बनाते हैं तो पार्टनर को घर के खर्चों के बारे में आइडिया रहेगा जिसकी वजह से वह फिजूलखर्ची करने से पहले सोचेगा। इतना ही नहीं ऐसा करने से आपके पार्टनर की अधिक खर्च करने की आदत भी बदल जाएगी।

### पार्टनर से बात करें-

कई बार ऐसा होता है कि आपका पार्टनर अधिक खर्च करता है जिसके बाद आप उससे हिसाब मांगते हैं और ऐसा करने से आपका पार्टनर गुस्सा हो जाता है। ऐसे में आप अपने पार्टनर पर भूलकर भी गुस्सा न करें। बल्कि ऐसे में उन्हें प्यार से बैठकर समझाएं और उन्हें उनको सेविंग के फायदे बताएं। ऐसा करने से आपका पार्टनर फालतू खर्चे करना कम कर देगा।



# लौंग चूसने से सांसों की बदबू होती है दूर

लौंग का इस्तेमाल हर घर में किया जाता है।लौंग खाने का स्वाद बढ़ाने के साथ-साथ बॉडी के लिए भी फायदेमंद होती है। जी हां लौंग औषधीय गुणों से भरपूप होती है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें विटामिन, प्रोटीन और फाइबर जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं।लेकिन लौंग के फायदे पाने के लिए सही से इसका सेवन करना जरूरी होता है।वहीं अगर आप रोजाना लौंग चूसते हैं तो आपकी बॉडी को कई फायदे मिलते हैं। चलिए हम यहां आपको बताएंगे कि लौंग चूसने के क्या-क्या फायदे होते हैं?

### इम्यूनिटी होती है बूस्ट-

लौंग में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो बॉडी की इम्यूनिटी मजबूत करने का काम करते हैं। इसलिए रोजाना 2 लौंग चूसने से बॉडी की इम्यूनिटी मजबूत होती है और आप बीमारिओं की चपेट में आने से बच सकते हैं।

### दांत के दर्द से मिलेगी राहत-

लौंग में यूजेनॉल होता है। जिसकी वजह से आप अगर इसे रोजाना चूसते हैं तो दांत के दर्द से छुटकारा मिलता है। इसके लिए आप रोजाना सुबह खाली पेट लौंग चूसे। ऐसा करने से कैविटी की भी समस्या दूर होती है। इतना ही नहीं यह साइनस की समस्या को भी दूर करता है।

### सांसों की बदबू होती है दूर-

लौंग मुंह और सांसो की बदबू को दूर करने का काम करती है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें एंटी बैक्टीरियल गुण होते हैं जो सांसों की बदबू को दूर करने का काम करते हैं। वहीं अगर आप सांसों की बदबू से परेशान हैं तो मुंह में लौंग रखकर चूसते रहें।



### सर्दी खांसी की समस्या होती है दूर-

सर्दी खांसी में लौंग का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि लौंग में एंटीऑक्सीडेंट और एंटी फंगल गुण पाए जाते हैं जो सर्दी जुकाम को दूर करने में मदद करते हैं इसलिए लौंग को आप रोजाना चूसें।

# गर्मियों में मेकअप रखना है स्वेट फ्री

## तो ये 7 ट्रिक्स आएंगे काम

गर्मियों में स्किनकेयर रूटीन का ध्यान रखना पड़ता है। इसके अलावा आपको मेकअप का भी अधिक ध्यान रखने की जरूरत पड़ती है। इस मौसम में पसीने के कारण मेकअप बहुत ही स्टिकी हो जाता है। पसीने के कारण जब मेकअप स्टिटी हो जाता है। तो इससे त्वचा पर अजीब सी लेयर नजर आने लगती है। इस दौरान आपका लाइनर फैला हुआ, फाउंडेशन निकला हुआ और होंठ चिपचिपे से नजर आने लगते हैं। ये चीजें आपकी खूबसूरती को कम कर देती हैं।

### लाइट मेकअप

गर्मियों में इस बात का ध्यान रखें कि आप त्वचा के लिए लाइट मेकअप का इस्तेमाल करें। बहुत हैवी मेकअप को करने से बचें। हैवी फाउंडेशन का इस्तेमाल न करें। चेहरे पर उन जगहों पर मेकअप लगाने से बचें जो नेचुरली धूप के संपर्क में आए।

### प्राइमर

प्राइमर से आपके मेकअप को देर तक टिके रहने में मदद मिलती है। ये मेकअप का बेस होता है। त्वचा के टाइप के अनुसार प्राइमर चुनें। आप जेल या स्प्रे बेस्ड प्राइमर का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### मैट फिनिश

त्वचा के लिए मैट फिनिश (matte finish) ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें। ऐसे प्रोडक्ट्स से दूरी बनाकर रखें जो क्रिमी या फिर ऑयल बेस्ड होते हैं। जब आप इस तरह के प्रोडक्ट्स इस्तेमाल करते हैं तो गर्मियों में आपकी त्वचा ग्रीसी नजर आने लगती है। इसलिए ऐसा करने से बचें।

### ड्राई कंसीलर

गर्मियों में ड्राई कंसीलर का इस्तेमाल करें। लिक्विड कंसीलर के इस्तेमाल से बचें। त्वचा पर पसीने आने से त्वचा केकी नजर आने लगती है। इसलिए इस मौसम में ड्राई कंसीलर का इस्तेमाल करें।

### वॉटरप्रूफ मेकअप

गर्मियों में त्वचा के लिए वॉटरप्रूफ मेकअप का इस्तेमाल करें। इस तरह का मेकअप उमस या पीसने के कारण त्वचा पर फैला हुआ नजर नहीं आता है।

### सेटिंग स्प्रे

मेकअप को सेट करने के लिए सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल करें। इससे मेकअप आपकी त्वचा पर सील रहता है। जब भी आप बाहर ट्रैवल करें तो त्वचा के लिए ट्रैवल साइज पाउडर जरूर कैरी करें। इस दौरान इस पाउडर का इस्तेमाल करें।

### ब्लॉटिंगपेपर

गर्मियों में आप ब्लॉटिंग पेपर का इस्तेमाल कर सकते हैं। अपने साथ हमेशा ब्लॉटिंग पेपर जरूर कैरी करें। जरूरत पड़ने पर इसका इस्तेमाल करें। इसका इस्तेमाल करने से आपकी त्वचा फ्रेश नजर आती है।





स्वस्थ शरीर के लिए कई पोषक तत्वों और विटामिन्स की जरूरत होती है। इसके लिए लिए कई तरह के फूड्स का सेवन किया जाता है। शाकाहारी लोगों के लिए सोयाबीन प्रोटीन का अच्छा स्त्रोत माना जाता है। यह सेहत के लिए फायदेमंद होता है। इसमें पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन और फैट पाया जाता है। आइए आपको सोयाबीन के फायदे बताते हैं।

# शरीर में जान फूंक देगा 100 ग्राम सोयाबीन, नॉनवेज से भी ज्यादा पावरफुल

**प्रोटीन का अच्छा स्त्रोत:** वेबएमडी के मुताबिक, यदि आप शाकाहारी हैं, खासकर यदि आप एक एथलीट हैं या बहुत सक्रिय हैं, तो आपके शरीर को पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन की जरूरत होती है। इसके सोयाबीन बेहद मददगार होता है। सोया में सभी आवश्यक अमीनो एसिड होते हैं जिनकी आपको स्वस्थ मांसपेशियों और हड्डियों के लिए आवश्यकता होती है।

**उच्च फाइबर:** सोयाबीन फाइबर का अच्छा स्त्रोत माना जाता है। इसमें प्रति कप लगभग 10 ग्राम फाइबर होता है। जो सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है।

**जीरो कोलेस्ट्रॉल:** सभी सब्जियों और अनाजों की तरह, सोया खाद्य पदार्थ स्वाभाविक रूप से कोलेस्ट्रॉल मुक्त होते हैं। कई अध्ययनों से पता चलता है कि सोया प्रोटीन को अपने आहार में शामिल करने से आपके एलडीएल या "खराब" कोलेस्ट्रॉल को 4% -6% तक कम करने में मदद मिल सकती है। इसलिए तंदरुस्त रहने के लिए इसका सेवन जरूर करें।

**फैट:** सोया में अधिकांश वसा बहुअसंतृप्त होते हैं, जिनमें महत्वपूर्ण ओमेगा-6 और ओमेगा-3 वसा शामिल हैं। संतुलित आहार के हिस्से के रूप में, वे आपके दिल के लिए अच्छे हो सकते हैं और कुछ बीमारियों की संभावना कम करने में मदद करते हैं।

**आयरन:** एक कप सोयाबीन में लगभग 9 मिलीग्राम आयरन होता है, जो कई कामों में आपके रक्त को पूरे शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाने में मदद करता है। यह आयरन का बेहद अच्छा स्त्रोत है। इसके रोजाना सेवन से बॉडी को जरूरी आयरन मिलता है।

इन सबके अलावा सोयाबीन शारीरिक दुर्बलता और बालों व त्वचा की तमाम समस्याएं दूर करने के लिए कारगर सिद्ध होता है। सोयाबीन का इस्तेमाल बॉडी-बिल्डिंग के लिये बहुत अच्छा माना जाता है। यह शरीर में नई कोशिकाओं को बनाने के साथ ही क्षतिग्रस्त कोशिकाओं की मरम्मत का काम भी करता है। सोयाबीन स्त्री-रोगों में भी काम आता है।

# 50 के बाद महिलाओं में बढ़ जाता है हार्ट अटैक व स्ट्रोक का खतरा, इन 3 तरीकों से खुद को रखें हेल्दी



जीवन की उच्च गुणवत्ता बनाए रखने और बीमारियों के खतरे को कम करने के लिए 50 के बाद स्वस्थ रहना महत्वपूर्ण है। 50 की उम्र के बाद शरीर में परिवर्तन होते हैं जो हमें स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति अधिक संवेदनशील बनाते हैं, जैसे मांसपेशियों में कमी, कमजोर हड्डियां और कमजोर इम्यून सिस्टम। 50 साल से अधिक उम्र की महिलाओं में दिल की बीमारी, स्ट्रोक, टाइप 2 डायबिटीज और कुछ प्रकार के कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा अधिक रहता है। ऐसे में खुद को हेल्दी रखा बेहद जरूरी होता है। नीच बताए गए तीन नियम को जरूर फॉलो करें और हमेशा हेल्दी रहें।

**हेल्दी डाइट:** जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, हमारे शरीर को कम कैलोरी की आवश्यकता होती है, लेकिन फिर भी हमें पोषक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार की जरूरत होती है। अपनी डाइट में भरपूर मात्रा में फल, सब्जियां, साबुत अनाज, लीन प्रोटीन और हेल्दी फैट शामिल करें। प्रोसेस्ड फूड, शुगर ड्रिंक और सैचुरेटेड फैट का सेवन सीमित करें। आप अपने लिए डाइट प्लान बनाने के लिए डॉक्टर या डाइटीशियन से बात कर सकते हैं।

# गर्भवती महिलाएं जरूर खाएं पोहा, बॉडी को मिलेंगे ये चौंकाने वाले लाभ

गर्भवती महिलाओं को अपना खास ध्यान रखना चाहिए।जी हां प्रेग्नेंसी के समय महिलाओं को पौष्टिक चीजें खानी चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि पौष्टिक चीजें खाने से गर्भ में पल रहे शिशु का सही विकास होता है।ऐसे में महिलाओं को तरबूत, खरबूज और केला जैसे फ्रूट का सेवन करना चाहिए। वहीं गर्भवती महिलाओं को रोजाना पोहे का भी सेवन करना चाहिए। बता दें पोहा गर्भवती महिलाओं की सेहत को दुरुस्त रखता है साथ ही आपके बच्चे को भी फायदा पहुंचाता है इसलिए प्रेग्नेंसी के समय पोहा जरूर खाना चाहिए। चलिए हम यहां आपको बताएंगे पोहा खाने के फायदे-



### ब्लड शुगर रहता है कंट्रोल-

नाश्ते में पोहा खाना सभी को पसंद होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स होता है जो ब्लड में ग्लूकोज को रिलीज करता है। वहीं जिन महिलाओं को डायबिटीज की बीमारी होने का खतरा है या जिनको डायबिटीज की बीमारी है तो आपको पोहे का सेवन करना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि पोहा खाने से डायबिटीज का खतरा कम हो जाता है। इसलिए गर्भवती महिलाओं को पोहे का सेवन जरूर करना चाहिए।

### आंतों के लिए फायदमंद-

पोहा एक प्रोबायोटिक है इसलिए यह आतों के लिए लाभदायक होता है। ऐसे में अगर आप गर्भवती हैं तो आपको पोहे का सेवन जरूर करना चाहिए। बता दें पोहा खाने से मां के साथ-साथ बच्चे को भी आंत से जुड़ी बीमारी होने का खतरा नहीं रहता है।

### पाचन को सुधारता है-

पोहे में हाई फाइबर मौजूद होता है। जिसकी वजह से यह पाचन संबंधी समस्याओं को सुधारने में मदद करता है। पोहा पचाने के लिए बॉडी को बहुत कम मेहनत करनी होती है। जिसकी वजह से आपको रेट से जुड़ी कोई दिक्कत नहीं होती है। ऐसे में अगर आप गर्भवती हैं तो आपको पोहे का सेवन जरूर करना चाहिए।

### आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में

# टीम इंडिया को भारी नुकसान



**नई दिल्ली।** आईसीसी की ओर से नई टेस्ट रैंकिंग जारी कर दी गई है। वैसे तो आईसीसी हर सप्ताह रैंकिंग जारी करता है, लेकिन इस बार की रैंकिंग स्पेशल है, क्योंकि इसमें पूरे साल का हिसाब किताब रखा जाता है। इस बीच नई रैंकिंग में भारतीय टीम को जबरदस्त नुकसान होता हुआ दिखाई दे रहा है। साउथ अफ्रीका को भी नुकसान हुआ है, लेकिन इंग्लैंड ने बड़ी छलांग लगाने में कामयाबी हासिल की है।

## भारतीय टीम एक स्थान के नुकसान के साथ चौथे नंबर पर खिसकी

भारतीय टीम इससे पहले तीसरे स्थान पर थी। भारत से आगे केवल ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका ही थे। लेकिन अब भारतीय टीम चौथे स्थान पर पहुंच गई है। इंग्लैंड की रेटिंग 113, साउथ अफ्रीका की 111 है, वहीं भारतीय टीम की रेटिंग 105 की हो गई है। यानी चौथे नंबर की भारतीय टीम और तीसरे नंबर की साउथ अफ्रीका के बीच रेटिंग का अंतर भी काफी है, इसे भर पाना आसान नहीं होगा। इस बीच साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच जून में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भी होगा, इसके परिणाम से रेटिंग में तो बदलाव होगा, लेकिन इस बात की संभावना कम है कि भारत को कोई बहुत ज्यादा फायदा हो। जून से आखिर में ही भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का भी आगाज हो रहा है। इस दौरान जरूर रेटिंग में कुछ बदलाव देखने के मिल मिल सकता है। हालांकि इंग्लैंड की 113 की रेटिंग की बराबरी कर पाना आसान काम तो कतई नहीं होने वाला। भारत और इंग्लैंड के बीच जा सीरीज होगी, उसी से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अगले चक्र का आगाज होगा।

### ऑस्ट्रेलिया आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में नंबर वन टीम

टेस्ट की नई आईसीसी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की टीम नंबर एक पर है। टीम की रेटिंग इस वक्त 126 की है। टीम ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है, जो जून में खेला जाएगा। इस बीच इंग्लैंड की टीम दूसरे नंबर पर काबिज हो गई है। टीम को दो स्थानों का उछाल मिला है। इंग्लैंड का प्रदर्शन वैसे तो कुछ खास नहीं रहा है, लेकिन सालभर का अगर हिसाब किताब किया जाए तो उसमें टीम ने बाजी मारी है। साउथ अफ्रीका की टीम को भी एक स्थान का नुकसान उठाना पड़ा है। इससे पहले तक साउथ अफ्रीका की टीम नंबर दो पर थी, लेकिन अब उसे तीसरे स्थान पर जाना पड़ा है।

# आज MI-GT होंगे आमने-सामने

मुंबई। प्लेआफ में पहुंचने की प्रबल दावेदार मुंबई इंडियंस का सामना आईपीएल में आज यानि मंगलवार को गुजरात टाइटंस से होगा तो फॉर्म में चल रहे गुजरात के शीर्षक्रम के तीनों बल्लेबाजों के लिए बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने की कड़ी चुनौती होगी। सभी टीमों में सर्वश्रेष्ठ नेट रन रेट वाली मुंबई की टीम को बाकी तीन में से दो मैच जीतने होंगे ताकि प्लेऑफ में प्रवेश कर सके। पांच बार की चैम्पियन टीम इनमें से दो मैच अपने मैदान पर खेलेगी जहां उसने पांच में से चार मैच जीते हैं। वहीं चौथी रैंकिंग वाली गुजरात की टीम को अभी चार मैच खेलने हैं जिनमें से दो अहमदाबाद में खेलने हैं जहां उसने पांच में से चार मैच जीते हैं। शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम को भी प्लेआफ में पहुंचने के लिये दो मैच और जीतने हैं। गुजरात के बी साइ सुदर्शन (504 रन), जोस बटलर (470) और कप्तान गिल (465) जबर्दस्त फॉर्म में हैं। अब उन्हें मुंबई के ट्रेंट बोल्ट (16 विकेट), हार्दिक पांड्या (13), जसप्रीत बुमराह (11) और दीपक चाहर (नौ) का सामना करना है जो आसान नहीं होगा। मुंबई के जीत की राह पर लौटने के बाद से इन्होंने किसी मैच में 200 से अधिक रन विरोधी टीम को बनाने नहीं दिए हैं। मुंबई खराब शुरूआत के बाद लगातार छह मैच जीतकर आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। गुजरात की सफलता की कुंजी उसके बल्लेबाजों का प्रदर्शन रही है। दूसरी ओर मुंबई को भी लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात के शानदार रिकॉर्ड से चिंता हो रही होगी। गुजरात ने लक्ष्य का पीछा करते हुए तीन मैच भारी अंतर से जीते हैं। गुजरात के शीर्ष तीन बल्लेबाजों के शानदार फॉर्म के कारण बाकी बल्लेबाजों की परीक्षा नहीं हो सकी है। मध्यक्रम में शेरफान रदरफोर्ड (201) को कुछ मौका मिला है। मुंबई के गेंदबाजों का लक्ष्य अब गुजरात के शीर्षक्रम को सस्ते में आउट करने का होगा। तीन सत्र पहले हार्दिक की कप्तानी में गुजरात ने पदार्पण के साथ आईपीएल खिताब जीता था। वही हार्दिक अब मुंबई के कप्तान हैं जिसने बेहद औसत शुरूआत के बाद वापसी की है। हार्दिक खुद 157 रन बनाने के साथ 13 विकेट ले चुके हैं। रोहित शर्मा (293 रन) और सूर्यकुमार यादव (475 रन) भी फॉर्म में हैं। रियान रिकेलटन (334 रन) धीमी शुरूआत के बाद लय पकड़ चुके हैं। तिलक वर्मा (239) और नमन धीर (155) बल्लेबाजी को गहराई देते हैं। वहीं कैगिसो रबाडा की गैर मौजूदगी में भी गुजरात के गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। रबाडा मनोरंजन के लिये प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के कारण प्रतिबंध झेल रहे हैं और अभी यह पता नहीं है कि वह लौट पाएंगे या नहीं। गुजरात के प्रसिद्ध कृष्णा 19 विकेट लेकर परपल कैप पहन चुके हैं जबकि मोहम्मद सिराज ने 14 और आर साइ किशोर ने 12 विकेट लिए हैं।



### आज का मैच

TATA IPL

मुंबई Vs गुजरात — शाम 7.30 बजे

### मुंबई इंडियंस

सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, बेवॉन जैकब्स, रयान रिकेल्टन, रॉबिन मिंज, कृष्णन श्रीजीत, हार्दिक पंड्या, नमन धीर, राज बावा, विग्नेश पुथुर, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, जसप्रीत बुमराह, अर्जुन तेंदुलकर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, लिज़ाद विलियम्स, कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, सत्यनारायण राजू, मुजीब उर रहमान।

### गुजरात टाइटंस

शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), बी साई सुदर्शन, शाहरुख खान, शेरफेन रदरफोर्ड, राहुल तेवतिया, राशिद खान, कैगिसो रबाडा, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, अनुज रावत, महिपाल लोमरोर, अरशद खान, जयंत यादव, निशांत सिंधु, कुलवंत खेजरोलिया, गेराल्ड कोएट्ज़ी, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, गुरनूर बराड़ और करीम जनत।

### फीडे सर्किट 2025

## लिरेन को पीछे छोड़कर आगे निकले प्रज्ञानन्दा

**नई दिल्ली।** फीडे सर्किट 2025 की लीडरबोर्ड में अप्रैल महीने में बड़ा बदलाव देखने को मिला है । जैसा कि कई लोगों को उम्मीद थी, भारत के प्रज्ञानन्दा ने डिंग लिरेन को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल कर लिया। प्रग्गनानंधा ने पोलैंड में आयोजित जीसीटी सुपरबेट रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया और इसके साथ 8.44 सर्किट अंक अर्जित किए। फीडे सर्किट 2025 में सबसे बेहतरीन पाँच प्रदर्शन गिने जाएँगे और सबसे आगे रहने वाले खिलाड़ी को अगले साल कैंडिडेट में खेलने की पात्रता मिल जाएगी। जीसीटी टूर्नामेंट के विजेता व्लादिमीर फेडोसेव को 13.26 अंक मिले और वे सीधे तीसरे स्थान पर पहुंच गए। वहीं, दिग्गज खिलाड़ी वासिल इवानचुक ने मेनॉर्का ओपन जीतकर 12.67 अंक प्राप्त किए और



चौथे स्थान पर पहुंच गए, जिससे अरविंद चितांबरम पांचवें स्थान पर खिसक गए। मेनॉर्का ओपन में उपविजेता रहे लू शैंगली आठवें स्थान पर पहुंच गए, जबकि रेक्जाविक ओपन जीतने वाले पारहम मगसूदलू ने 11.16 अंक अर्जित कर टॉप 10 में अपनी जगह बनाई। शीर्ष दस के ठीक बाहर नोडिर्बेक अब्दुसत्तोरोव और इयान नेपोम्नियाची हैं, जिन्होंने अब तक फीडे सर्किट 2025 के अंतर्गत केवल एक-एक टूर्नामेंट खेला है। वहीं विश्व नंबर चार भारत के अर्जुन एरिगासी नें अब तक फीडे सर्किट में एक भी मैच नहीं खेला है।

# पंजाब ने लखनऊ को 37 रनों से हराया

### धमाकेदार गेंदबाजी के चलते एलएसजी पस्त

**धर्मशाला।** पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को आईपीएल 2025 का 54वां में 37 रनों से हरा दिया है. धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह का जलवा देखने के लिए मिला। अर्शदीप ने नई गेंद के साथ शानदार प्रदर्शन किया, स्विंग और बाउंस के साथ लखनऊ सुपर जायंट्स के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया। इस जीत के साथ पंजाब किंग्स अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। इस मैच में प्रभसिमरन सिंह के शानदार 91 रन की बदौलत पीबीकेएस ने 236/5 का विशाल स्कोर बनाया जिसके बाद अर्शदीप ने पावरप्ले के अंदर एडेन मार्कराम, मिशेल मार्श और निकोलस पूरन को आउट कर मैच को पीबीकेएस के पक्ष में कर दिया. लखनऊ के लिए आयुष बदोनी ने 40 गेंदों पर 5 चौके और 5 छक्कों के साथ 74 रन और अब्दुल समद ने 24 बॉल में 2 चौके और 4 छक्कों के साथ छठे विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी की लेकिन एलएसजी 20 ओवर में 199/7 बना पाई और 37 रनों से मैच हार गई. लखनऊ के लिए कप्तान ऋषभ पंत ने 17 गेंदों पर 18 रन की पारी में तीन चौके लगाए. अजमतुल्लाह उमरजई ने उन्हें आठवें ओवर में गेंद को डीप कवर ने आसानी से कैच कर लिया। डेविड मिलर के रूप में उमरजई को अपना दूसरा विकेट मिला। पंजाब के लिए अर्शदीप सिंह ने 4 ओवर में 16 रन देकर 3 विकेट लिए और अज़मतुल्लाह उमरज़ई ने 2 विकेट चटकाए. इससे पहले पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने 48 बॉल में 6 चौके और 7 छक्कों के साथ 91 रनों की पारी खेली. कप्तान अय्यर ने 25 बॉल में 4 चौके और 2 छक्के के साथ 45 रन बनाए. जोस इंग्लिस ने 30 और शशांक सिंह ने 33 रनों का योगदान दिया. लखनऊ के लिए दिग्वेश राठी और आकाश सिंह ने 2-2 विकेट चटकाए. लखनऊ की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 15 ओवर में 145 रनों पर 5 विकेट गंवा चुकी है।



# अर्शदीप सिंह ने लखनऊ पर जीत के बाद किया रणनीति का खुलासा

**धर्मशाला।** पंजाब किंग्स की लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाफ IPL मैच में जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह का जीवन जीने का तरीका बेहद सरल है, बहुत आगे के बारे में नहीं सोचना और वर्तमान में जीने का पूरा आनंद लेना। अर्शदीप ने लखनऊ के चोटी के तीन बल्लेबाजों को आउट करके पंजाब को शानदार शुरुआत दिलाई। उन्होंने अब तक आईपीएल के वर्तमान सत्र में 11 मैचों में 16 विकेट ले लिए हैं और प्रसिद्ध कृष्णा (19 विकेट) और जोश हेज़लवुड (18 विकेट) के बाद सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं। अर्शदीप ने मैच के बाद कहा, 'मैं बहुत आगे के बारे में नहीं सोचता और अभी केवल वर्तमान में जीने का पूरा आनंद ले रहा हूं। हम एक बार में एक मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। यहां शुरू में गेंद को थोड़ा मूवमेंट मिल रहा था और मैंने वास्तव में इसका पूरा आनंद लिया।' अर्शदीप खुश हैं कि वह पावरप्ले के अंदर मिशेल मार्श, एडेन मार्क्रम और निकोलस पूरन जैसे धाकड़ बल्लेबाजों के विकेट लेने में सफल रहे। उन्होंने कहा, 'मैं बस उसे (मार्श को आउट करने के लिए नेहल वढेरा का कैच) गेंद की ओर दौड़ते हुए देख रहा था। मैं प्रार्थना कर रहा था बस इसे पकड़ लो क्योंकि आप जानते हैं कि मिच एक बहुत ही खतरनाक खिलाड़ी है। इस विकेट का पूरा श्रेय नेहल को जाता है।' अर्शदीप ने कहा, 'लखनऊ के चोटी के तीन बल्लेबाज ही अधिक रन बना रहे थे इसलिए हमने सोचा कि अगर हम उनको जल्दी आउट कर देते हैं तो हमारा पलड़ा भारी रहेगा। हमने अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया।'



## प्रताप लाकड़ा की भारतीय टीम में दमदार वापसी

**नई दिल्ली।** प्रताप लाकड़ा के लिए भारतीय सीनियर पुरुष हॉकी कैंप तक का रास्ता बिल्कुल भी आसान नहीं रहा। ओडिशा के सुंदरगढ़ के 24 वर्षीय डिफेंडर - हॉकी के दिग्गजों को तैयार करने के लिए मशहूर जिला - ने कोविड-19 महामारी के दौरान अपने करियर के पटरी से उतरने के बाद एक दमदार वापसी की कहानी लिखी है। लाकड़ा मौजूदा सीनियर नेशनल कैंप में दो नए चेहरों में से एक हैं, जो उनके धैर्य और पुनरुत्थान का प्रमाण है। 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें टीम में शामिल किया गया है, जहां उन्होंने मध्य प्रदेश को रजत पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। लाकड़ा कहते हैं, "लॉकडाउन के बाद वापसी करना आसान नहीं था। मैंने अपनी फिटनेस और गति खो दी। कुछ समय के लिए, ऐसा लगा कि मैंने जो कुछ भी हासिल किया था, वह सब खत्म हो रहा है। लेकिन मैंने हार नहीं मानी - मैंने प्रशिक्षण जारी रखा, लगातार अच्छा प्रदर्शन किया।" लाकड़ा की यात्रा सुंदरगढ़ के कई युवा लड़कों की तरह शुरू हुई - हाथ में हॉकी स्टिक लेकर, गांव के खेतों में नंगे पांव खेलते हुए। उनके पिता, जो अपने गांव में भी हॉकी खेलते थे, और उनकी बड़ी बहन प्रीति, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर ओडिशा का प्रतिनिधित्व किया।



## अय्यर ने LSG पर जीत का श्रेय प्रत्येक खिलाड़ी को दिया

**धर्मशाला।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के अहम मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) को हराने के बाद कहा कि जीत में हर खिलाड़ी ने योगदान दिया और प्रभसिरमन सिंह (91 रन) की पारी असाधारण रही। पंजाब किंग्स 37 रन की जीत से 15 अंक लेकर तालिका में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (16 रन) से पीछे दूसरे स्थान पर पहुंच गई। युवा सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन 'मैन ऑफ द मैच' रहे जिनके अर्धशतक के बाद अर्शदीप सिंह के तीन विकेट की बदौलत पंजाब किंग्स ने सातवीं जीत दर्ज की। अय्यर ने मैच के बाद कहा, 'हर खिलाड़ी ने अपना योगदान दिया। प्रभसिमरन ने आज असाधारण पारी खेली। मैं सिर्फ इसी योजना के साथ उतरा था कि यह मैच जीतना है और इस मैदान पर हमारी टीम के आंकड़ों के बारे में नहीं सोच रहा था।' उन्होंने कहा, 'हर खिलाड़ी ने सही समय पर प्रदर्शन किया। हालांकि मुझे लगता है कि हमें क्षेत्ररक्षण में और सचेत रहने की जरूरत है।



## महिला शतरंज की टीम अब निर्णायक चरण में

**ऑस्ट्रिया।** 2024/2025 फीडे महिला ग्रां प्री शृंखला अब अपने निर्णायक चरण में प्रवेश कर चुकी है। छह चरणों की इस सीरीज़ का अंतिम और छठा चरण 6 मई से ऑस्ट्रिया के ग्रॉसलोबमिंग में शुरू होगा, जहां श्रृंखला की विजेता के साथ-साथ 2026 महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए दो क्वालिफायर भी तय होंगे। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की शुरुआत अगस्त 2024 में जॉर्जिया के त्बिलिसी से हुई थी। पिछले पांच चरणों के बाद रूस की अलेक्ज़ांद्रा गोर्याचकिना 308.34 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं, लेकिन वह ऑस्ट्रिया चरण में भाग नहीं ले रही हैं। दूसरे स्थान पर भारत की कोनेरू हम्पी हैं, जिनके पास 279.17 अंक हैं। वह भी पहले ही तीन चरणों में भाग ले चुकी हैं, इसलिए ऑस्ट्रिया में नहीं खेलेंगी। ऐसे में खिताबी होड़ अब चीन की झू जिनेर (235 अंक) और यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक (189.17 अंक) के बीच सिमट गई है। ऑस्ट्रिया चरण में दस शीर्ष खिलाड़ी हिस्सा लेंगी, जिनमें तीन पूर्व विश्व चैम्पियन—अलेक्ज़ांद्रा कोस्टेनियुक, तान झोंगयी और मरिया मुजिचुक—भी शामिल हैं। भारत की वैशाली रामेशबाबू भी इस निर्णायक चरण में अपनी चुनौती पेश करेंगी। अब तक के प्रदर्शन मेंवैशाली अपनी क्षमताओं के अनुरूप नहीं खेल सकीं हैं, लेकिन ऑस्ट्रिया का यह चरण उनके लिए ग्रां प्री में बदलाव का अवसर बन सकता है। महिला ग्रां प्री सीरीज़ न केवल पुरस्कार राशि (600,000) और कैंडिडेट्स के लिए रास्ता प्रदान करती है, बल्कि यह महिला शतरंज को एक नई पहचान और मंच देती है। FIDE अध्यक्ष अर्कादी द्वोर्कोविच ने कहा, "अब महिला शतरंज केवल अस्तित्व की लड़ाई नहीं, बल्कि एक विकसित होती रणनीति का हिस्सा है।" महिला ग्रां प्री सीरीज़ न केवल पुरस्कार राशि (600,000) और कैंडिडेट्स के लिए रास्ता प्रदान करती है, बल्कि यह महिला शतरंज को एक नई पहचान और मंच देती है। FIDE अध्यक्ष अर्कादी द्वोर्कोविच ने कहा, "अब महिला शतरंज केवल अस्तित्व की लड़ाई नहीं, बल्कि एक विकसित होती रणनीति का हिस्सा है।"



# लिटन दास संभालेंगे 2026 विश्व कप की जिम्मेदारी

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को 30 साल के लिटन दास को नया टी-20 कप्तान बनाया है। बीसीबी ने उन्हें अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप तक के लिए जिम्मेदारी सौंपी है। इससे पहले सभी प्रारूपों में राष्ट्रीय कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए कप्तानी पद छोड़ने का फैसला लिया था। इसके बाद से यह पद खाली था। वेस्टइंडीज में तीन मैचों की टी20 सीरीज में टीम की सफलतापूर्वक अगुआई करने वाले लिटन अब अगले साल टी20 विश्व कप कमान संभालेंगे।

इसी के साथ बीसीबी ने यूएई और पाकिस्तान में आगामी टी20 सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम की भी घोषणा की। यह पूर्णकालिक टी20 कप्तान के रूप में लिटन का पहला असाइनमेंट भी होगा। बांग्लादेश यूएई के खिलाफ उसके घर में 17 मई से दो मैचों की टी20 सीरीज खेलेगा। इसके बाद टीम 25 मई से पाकिस्तान की मेजबानी में उसके खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। बीसीबी के क्रिकेट संचालन अध्यक्ष नजमुल अबेदिन ने कहा कि उन्होंने लंबे समय की योजना को ध्यान में रखते हुए लिटन को चुना है। उन्होंने कहा, 'लिटन को चुनने में अनुभव एक महत्वपूर्ण कारक रहा है। मौजूदा सेटअप में हमारे पास ज्यादा अनुभवी खिलाड़ी नहीं हैं। लिटन के फॉर्म के बारे में चर्चा हुई थी, लेकिन हमारा मानना है कि उनमें क्षमता है। अगर वह अपने खेल को व्यवस्थित कर सकते हैं, तो वह टीम के लिए एक संपत्ति होंगे।' ऑलराउंडर मेंहदी हसन अगली दो टी20 सीरीज के लिए टीम के उपकप्तान होंगे।

नजमुल ने कहा कि बोर्ड टेस्ट और वनडे कप्तानी के लिए दीर्घकालिक कप्तान खोजने पर भी काम कर रहा है। उन्होंने कहा, 'हम जल्द ही वनडे और टेस्ट कप्तानों की घोषणा करेंगे। टेस्ट मैच दो-ढाई महीने के बाद है और हम उससे एक सप्ताह पहले कप्तान की घोषणा कर सकते हैं। नेतृत्व केवल मैच के बारे में नहीं है, यह एक पूर्णकालिक जिम्मेदारी है।' मुख्य चयनकर्ता गाजी अशरफ हुसैन ने कहा कि लिटन को आगे बढ़कर नेतृत्व करने की जरूरत है क्योंकि बांग्लादेश बदलाव के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि कई सीनियर क्रिकेटर अब राष्ट्रीय सेट-अप का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'हम टीम को अंतिम रूप देने से पहले हमेशा कप्तान और कोच से बात करते हैं। लेकिन इस बार निर्णय देर से आया और हमारे पास ज्यादा समय नहीं था। फिर भी, कोचिंग पैनल और चयनकर्ताओं ने एक साथ काम किया। विश्व कप से पहले हमें एशिया कप के अलावा श्रीलंका, पाकिस्तान और भारत के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज खेलनी है। प्रयोग करने के भरपूर मौके मिलेंगे। लिटन इसमें एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।' गाजी ने कहा कि लिटन को टी20 लाइनअप में नंबर तीन पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। यह एक ऐसा स्थान है जो स्थिरता और आक्रामकता दोनों की मांग करता है।





### यूएई और पाकिस्तान दौरे के लिए बांग्लादेश की टी-20 टीम

लिटन दास (कप्तान), तंजीद हसन, परवेज हुसैन, सौम्य सरकार, नजमुल हुसैन शांतो, तौहीद हृदोय, शमीम हुसैन, जाकेर अली, रिशद हुसैन, मेहदी हसन (उप-कप्तान), तनवीर इस्लाम, मुस्ताफिजुर रहमान, हसन महमूद, तंजीम हसन साकिब, नाहिद राणा और शोरिफुल इस्लाम।

## शुभमन गिल ने अभिषेक शर्मा पर उतारा गुस्सा!

**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस ने IPL 2025 51वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 38 रनों से हराया. इस मैच में शुभमन गिल अंपायर से कई बार भिड़ते हुए नजर आए, जब वह रन आउट हुए तब और जब अभिषेक शर्मा को थर्ड अंपायर ने नॉट आउट दिया तब भी वह काफी नाराज दिखे. इस बीच उनका एक और वीडियो वायरल हो रहा है जब वह अभिषेक शर्मा को लात मारते हुए दिख रहे हैं. गुजरात टाइटंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 224 रनों का बड़ा स्कोर बनाया था. कप्तान शुभमन गिल ने 38 गेंदों में 2 छक्कों और 10 चौकों की मदद से ताबड़तोड़ 76 रन बनाए थे, वह रन आउट हो गए थे. ये फैसला काफी नजदीकी था, लेकिन गिल इस फैसले से बिलकुल भी खुश नहीं थे. वह अंपायर से उलझ गए. इसके बाद जब सनराइजर्स हैदराबाद की बल्लेबाजी के दौरान थर्ड अंपायर ने अभिषेक शर्मा को नॉट आउट दिया तब भी शुभमन गिल ऑन-फील्ड अंपायर के पास आए और उनसे बहस करने लगे, अभिषेक ने 41 गेंदों में 6 छक्के और 4 चौकों की मदद से 74 रन बनाए थे।



जय संतोषी माता प्रीमियर लीग सीजन-2 क्रिकेट टूर्नामेंट का क्रतिक इलेवन टीम ने फाइनल मैच जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। राजे इलेवन उपविजेता रही, जबकि श्रीशा वारियर्स टीम को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। जय संतोषी माता प्रीमियर लीग सीजन-2 क्रिकेट टूर्नामेंट का दो दिवसीय आयोजन शनिवार 3 मई रविवार से 4 मई 2025 सोमवार तक जय संतोषी माता एसआरए सोसाइटी में किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल छह टीमों ने भाग लिया।



## लाफ्टर शेफ्स शो के समर्थ जुरेल का खुलासा

# अंकिता लोखंडे जैसी गर्लफ्रेंड चाहिए

समर्थ जुरेल ने बिग बॉस 17 में अपनी एक्टिंग से सबका दिल जीता। शो में उन्होंने अंकिता लोखंडे और उनके पति विक्की जैन के साथ अच्छी दोस्ती बनाई। अब वे लाफ्टर शेफ्स सीजन 2 में अभिषेक कुमार के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं। इस शो के दौरान उन्होंने कहा कि उन्हें अंकिता जैसी गर्लफ्रेंड चाहिए।

### समर्थ को चाहिए अंकिता जैसी गर्लफ्रेंड

एक खबर के मुताबिक, बिग बॉस के बाद कुकिंग शो लॉफ्ट शेफ ने समर्थ और अंतिका की दोस्ती को और मजबूत किया है। अंकिता को समर्थ ने 'मिर्च' कहा और बताया,मैं कहता हूं कि मुझे उनकी जैसी गर्लफ्रेंड चाहिए। वे मेरे लिए सही लड़की ढूंढने का वादा करती हैं। रुबीना दिलैक को 'कड़वा' कहा, क्योंकि वे हमेशा सच्चाई दिखाती हैं। समर्थ को उनकी यह बात पसंद है। समर्थ ने आगे यह भी कहा कि अंकिता मेरी बड़ी बहन जैसी हैं। हाल ही में अमन गांधी के साथ बातचीत में समर्थ ने अपनी दोस्ती के बारे में बताया। जब मन्नारा चोपड़ा के साथ उनके



रिश्ते के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, वह सिर्फ अच्छी दोस्त हैं। मैं शो में आने से पहले ही डेटिंग कर रहा था,इसलिए मन्नारा के साथ सिर्फ दोस्ती है। शो के एक मजेदार हिस्से में अमन ने समर्थ से उनके लाफ्टर शेफ्स के साथियों को श्मिर्च, चीनी, नींबू, कड़वा जैसे नाम देने को कहा। समर्थ ने सुदेश लेहरी को नींबू कहा, क्योंकि वे अनुभवी होने के बावजूद वैसे ही हैं। विक्की जैन को 'चीनी' यानी 'मीठा' बताया, क्योंकि वे पार्टी में सभी मेहमानों का गर्मजोशी से स्वागत करते हैं। समर्थ ने कहा, मैंने उनसे यह सीखा है। समर्थ ने एकता कपूर की तारीफ पर खुशी जताई। उन्होंने कहा, एकता मैम ने मेरे काम की सराहना की, यह मेरे लिए बड़ा मौका है।

# 'जब प्यार किया तो डरना क्या'

## 105 बार लिखा गया था बॉलीवुड का सबसे महंगा गाना



**बॉलीवुड इंडस्ट्री ने अनगिनत सदाबहार गाने दिए हैं। कुछ ऐसे भी गाने हैं, जो आज भी बिल्कुल फ्रेश लगते हैं और सुनने में मजा आ जाता है। हम आपको ऐसे ही एक गाने के बारे में बताते हैं, जो 65 सालों के बाद भी सुपरहिट है। हम जिस गाने की बात कर रहे हैं उसका टाइटल है 'जब प्यार किया तो डरना क्या'।**

'जब प्यार किया तो डरना क्या' गाना 'मुगल-ए-आजम' फिल्म का है, जो साल 1960 में रिलीज हुआ था। इस फिल्म में दिलीप कुमार, मधुबाला और पृथ्वीराज कपूर जैसे सितारे लीड किरदारों में नजर आए थे। 'मुगल-ए-आजम' बॉलीवुड की कल्ट फिल्मों में से एक है। 'मुगल-ए-आजम' का गाना 'जब प्यार किया तो डरना क्या' मधुबाला पर फिल्माया गया था, जिन्होंने मूवी में तवायफ अनारकली का रोल निभाया था। उन्होंने अपनी दमदार एक्टिंग से लोगों के दिलों को जीत लिया था। इस गाने को शकील बदायूनी ने लिखे थे और नौशाद ने म्यूजिक दिया था। 'जब प्यार किया तो डरना क्या' को लता मंगेशकर ने अपनी सुरीली आवाज से सजाया था। कमाल की बात है कि आज भी यह गाना करोड़ों दिलों पर राज करता है। 65 सालों के बाद भी इस गाने ने अपनी चमक नहीं खोई है। ऐसा लगता है कि यह पुराना नहीं, बल्कि नया गाना है। आपको जानकर हैरानी होगी कि 'जब प्यार किया तो डरना क्या' बड़ी लागत में बनकर तैयार हुआ था। बजट जानकर ही आपके होश उड़ जाएंगे। उस दौर में मुगल-ए-आज़म का यह गाना 15 लाख रुपये की लागत में बनकर तैयार हुआ था। आज की महंगाई के हिसाब से देखा जाए तो ये रकम 55 करोड़ रुपये होती है।इतनी लागत में 'कांतारा' जैसी 3 फिल्में आराम से बन सकती हैं। यह गाना लाहौर शीश महल से प्रेरित सेट पर मोहन स्टूडियो में फिल्माया गया था। सेट की लंबाई 150 फीट, चौड़ाई 80 फीट और ऊंचाई 35 फीट थी। इसके अलावा सेट में बेल्जियम के कांच से बने कई छोटे-छोटे शीशे लगाए गए थे, जिन्हें फिरोजाबाद के कारीगरों ने डिजाइन किया था। इस सेट को बनाने में लगभग दो साल का समय लगा था। 'मुगल-ए-आजम' के डायरेक्टर के। आसिफ और म्यूजिक डायरेक्टर इस गाने को लेकर इतने गंभीर थे कि उन्होंने इसे लगभग 105 बार लिखवाया था। कई बार लिरिक्स में बदलावों के बाद 'जब प्यार किया तो डरना क्या' गाने को मंजूरी दी गई थी। रिलीज के बाद गाना सुपरहिट हुआ।

# टफ टाइम में कैसे पेश आतीं अनुष्का ?

## विराट कोहली बोले, 'उसने मुझे कंट्रोल में रखा, कोई लाड़-प्यार नहीं..'

विराट कोहली अक्सर अपने मानसिक और शारीरिक संघर्षों के बारे में खुलकर बात करते हैं, जिन्हें उन्होंने पिछले कुछ सालों में झेला है। ऐसी सिचुएशन में वो अपनी वाइफ अनुष्का शर्मा की अहम भूमिका को साझा करने से भी कभी नहीं चूके, जिन्होंने उनके करियर में अहम भूमिका निभाई है। स्टार भारतीय बल्लेबाज ने एक बार बताया था कि कैसे खेल से दूर रहने से उन्हें अपना बैलेंस फिर से हासिल करने में मदद मिली। पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा के साथ एक खुलकर बातचीत में, कोहली ने उस समय को याद किया, जब उन्होंने क्रिकेट से ब्रेक लिया था और उस दौरान वे काफी बिजी रहते थे,तभी अचानक उन्होंने क्रिकेट से ब्रेक लिया था।

### बिजी शेड्यूल में क्रिकेट से लिया ब्रेक

ब्रेक के इस पीरियड के दौरान, उन्होंने पूरे एक महीने तक बल्ला नहीं उठाया था। इस फैसले ने उन्हें खेल के प्रति अपने जुनून से फिर से जुड़ने का मौका दिया। अनुष्का के समर्थन के बारे में विराट ने इस प्रक्रिया में उनकी मदद करने के लिए वाइफ को ही क्रेडिट दिया था। कोहली कहते हैं, 'जब आप ऐसी जगह से वापस आते हैं, तो तुरंत यह कहना आसान होता है, 'आह, सब कुछ बहुत अच्छा है और सब ठीक है।' इसलिए मैं सबसे पहले अनुष्का का नाम लेता हूं, क्योंकि उसने इस स्थिति में होने की चुनौतियों को देखा है। वो यह जानती है और वो इतने सालों से इस स्थिति में है। वो जानती है कि सार्वजनिक दबाव को कैसे संभालना है।



# वरुण धवन के साथ 'मुझसे शादी करोगी 2' में हीरो होंगे कार्तिक आर्यन?

पॉपुलर फिल्ममेकर डेविड धवन की कॉमेडी मूवी 'मुझसे शादी करोगी' का सीक्वल बनने की चर्चा जोरों पर है। साल 2004 में रिलीज हुई इस फिल्म में सलमान खान, अक्षय कुमार और प्रियंका चोपड़ा लीड किरदारों में नजर आए थे। बताया जा रहा है कि सीक्वल का नाम 'मुझसे शादी करोगी 2' हो सकता है और इसमें कार्तिक आर्यन लीड रोल में होंगे, जो वरुण धवन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। लेकिन अब इस खबर का सच पता चल गया। इस हफ्ते की शुरुआत में पिंकविला ने अपनी रिपोर्ट किया कि कार्तिक आर्यन और वरुण धवन के बीच 'मुझसे शादी करोगी' में काम करने के लिए बातचीच चल रही है, जिसे जिसे साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। हालांकि, ये अफवाहें सही नहीं हैं।




### क्या है खबर का सच?

एक सोर्स ने बताया, 'ये अफवाहें हैं कि कार्तिक आर्यन की मुझसे शादी करोगी 2 के लिए बातचीत चल रही है। एक्टर फिलहाल अपने मौजूदा प्रोजेक्ट की शूटिंग में बिजी हैं और उनके पास कुछ और प्रोजेक्ट्स भी हैं, जिन्हें वह पहले पूरा करना चाहते हैं।' कार्तिक अप्रैल और मई के पूरे महीने नॉर्थ ईस्ट में अनुराग बसु की अनटाइटल फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं, जिसमें उनके साथ श्रीलीला भी हैं।

# पूजा हेगड़े के कैरियर पर लगा ग्रहण

## पिछली कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर हुईं धड़ाम



अभिनेत्री पूजा हेगड़े हिंदी फिल्मों के साथ-साथ तमिल और तेलुगु फिल्मों में भी लगातार नजर आती हैं। साउथ इंडस्ट्री से करियर की शुरूआत करने वाली पूजा हेगड़े ने बाद में बॉलीवुड में भी काम किया है। मौजूदा वक्त में पूजा हेगड़े उन अभिनेत्रियों में शुमार हैं, जिनके पास फिल्मों की लाइन लगी है और वो लगातार फिल्में कर रही हैं। इन दिनों भी पूजा हेगड़े की तमिल फिल्म 'रेट्रो' सिनेमाघरों में चल रही है। जिसमें वो सूर्या के साथ नजर आ रही हैं। लेकिन पिछले कुछ वक्त से पूजा हेगड़े के करियर पर जैसे ग्रहण सा लग गया है। क्योंकि उनकी पिछली छह फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई हैं। इसमें बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की फिल्में शामिल हैं। हालिया रिलीज 'रेट्रो' भी चार दिनों में 50 करोड़ का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाई है। जानते हैं पूजा की पिछली फिल्मों का कैसा रहा हाल।

### सर्कस

पूजा हेगड़े साल 2022 में रोहित शेट्टी की कॉमेडी फिल्म 'सर्कस' में नजर आई थीं। इस फिल्म में रणवीर सिंह प्रमुख भूमिका में नजर आए थे। लेकिन 'सर्कस' का हाल रोहित शेट्टी की बाकी फिल्मों से पूरी तरह से अलग रहा और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित हो गई।

### आचार्य

2022 में ही पूजा हेगड़े तेलुगु एक्शन फिल्म 'आचार्य' में नजर आई थीं। चिरंजीवी और राम चरण दोनों ही इस फिल्म में एकसाथ नजर आए थे। काफी बज क्रिएट होने के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरफ्लॉप हो गई थी। लगभग 180 करोड़ के बजट में बनकर तैयार हुई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का भी आंकड़ा नहीं छू पाई थी।

### देवा

इसी साल के पहले महीने में पूजा हेगड़े शाहिद कपूर के साथ बॉलीवुड फिल्म 'देवा' में नजर आई थीं। 'देवा' साउथ की ही फिल्म का रीमेक थी। काफी हाइप बनने के बाद भी देवा बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी थी। 'देवा' इंडियन बॉक्स ऑफिस पर 40 करोड़ का भी आंकड़ा पार नहीं कर पाई थी।

### राधे श्याम

पूजा हेगड़े 2022 में प्रभास के साथ एक बहुप्रतीक्षित फिल्म 'राधे श्याम' में नजर आई थीं। इस फिल्म को लेकर काफी बज बना हुआ था और मेकर्स को फिल्म से काफी उम्मीदें थीं। लेकिन जब फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई तो, नतीजे उम्मीदों से उलट सामने आए। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी और उस साल की बड़ी फ्लॉप फिल्मों में शामिल हो गई। फिल्म को न तो क्रिटिक्स ने सराहा और न ही दर्शकों ने इस लव स्टोरी को पसंद किया।

### किसी का भाई किसी की जान

साल 2023 में पूजा हेगड़े बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के साथ 'किसी का भाई किसी की जान' में नजर आई थीं। ईद पर आने के बावजूद सलमान खान और पूजा हेगड़े की ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपना कोई कमाल नहीं दिखा पाई थी। फिल्म को न तो क्रिटिक्स ने सराहा था और न ही दर्शकों को ये फिल्म पसंद आई थी। 132 करोड़ के बजट में बनी यह फिल्म अपना पैसा वसूल नहीं कर पाई थी।

# वन शोल्डर बोल्ड ड्रेस में टीवी की 'संस्कारी बहू' ने इंटरनेट पर लगाई आग

छोटे पर्दे पर अक्सर कई हसीनाएं संस्कारी बहू के किरदार में नजर आती हैं, लेकिन असल जिंदगी में वह बेहद ग्लैमरस और बोल्ड होती हैं. उन्हीं में से अब एक और हसीना ने अपने ग्लैम लुक से फैंस के होश उड़ा दिए हैं. टीवी की दुनिया में जिसे अब तक सबने संस्कारी बहू के रूप में देखा था, उसने अचानक ऐसा अवतार ले लिया कि इंटरनेट का पारा चढ़ गया. हमेशा साड़ी और सिंदूर में नजर आने वाली इस हसीना ने जब वन शोल्डर ड्रेस में अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर कीं, तो हर किसी की नजरें थम गईं.

अपने बोल्ड फोटोज से लोगों के होश उड़ाने वाली ये हसीना कोई और नहीं बल्कि टीवी की 'संस्कारी बहू' दिशा परमार हैं। दिशा ने हाल ही में एक सिजलिंग फोटोजशूट करवाया है, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। उनके इस ग्लैमरस लुक ने फैंस के दिलों की धड़कनें तेज कर दी हैं।

तस्वीरों में दिशा का कैंडिड अंदाज लोगों को खूब पसंद आ रहा है। उनकी मुस्कान,एक्सप्रेशंस और पोज इतने नेचुरल हैं कि हर तस्वीर में चार्म साफ झलक रहा है। फैंस लगातार कमेंट्स में उनकी तारीफ कर रहे हैं। इस फोटोशूट के लिए दिशा ने ब्राउन कलर की वन शोल्डर ड्रेस पहनी। इस ड्रेस में उनका स्लिम और फिट फिगर बेहद खूबसूरत दिख रहा है। कैमरे के सामने उनका कॉन्फिडेंस देखते ही बन रहा है। इसके बाद दिशा 'बड़े अच्छे लगते हैं 2' में भी नजर आईं और फिर से नकुल मेहता के साथ उनकी केमिस्ट्री चर्चाओं में रही। ये शो भी टीआरपी चार्ट में अच्छा परफॉर्म कर चुका है। दिशा की एक्टिंग और स्टाइल दोनों की खूब तारीफ हुई। वहीं अगर बात करें दिशा की पर्सनल लाइफ की तो एक्ट्रेस ने सिंगर राहुल वैद्य से शादी की है। हाल ही में कपल के 5 करोड़ रुपये के दो फ्लैट्स बेचने की खबरें भी आई थीं। दोनों सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर कपल माने जाते हैं।



# जब सनी लियोन ने रति अग्निहोत्री के बेटे के साथ दिए बोल्ड सीन

फिल्म इंडस्ट्री में एक्ट्रेस सनी लियोन की पहचान एक बोल्ड एक्ट्रेस के तौर पर है। वहीं एक्ट्रेस रति अग्निहोत्री अपने जमाने की टॉप एक्ट्रेस रह चुकी हैं। एक्ट्रेस रति के बेटे ने भी फिल्मों में कदम रखे हैं। हम यहां बात कर रहे हैं एक्ट्रेस सनी लियोन मूवी 'वन नाइट स्टैंड' की। फिल्म में शामिल गाने 'इजाजत' में सनी ने बेहद बोल्ड सीन्स दिए हैं। इसमें उनके साथ एक्ट्रेस रति अग्निहोत्री के बेटे तनुज विरवानी नजर आए थें।

यूट्यूब पर मौजूद इस गाने ने अपने रिलीज से तहलका मचा दिया था। 'वन नाइट स्टैंड' मूवी का ये गाना 2 मिनट 18 सेकेंड का है। इस गाने में एक्ट्रेस सनी ने बेहद बोल्ड सीन्स दिए हैं। फिल्म के इस गाने में शामिल एक्ट्रेस के अंतरंग सीन हर युवा को आकर्षित करते हैं। इस गाने को सिंगर अर्जित सिंह ने अपनी आवाज दी है।





इसे आप यूट्यूब पर देख-सुन सकते हैं। गाने में एक्ट्रेस सनी लियोन एक्टर तनुज विरवानी के साथ जबरदस्त रोमांस करते नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस काफी बोल्ड अंदाज में नजर आ रही हैं। बता दें कि थ्रिल से भरपूर फिल्म 'वन नाइट स्टैंड' में काफी इंटीमेट और बोल्ड सीन्स शामिल है। फिल्म साल 2016 में रिलीज हुई थी। फिल्म में एक्ट्रेस सनी लियोन और तनुज विरवानी लीड रोल में हैं।



# श्रीलीला का कार्तिक के बाद अब इस एक्टर संग रोमांस की तैयारी!

साउथ फिल्म इंडस्ट्री की खूबसूरत और टैलेंटेड एक्ट्रेस श्रीलीला अब बॉलीवुड में अपनी मजबूत दस्तक देने जा रही हैं। पूजा हेगड़े, रश्मिका मंदाना जैसी एक्ट्रेसेस के बाद अब श्रीलीला भी हिन्दी फिल्मों की दुनिया में लगातार नजर आ रही हैं। पहले वो कार्तिक आर्यन के साथ रोमांटिक फिल्म की शूटिंग करती दिखीं और अब ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें बॉलीवुड के एक और बड़े नाम सिद्धार्थ मल्होत्रा के अपोजिट काम करने का मौका मिल गया है।

मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि श्रीलीला को सिद्धार्थ मल्होत्रा की अगली फिल्म में कास्ट किया गया है। इस फिल्म का निर्देशन कोई और नहीं बल्कि 'ड्रीम गर्ल'जैसी सुपरहिट फिल्म बना चुके राज शांडिल्य करने वाले हैं। राज को हल्की-फुल्की लेकिन दिल को छू जाने वाली कहानियों के लिए जाना जाता है और अगर ये जोड़ी बनती है तो लोगों को एक मजेदार,नया रोमांटिक एंगल देखने को मिल सकता है। हालांकि अभी तक इस फिल्म को लेकर कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है,लेकिन बॉलीवुड गलियारों में इस खबर को लेकर हलचल तेज हो गई है। उम्मीद जताई जा रही है कि मेकर्स जल्द ही इस नई जोड़ी की कास्टिंग को लेकर ऑफिशियल स्टेटमेंट देंगे।

### वर्कफ्रंट पर व्यस्त हैं दोनों सितारे

अगर श्रीलीला की वर्तमान फिल्मों की बात करें तो उन्हें जल्द ही कार्तिक आर्यन के साथ अनुराग बसु की रोमांटिक ड्रामा फिल्म में देखा जाएगा। फिल्म का टीजर पहले ही सामने आ चुका है, जिसमें दोनों की केमिस्ट्री की झलक ने लोगों का ध्यान खींचा है। दूसरी ओर सिद्धार्थ मल्होत्रा भी इन दिनों बिजी हैं। वो जान्हवी कपूर के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म 'परम सुंदरी' की शूटिंग कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन तुषार जलोटा कर रहे हैं और इसे एक इमोशनल-ड्रामा बताया जा रहा है।

### क्या बनेगी सिद्धार्थ-श्रीलीला की नई हिट जोड़ी?

बॉलीवुड में फ्रेश और अट्रैक्टिव जोड़ियों को लेकर हमेशा से ही लोगों की उत्सुकता बनी रहती है। ऐसे में अगर सिद्धार्थ और श्रीलीला वाकई एक साथ पर्दे पर आते हैं, तो ये नई जोड़ी बॉलीवुड में एक नया रोमांटिक ट्रेंड सेट कर सकती है। श्रीलीला के मासूम और फ्रेश फेस के साथ सिद्धार्थ का चार्म दर्शकों को जरूर पसंद आएगा।